जबलपुर
गुरुवार, 27 मार्च 2025
- चैत मास कृष्ण पक्ष-13
- वर्ष : 19, अंक : 320
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 38
न्यून. 18

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


ईपीएफओ के सदस्यों के लिए अच्छी खबर

## यूपीआई और एटीएम से हो सकेगी पीएफ की निकासी



***मई के अंत से शुरू होगी सुविधा कर्मचारी तत्काल 1 लाख रुपए तक निकाल सकेंगे***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) मई के अंत या जून 2025 की शुरुआत तक एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। इस नए बदलाव के साथ ईपीएफओ के सदस्य यूपीआई और एटीएम के जरिए तत्काल अपना भविष्य निधि (पीएफ) निकाल सकेंगे। इससे कर्मचारियों को अब अपनी पीएफ बचत तक पहुंचने के लिए लंबी और समय लेने वाली प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना पड़ेगा। इस पहल को श्रम और रोजगार मंत्रालय के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है और इसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से मंजूरी मिल गई है।

### राशि की जांच और लेनदेन तुरंत

*कर्मचारी न केवल जल्दी से धन निकालने में सक्षम होंगे, बल्कि अपने शेष राशि की जांच भी कर सकेंगे और तुरंत लेनदेन भी कर सकेंगे। इसके अलावा, ईपीएफओ अपने सदस्यों के लिए पीएफ बचत निकालने के कारणों में भी विस्तार कर रहा है।*

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने दोहराया संकल्प, कहा

# सहकारिता आंदोलन को 4 वर्ष में नए मुकाम पर पहुंचाएंगे, गुजरात की तर्ज पर देंगे दूध पर बोनस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र सहकारिता के क्षेत्र में निश्चित ही नए दौर की नई कहानी लिखेगा। गुजरात में दूध पर बोनस की जिस तरह व्यवस्था है, मप्र भी इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही मप्र में मत्स्य पालन के लिए काफी बड़ा क्षेत्र है। हाल ही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उद्योग क्षेत्र के साथ सहकारिता ने कार्य करने की पहल की है। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन को गति दी जा रही है।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 अंतर्गत हुआ राज्य स्तरीय सम्मेलन

◆ दूध पर बोनस देने के साथ ही अन्य क्षेत्रों की सहकारी संस्थाओं के सदस्यों को करेंगे लाभान्वित



### 90 दिन में होने वाला पंजीयन अब 30 दिन में

*मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सहकारिता के मूल भाव के अनुरूप सहकारी समितियों की कल्पना की। इसे साकार करने के लिए सहकारिता का दायित्व केंद्रीय मंत्री शाह को दिया गया। केंद्र सरकार ने सहकारिता में सभी के कल्याण का ध्यान रखा है। मप्र में भी इसी तर्ज पर कार्य हो रहा है।*

### भारत में प्रचलित व्यवस्थाओं से सीखते हैं अन्य देश

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में सहकारिता का इतिहास पुराना है। भारत में वर्षों पूर्व अश्वमेघ यज्ञ की परंपरा रही थी। लेकिन भारत ने किसी राष्ट्र पर कब्जा नहीं किया। छोटे-छोटे राज्यों की स्वायत्तता को खत्म नहीं होने दिया बल्कि उन्हें साथ लेकर कार्य किया और उनके स्वावलंबन को भी जीवंत रखा। सच्चे अर्थों में संयुक्त राष्ट्र संघ की भावना का पालन करने वाला कोई राष्ट्र है तो वह भारत है। जब यह कहा जाता है सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः ....तो इसका अर्थ है सभी को परस्पर जोड़ना और अपने लाभ में उन्हें सहभागी बनाना।*





inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
हैदराबाद लखनऊ
शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप

### पैसे निकालना होगा महंगा, मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** अब एटीएम से पैसे निकालना महंगा होने वाला है। 1 मई से नियमों के तहत चार्ज देना होगा। यह बढ़ोतरी भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के प्रस्ताव के आधार पर आरबीआई द्वारा अनुमोदित किया है। होम बैंक के एटीएम के बजाय दूसरे बैंक एटीएम से पैसे निकालने पर हर ट्रांजैक्शन पर 17 से बढ़कर 19 रुपए हो जाएगा।



### टैक्स चोरीः सैमसंग पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सैमसंग और उसके अधिकारियों पर 601 मिलियन (लगभग 5,154 करोड़) का बैक टैक्स और जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई टेलीकॉम उपकरणों के आयात पर शुल्क बचाने की कथित हेराफेरी के कारण की गई है। यह मामला हाल के वर्षों में किसी भी कंपनी पर लगाए गए सबसे बड़े कर मांगों में से एक माना जा रहा है।



राणा सांगा पर दिए गए बयान को लेकर करणी सेना का बवाल

# सपा सांसद के घर करणी सेना का हमला, जमकर तोड़फोड़, पथराव में कई पुलिसकर्मी भी घायल



एजेंसी ▶▶ आगरा

राणा सांगा पर विवादित बयान को लेकर सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर बुधवार को करणी सेना ने बवाल मचा दिया। इस दौरान पुलिस के साथ भी झड़प हुई। लाठियां भांजी गईं, तो भगदड़ मच गई। इस दौरान पथराव हो गया। अचानक हुए पथराव से पुलिस के पसीने छूट गए। पथराव में इंस्पेक्टर के साथ कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिसबल मौके पर बुला लिया गया। पुलिस ने बल प्रयोग कर बवालियों को खदेड़ा।

राणा सांगा पर विवादित बयान देने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर करणी सेना घेराव करने पहुंची थी। यहां पर पहले ही पुलिस तैनात थी। करणी सेना के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए आवास के मुख्य द्वार से प्रवेश करने लगे।

*पुलिस के साथ भी झड़प के बाद अतिरिक्त पुलिसबल मौके पर पहुंची, पुलिस ने बल प्रयोग कर बवालियों को खदेड़ा। दिल्ली हाईवे पर भी करणी सेना ने लगाया जाम, पुलिस ने बमुश्किल स्थिति पर काबू पाया।*

सपा सांसद बोले मेरे इस वक्तव्य से कुछ लोगों की भावनाएं आहत हुईं हैं, जबकि मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं था। मुझे इसका खेद है।





### दिल्ली हाईवे कर दिया जाम

राणा सांगा पर सपा के राज्यसभा सांसद द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर आगरा में हंगामा मचा रहा। एक तरफ सांसद के आवास पर हमला बोल दिया गया, तो वहीं दूसरी ओर दिल्ली हाईवे पर करणी सेना ने जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गए। पुलिस के साथ यहां जमकर धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने बमुश्किल स्थिति पर काबू पाया।

हमले के बाद सपा सांसद की सफाई

### कहा- मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं था

बवाल के बाद पूरे प्रकरण में अब सपा सांसद की ओर से पत्र जारी कर सफाई दी गई है। सपा सांसद का कहना है कि मुझे दुख है कि मेरे इस वक्तव्य से कुछ लोगों की भावनाएं आहत हुईं हैं, जबकि मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं था। मुझे इसका खेद है। मैं सभी जाति, वर्गों एवं संप्रदायों का सम्मान करता हूं। उन्होंने लिखा है कि राजपूत समाज के गौरव की अनेक गाथाएं हैं। सामाजिक संरचना में उनका योगदान उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि उनका राजनीतिक जीवन समाजवादी विचारधारा के मूल्यों के प्रति समर्पित रहा है।

### यह है पूरा मामला

*रामजीलाल सुमन ने संसद में कहा था कि अगर मुसलमानों को बाबर का वंशज कहा जाता है, तो हिंदू गद्दार राणा सांगा के वंशज होने चाहिए। हम बाबर की आलोचना करते हैं। लेकिन, हम राणा सांगा की आलोचना क्यों नहीं करते? रामजीलाल के बयान पर जमकर हंगामा हुआ। सांसद सुमन ने कहा कि भाजपा के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। आखिर, बाबर को लाया कौन। इब्राहिम लोधी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा हिंदुस्तान में लाया था। अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो फिर तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। सुमन शुक्रवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा पर बोल रहे थे। हंगामे के बाद सुमन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सूर्यवंशी राजपूतों के सिसोदिया वंश के राणा सांगा 1508 से 1528 तक मेवाड़ के शासक थे। हर कोई इतिहास के पन्नों को पलट रहा है। भाजपा नेताओं से पूछिए कि वे कौन से पन्ने पलट रहे हैं। वे किस बारे में बहस कर रहे हैं? वे औरंगजेब के बारे में बात करना चाहते हैं।*

महादेव बैटिंग ऐप मामले में सीबीआई का बड़ा एक्शन



# दिल्ली से लेकर मप्र-छग में 60 ठिकानों पर रेड

छग के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के यहां सुबह सुबह पहुंची सीबीआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को महादेव बैटिंग एप से जुड़े एक मामले में छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में 60 स्थानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में राजनेताओं, सीनियर नौकरशाहों, पुलिस अधिकारियों, महादेव बुक के प्रमुख अधिकारियों और अन्य निजी व्यक्तियों के ठिकानों पर छानबीन की गई है।



### भोपाल और दतिया में भी हुई छापेमारी

*महादेव एप केस में सीबीआई ने मप्र की राजधानी भोपाल और दतिया में भी अलग-अलग ठिकानों पर छापा मार कार्रवाई की है। भोपाल में बैक एंड शेक के मालिक गिरीश तलरेजा उर्फ दुबई के ठिकानों पर भी सीबीआई ने सर्चिंग की है। उनके आईएसबीटी स्थित होटल पर भी सर्च कार्रवाई की गई है। सीबीआई ने देश के कई बड़े राजनीतिज्ञों, वरिष्ठ नौकरशाहों, पुलिस अधिकारियों, महादेव बुक के प्रमुख कार्यकर्ताओं और मामले में शामिल होने के संदेह में अन्य निजी व्यक्तियों से संबंधित परिसर में सर्चिंग की है।*

### प्रमोटर को दुबई से किया था गिरफ्तार

महादेव एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को नवंबर 2024 में दुबई से गिरफ्तार किया गया था, जब इंटरपोल ने उनके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। यह नोटिस प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर जारी किया गया था। सीबीआई ने बताया कि इस मामले में जांच के दौरान महत्वपूर्ण डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्य बरामद हुए हैं, जिन्हें जब्त कर लियागया है।

एसडीएम ने जब्त किया 4 करोड़ का गेहूं, 55 ट्रक पकड़े

## कार्रवाई से भड़के व्यापारी और किसान, मंडी गेट पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर की कृषि उपज गल्ला मंडी ढोंगा पर सुबह लगभग 9 बजे एसडीएम लोकेंद्र सरल, तहसीलदार कुलदीप सिंह, खाद्य अधिकारी ललित मेहरा ने पुलिस के साथ पहुंचकर छापा मारा और मंडी में अमित ट्रेडर्स के 55 ट्रक सहित 15 हजार क्विंटल माल को जब्त कर लिया। इस कार्रवाई से व्यापारी और किसान जमकर भड़क गए और उन्होंने मंडी गेट पर ताला जड़कर प्रदर्शन शुरु कर दिया। खाद्य विभाग व प्रशासन द्वारा की गई



कार्रवाई के विरोध में मंडी व्यापारी संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा करते हुए अपना काम बंद कर दिया। इससे पहले ढोंगा कृषि उपज मंडी में प्रशासन ने अमित ट्रेडर्स का 55 ट्रको में भरे हुए 15 हजार क्विंटल गेहूं जब्त कर लिया।

तीन महीने बाद खुला हत्या का राज

## योग शिक्षक को 7 फीट गहरे गड्ढे में जिंदा गाड़ा

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

रोहतक के बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में योग शिक्षक जगदीप (45) तीन महीने से लापता थे। मंगलवार को उनका शव चरखी दादरी के पैंतावास कलां गांव में 7 फुट गहरे गड्ढे से बरामद हुआ।

पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या के पीछे मुख्य आरोपी राजकरण (40) था, जिसे शक था कि उसकी पत्नी के जगदीप से



अवैध संबंध थे। जब राजकरण को जगदीप के फोन में अपनी पत्नी की तस्वीर मिली, तो उसने उसे मारने की साजिश रच डाली। जगदीप तीन साल से जनता कॉलोनी में किराए पर रह रहे थे।

जस्टिस वर्मा के घर मिले अधजले नोटों का मामला!

## जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पहुंची दिल्ली पुलिस ने स्टोर रूम और आसपास की जगह को सील किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पहुंचकर उनके स्टोर रूम और आसपास की जगह सील कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि डीसीपी नई दिल्ली देवेश कुमार महला अपनी टीम के साथ घटना वाली जगह पर पहुंचे। आग लगने वाली जगह को जांच कमेटी के कहने पर सील किया है। दिल्ली





पुलिस ने पूरे स्टोर रूम और आसपास की जगह का दौरा किया। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के सरकारी घर से कथित तौर पर आधी जली हुई नकदी मिलने के मामले में लगी याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया।

### क्या है मामला?

*कथित नकदी की बरामदगी 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आवास में आग लगने के बाद हुई। मौके पर अग्निशमन अधिकारी पहुंचे थे। विवाद के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति वर्मा को उनके पैतृक इलाहाबाद उच्च न्यायालय वापस भेजने की सिफारिश की। 22 मार्च को सीजेआई ने आरोपों की आंतरिक जांच करने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया और घटना में दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की जांच रिपोर्ट अपलोड करने का फैसला किया।*

देवास के टोंकखुर्द थाना क्षेत्र का मामला

## सहकारी सोसायटी कर्मचारी से दिनदहाड़े 32 लाख की लूट

बाइक से हेलमेट पहनकर आए दो बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम, पुलिस तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

बुधवार को जिले के टोंकखुर्द थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट की घटना हो गई। पीपलरावां क्षेत्र के जमोनिया की सहकारी सोसायटी से रुपए लेकर टोंकखुर्द सहकारी बैंक में रुपए जमा करवाने जा रहे कर्मचारी के साथ घटना हुई।

कर्मचारी को जमोनिया से बरदू गांव के रास्ते पर एक बाइक पर आए दो बदमाश धमकाकर रुपए से भरा बैग छीनकर भाग निकले। जानकारी अनुसार सोसायटी का



सहायक सचिव मुकेश पटेल किसानों से हो रही ऋण वसूली की करीब 32 लाख रुपए की नकदी एक बैग में लेकर मोटरसाइकिल से टोंकखुर्द जा रहा था। इसी दौरान बाइक से आए बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बदमाशों ने हेलमेट पहने हुए थे। मार्च माह होने से पिछले कुछ दिनों से सोसायटी में किसानों की ऋण वसूली की जा रही है। बताया जा रहा है कि कर्मचारी पूर्व में भी इसी प्रकार रुपए जमा करवाने के लिए जाता रहता है। घटना दोपहर लगभग 3.30 बजे की है। सूचना मिलते ही टोंकखुर्द, सोनकच्छ, पीपलरावां, भौंरासा सहित कई थाना क्षेत्रों में बदमाशों की तलाशशुरू कर दी गई।

प्राइवेट अंगों को छूना रेप नहीं... इलाहाबाद हाई कोर्ट की टिप्पणी पर 'भड़का' सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने 11 साल की लड़की के साथ दुष्कर्म मामले पर संज्ञान लेकर की सुनवाई

# देखकर दुख हो रहा है कि फैसला लिखने वालों में संवेदनशीलता नहीं, आदेश पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुष्कर्ममामलेकोलेकरइलाहाबादहाईकोर्टकी तरफ से दिए गए आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। जजों ने फैसले को असंवेदनशील और अमानवीय बताया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इससे पहले कहा था 'नाबालिग लड़की के ब्रेस्ट पकड़ना और उसके पायजामे के नाड़े को तोड़ना रेप नहीं।' अब इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की और कहा, हमें ये देखकर दुख हो रहा है कि फैसला लिखने वालों में संवेदनशीलता नहीं है।





सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से प्रतिक्रिया मांगी है, कोर्ट ने उन्हें इसके लिए नोटिस जारी किया है।

### क्या है सुप्रीम कोर्ट का फैसला?

- सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कुछ फैसले ऐसे होते हैं कि उन पर रोक लगाना जरूरी हो जाता है।
- इस फैसले के पैराग्राफ 21, 24 और 26 में जिस तरह की बातें लिखी हैं, उनसे लोगों में बहुत गलत मैसेज गया है।
- हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को भी यह देखना चाहिए कि इस जज को संवेदनशील मामलों की सुनवाई करने न दिया जाए।
- जजों ने कहा कि यह फैसला तुरंत नहीं लिया गया, बल्कि सुरक्षित रखने के 4 महीने बाद सुनाया गया। यानी पूरे विचार के बाद फैसला दिया गया है।
- फैसले में कहीं गई कई बातें कानून की दृष्टि से गलत और अमानवीय लगती हैं। ऐसे में हम इस फैसले पर रोक लगा रहे हैं और सभी पक्षों को नोटिस जारी कर रहे हैं।

### नाबालिग बच्ची से जुड़ा है मामला

17 मार्च को आए इस फैसले में हाई कोर्ट ने कहा था कि पीड़िता को खींच कर पुलिया के नीचे ले जाना, उसके ब्रेस्ट को पकड़ना और पायजामे के डोरी को तोड़ना रेप की कोशिश नहीं कहलाएगा। 11 साल की लड़की के साथ हुई इस घटना के बारे में हाई कोर्ट के जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा का निष्कर्ष था कि यह महिला की गरिमा पर आघात का मामला है। इसे रेप या रेप की कोशिश नहीं कह सकते।



# जहां राम के चरण पड़े, रामसेतु बना वहीं देंगे पंबन ब्रिज की सौगात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान राम से जुड़े तीर्थों को नया स्वरूप देने में जुटे हैं। इसी कड़ी में पीएम मोदी अयोध्या के बाद तमिलनाडु में उस जगह से देशवासियों को एक खूबसूरत ब्रिज की सौगात देंगे,जहां कभी प्रभुराम के चरण पड़े थे। रामेश्वरम का पंबन ब्रिज जिस समुद्री क्षेत्र (मन्नार की खाड़ी) के ऊपर बना है, वह वही स्थान माना जाता है जहां से भगवान राम ने लंका जाने के लिए रामसेतु का निर्माण करवाया था। रामनवमी के दिन पीएम मोदी यह ब्रिज देशवासियों को समर्पित करेंगे। इसका लुक गजब का बनाया गया है।

**12.5** मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया

**415** टन है प्रत्येक पत्ते का वजन

**143** खंभे लगे हैं इस पुल में

रामनवमी के दिन पीएम मोदी यह ब्रिज देशवासियों को करेंगे समर्पित

### ब्रिज की खासियत

पंबन ब्रिज न केवल एक इंजीनियरिंग चमत्कार है, बल्कि यह कई कहानियों और संघर्षों का साक्षी भी रहा है। पंबन ब्रिज एक कैंटिलीवर ब्रिज है, जो समुद्र तल से 12.5 मीटर की ऊंचाई पर बना हुआ है। इस पुल का डिजाइन इतना अनूठा है कि यह बीच से खुल सकता है, जिससे समुद्री जहाज आसानी से गुजर सकते हैं। इसे 'डबल-लीफ बेसक्यूल ब्रिज' कहा जाता है। इन पत्तों को मैन्युअल रूप से लीवर की मदद से उठाया और नीचे किया जाता था। प्रत्येक पत्ते का वजन लगभग 415 टन है। पुल में 143 खंभे लगे हैं, जो चक्रवात के वक्त भी इसे मजबूती से खड़ा रखेंगे।

**पीएम मोदी तीर्थों को नया स्वरूप देने में जुटे**




**रामेश्वरम से मंडपम को जोड़ेगा**


पंबन ब्रिज समुद्र पर बना हुआ है और यह रामेश्वरम को भारत की मुख्य भूमि (मंडपम) से जोड़ेगा। वैज्ञानिक अध्ययनों और नासा की तस्वीरों से साफ हो चुका है कि पंबन के पास ही समुद्र में एक प्राचीन चट्टानी श्रृंखला पाई गई है, जो रामसेतु की तरह नजर आती है। माना जाता है कि यह सेतु पंबन से श्रीलंका तक फैला हुआ था। यही वजह है कि सरकार ने इस जगह पर जो पुल बनाया है, उसका नाम पंबन ब्रिज रखा गया है।

**113 साल पहले हुई शुरुआत**

सबसे पहले पंबन ब्रिज का निर्माण 1911 में शुरू हुआ और 1914 में इसे यातायात के लिए खोल दिया गया। यह भारत का पहला समुद्री पुल था। यह पुल मन्नार की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है और रामेश्वरम द्वीप को तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है. 1954 में एक बड़ा हादसा हुआ, जब तूफान के कारण एक ट्रेन पुल से नीचे समुद्र में गिर गई। इसमें कई पैसेंजर्स की मौत हो गई थी। 1964 में आए चक्रवात ने ब्रिज को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया. 2019 में इंडियन रेलवे ने इसकी डिजाइन में बड़े बदलाव किए।


## खबर संक्षेप

### कैंची धाम में भक्तों के लिए अब शटल सेवा शुरू



**कुमाऊं**। कैंची धाम आने वाले भक्तों की भीड़ बढ़ने से उत्पन्न जाम की समस्या से निजात दिलाने पुलिस ने यातायात प्लान तैयार किया है। बाबा के भक्त अब शटल सेवाओं से कैंची धाम पहुचेंगे। जाम से निजात दिलाने, सुगम आवागमन हेतु आईजी कुमाऊं रिधिम अग्रवाल व एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### छात्र ने लोहे की रॉड पर फंदा डाल किया सुसाइड



**कोटा**। राजस्थान के कोटा से फिर छात्र द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जवाहर नगर इलाके में मंगलवार को 17 वर्षीय मेडिकल छात्र ने हॉस्टल के कमरे में लोहे की रॉड से कथित तौर पर फांसी लगा ली। जनवरी से आत्महत्या करने का ये नौवां मामला आया है। नालंदा निवासी हर्षराज मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था।

### हिरासत में रहकर सांसद राशिद संसद में लेंगे भाग




**नई दिल्ली**। दिल्ली हाईकोर्ट ने आतंकी फंडिंग मामले में गिरफ्तार जम्मू-कश्मीर के सांसद अब्दुल राशिद शेख को हिरासत में संसद सत्र में भाग लेने की अनुमति दे दी है। जस्टिस चंद्र धारी सिंह और अनूप जयराम भंभानी की पीठ ने कहा कि पुलिस राशिद उर्फ इंजीनियर राशिद को 26 मार्च से चार अप्रैल के बीच सभी दिनों में संसद तक ले जाएगी और वापस जेल ले आएगी।

### योगी के प्लेन में खराबी आगरा में लैंडिंग



**आगरा**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्लेन में वहां से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही खराबी आ गई। इससे पायलट ने प्लेन को खैरिया एयरपोर्ट की तरफ मोड़ लिया और सुरक्षित इमरजेंसी लैंड कराई। इससे अफसरों में हड़कंप मच गया। योगी को विदा कर लौट चुके अफसर दोबारा भागते हुए पहुंचे। प्लेन को ठीक करने के लिए इंजीनियरों को भी बुलाया गया।

### मुंबई में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, 7 गिरफ्तार



**मुंबई**। पुलिस की क्राइम ब्रांच ने चेंबूर इलाके में देह व्यापार के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया। इस दौरान एक नाबालिग लड़की सहित 5 महिलाओं को बचाया गया और 2 दलालों को गिरफ्तार किया। 2 व्यक्ति अवैध गतिविधि के तहत महिलाओं को एक रेस्टोरेंट में लाने वाले हैं। इसकी पुष्टि के लिए पुलिस ने एक एनजीओ की मदद से नकली ग्राहक भेजा।

---

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने विपक्ष के नेता राहुल को दी सख्त हिदायत

**स्पीकर बिरला की नसीहत**

# सदन की गरिमा व उच्च मानकों के लिए विपक्ष के नेता नियमों का पालन करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सख्त हिदायत दी। उन्होंने कांग्रेस नेता से सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए नियमों का पालन करने को कहा। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि अध्यक्ष ने यह टिप्पणी क्यों की? स्पीकर ने कहा कि सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे सदन के उच्च मानकों और गरिमा को बनाए रखने के लिए ऐसा आचरण करें। अध्यक्ष ने कहा कि मेरे संज्ञान में कई ऐसे मामले आए हैं, जहां सदस्यों का आचरण मानकों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सदन में पिता और पुत्री, माता और पुत्री, पति और पत्नी सदस्य रहे हैं। इस संदर्भ में मैं विपक्ष के नेता से अपेक्षा करता हूं कि वे नियम 349 के अनुसार आचरण करें, जो सदन में सदस्यों द्वारा पालन किए जाने वाले नियमों से संबंधित है। इस पर राहुल ने कहा कि मैंने तो कुछ भी नहीं बोला, मैं तो चुपचाप बैठा था। विपक्ष को बोलने ही कहा दिया जाता था।

> अध्यक्ष ने कहा कि मेरे संज्ञान में कई ऐसे मामले आए हैं, जहां सदस्यों का आचरण मानकों के अनुरूप नहीं है। सभी को शांतिके साथ मुद्दे रखने चाहिए

**सभी सदस्यों को नियम 349 के अनुसार आचरण करना चाहिए**

### सदन की मर्यादा और शालीनता बनाए रखें



स्पीकर बिरला ने कहा कि आपसे सदन की मर्यादा और शालीनता के उच्च मानदंडों को बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है। मेरी जानकारी में ऐसे कई मामले हैं, जब सांसदों का आचरण सदन की मर्यादा और परंपराओं के उच्च मानदंडों को बनाए रखने के अनुरूप नहीं था। विपक्ष के नेता से विशेष रूप से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपना आचरण बनाए रखें।

**70 सांसदों ने स्पीकर से मुलाकात की**

इस बीच पार्टी सूत्रों ने बताया कि लोकसभा के उपनेता गौरव गोगोई, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और लोकसभा में पार्टी के सचेतक मणिकम टैगोर सहित कांग्रेस के करीब 70 लोकसभा सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की और राहुल को सदन में बोलने का मौका न दिए जाने का मुद्दा उठाया।

**राहुल का आरोप**

### उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा, क्या चल रहा?




नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मुझे नहीं पता कि क्या चल रहा है? मेरी अपील है कि मुझे बोलने दिया जाए, लेकिन जब भी मैं खड़ा होता हूं, मुझे बोलने नहीं दिया जाता। ये सदन चलाने का तरीका नहीं है। बिरला ने नेता प्रतिपक्ष को सदन में नियमों के तहत आचरण करने की सलाह दी थी। राहुल ने कहा कि एक कन्वेंशन है कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने दिया जाता है। सदन किस प्रकार चल रहा है?

**अलोकतांत्रिक ढंग से चल रहा सदन**

राहुल ने दावा किया कि उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा है और सदन को अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष ने उनके बारे में टिप्पणी की और फिर उन्हें बोलने का मौका दिए बिना सदन को स्थगित कर दिया। पिछले सप्ताह उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई थी।

### शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस दिया



कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस पेश किया। इसमें उन पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी पर आक्षेप लगाने का आरोप लगाया। राज्यसभा के सभापति को दिए नोटिस में कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष के खिलाफ उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के पूर्व नियोजित मकसद से निराधार आरोप लगाए हैं।

**गृहमंत्री शाह का कांग्रेस पर वार**



### विचारों की गरीबी खत्म करने का उपाय हमारे पास नहीं

लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश में बहुत से लोगों के पास भौतिक संपदा तो है, लेकिन देश में विचारों की गरीबी अभी भी खत्म नहीं हुई है और मैं इसे अपने सामने देख सकता हूं। विचारों की गरीबी को खत्म करने का उपाय पीएम मोदी के पास नहीं है। हम इसे कैसे दूर कर सकते हैं? यह पार्टी पदानुक्रम में ऊपर से नीचे तक आता है। वैचारिक समस्या का कोई इलाज नहीं है। पूंजी के बिना किसी व्यक्ति को उद्यमिता से जोड़ने का एकमात्र तरीका सहकारी क्षेत्र है, जिसके माध्यम से करोड़ों लोग 100की पूंजी के साथ एक साथ आ रहे हैं और अपना उद्यम शुरू कर रहे हैं, समान रूप से रह रहे हैं, नौकरी पा रहे हैं और स्वरोजगार के माध्यम से देश के विकास में योगदान दे रहे हैं।

### बंगाल में खिलेगा कमल तो आयुष्मान भारत होगा लागू

शाह मुफ्त राशन, आवास और दवा उपलब्ध करानेसरकार के प्रयासों का ब्योरा दे रहे थे, तो विपक्षी सदस्यों की ओर से जोरदार असहमति को देखते हुए उन्होंने कहा कि राजधानी में कमल खिलने के बाद आयुष्मान भारत दिल्ली में भी आया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य योजना चुनावों के बाद पश्चिम बंगाल में भी आएगी।

---

**भारत-चीन सीमा तंत्र की 33वीं बैठक**

## दोनों देश सीमा पर शांति व सौहार्द के लिए सहमत

**सीमा पर नदियों और कैलाश-मानसरोवर यात्रा पर की चर्चा**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की मंगलवार को बीजिंग (चीन) में 33वीं बैठक हुई, जिसमें ट्रांस-बॉर्डर नदियों और कैलाश-मानसरोवर यात्रा पर क्रॉस-बॉर्डर सहयोग और आदान-प्रदान फिर से शुरू करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) गौरांगलाल दास ने किया। चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा एवं महासागरीय मामलों के विभाग के महानिदेशक हांग लियांग ने किया। इस दौरान गौरांगलाल दास ने चीन सहायक विदेश मंत्री हांग लेई से शिष्टाचार भेंट की।

**निर्णयों को प्रभावी बनाने पर चर्चा**

*दोनों पक्ष ने स्वीकारा की समग्र द्विपक्षीय संबंधों के सुचारू विकास के लिए सीमा पर शांति और सौहार्द महत्वपूर्ण है। साथ ही दिसंबर 2024 में बीजिंग में भारत-चीन सीमा प्रश्न पर विशेष प्रतिनिधियों की 23वीं बैठक के दौरान किए गए निर्णयों को प्रभावी बनाने और प्रभावी सीमा प्रबंधन को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न उपायों और प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने इस दिशा में प्रासंगिक राजनयिक और सैन्य तंत्र को बनाए रखने और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने सीमा पार सहयोग और आदान-प्रदान को शीघ्र बहाल करने पर भी विचार-विमर्श किया, जिसमें सीमा पार नदियों और कैलाश-मानसरोवर यात्रा पर विचार-विमर्श शामिल है।*

**एलओसी पर स्थिति की समीक्षा की**

मंत्रालय के अनुसार सकारात्मक और रचनात्मक माहौल में आयोजित इस बैठक में भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति की व्यापक समीक्षा की गई। दोनों पक्ष विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की अगली बैठक के लिए पर्याप्त तैयारी करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए। यह बैठक इस साल के अंत में भारत में आयोजित की जाएगी।

---

**परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में बदलाव**

## अब कक्षा 3 के बच्चे एनसीईआरटी की किताबें पढ़ेंगे, भाषाएं सीखेंगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



■ क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देंगे

परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में कक्षा तीन के छात्रों के लिए नए शैक्षिक सत्र 2025-26 से एक महत्वपूर्ण बदलाव होने जा रहा है। अब से छात्रों को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की किताबें पढ़ाई जाएंगी। इस बदलाव का उद्देश्य शिक्षा में गुणवत्ता सुधारना और विद्यार्थियों को बेहतर सामग्री उपलब्ध कराना है। हिंदी के पाठ्यक्रम में भी कई नई और रोचक चीजें जोड़ी गई हैं, जिनसे छात्रों का ज्ञानवर्धन होगा। हिंदी में क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए एक अहम कदम उठाया गया है। अब ब्रज, अवधी, बुंदेली और भोजपुरी के लोकगीत भी विद्यार्थियों को पढ़ाए जाएंगे। इससे छात्रों को क्षेत्रीय भाषाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी। हिंदी पाठ्यक्रम में भारत है मेरा घर, भारत के प्रसिद्ध शहरों के नाम और देश की

**कर्नाटक हनी-ट्रैप मामला**

## सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच मांग की याचिका की खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ नेताओं के आरोपों से मचा हड़कंप

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक राज्य में एक मंत्री और अन्य राजनेताओं से जुड़े कथित हनी-ट्रैप प्रयास की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की तीन सदस्यीय बेंच ने यह फैसला सुनाया। यह याचिका सामाजिक कार्यकर्ता बिनय कुमार सिंह ने दायर की थी, जिसमें जांच की निगरानी शीर्ष अदालत या फिर सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता वाली एक समिति से करने की मांग की गई थी। मामले में याचिकाकर्ता के वकील बरुण कुमार सिन्हा ने अदालत में कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स में जो आरोप लगाए गए हैं, इस पर गहन जांच की आवश्यकता है। यह भी कहा गया कि कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा न्यायाधीशों को हनी ट्रैप में फंसाना न्यायपालिका की स्वतंत्रता गंभीर खतरा है।

**मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बीएलओ के पहले प्रशिक्षण का किया उद्घाटन**

## 1 लाख से अधिक बूथ स्तर के अधिकारियों को किया जाएगा प्रशिक्षित, नाम जुड़ेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को नई दिल्ली में बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) के पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कुछ वर्षों में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में औसतन 10 मतदान केंद्रों पर एक बीएलओ के आधार पर 1 लाख से अधिक बूथ स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। आयुक्त ने बल दिया कि केवल सामान्य रूप से निर्वाचन क्षेत्र में निवासरत 18 वर्ष से अधिक आयु के भारत के नागरिकों को मतदाता के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है।

### मतदाता सूची अद्यतन करने घर-घर जाएं

**मतदाताओं के साथ बातचीत में विनम्र रहें**



ज्ञानेश ने कहा कि सभी बीएलओ को मतदाता सूची अद्यतन करने घर-घर जाकर सत्यापन के दौरान मतदाताओं के साथ बातचीत में विनम्र होना चाहिए। आयोग लगभग 100 करोड़ मतदाताओं के साथ खड़ा था, है और हमेशा खड़ा रहेगा। यह अनूठा क्षमता निर्माण कार्यक्रम कई चरणों में चलेगा। इसके पहले चरण में चुनाव वाले राज्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के 109 बीएलओ इस 2 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। साथ ही, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु के 24 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और 13 जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) भी इसमें भाग ले रहे हैं।

---

**गर्मी शुरू होने से एयरलाइन कंपनियां फ्लाइट्स की संख्या बढ़ाएंगी**

# 25,610 फ्लाइट्स प्रति सप्ताह ऑपरेट करेंगी एयरलाइंस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गर्मी का सीजन शुरू होने के साथ ही एयरलाइन कंपनियों ने फ्लाइट्स की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। भारत की कमर्शियल एयरलाइन गर्मी के सीजन में 25,610 फ्लाइट्स प्रति सप्ताह ऑपरेट करेंगी। इसमें पिछले साल के मुकाबले 5.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने यह जानकारी दी। गर्मी का सीजन 30 मार्च से 25 अक्टूबर तक होगा। इस सीजन में फ्लाइट्स की संख्या सर्दियों के सीजन के मुकाबले 2.5 प्रतिशत अधिक है।




### नागर विमानन महानिदेशालय ने दी मंजूरी




**इंडिगो सर्वाधिक साप्ताहिक घरेलू फ्लाइट्स उड़ाएगी**

इंडिगो सबसे अधिक साप्ताहिक घरेलू फ्लाइट्स संचालित करेगी। इस दौरान देश की सबसे बड़ी एयरलाइन प्रति सप्ताह 14,158 प्रस्थान करेगी। एयर इंडिया (4,310) और एयर इंडिया एक्सप्रेस (3,375) का स्थान है। स्पाइसजेट के स्लॉट्स में 25 प्रतिशत की गिरावट हुई है और प्रस्थान की संख्या पिछले साल के 1,657 के मुकाबले इस साल 1,240 रह गई है।

**एविएशन सेक्टर मजबूत हो**

भारत का एविएशन सेक्टर मजबूत बना हुआ है। फरवरी में घरेलू यात्रियों की संख्या में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 11.04 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। आईसीआरए की ओर से कहा गया कि चालू वित्त वर्ष के 11 महीनों में घरेलू स्तर पर 15.51 करोड़ यात्रियों ने हवाई यात्रा की है। इसमें पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 7.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

### एयरलाइनों के प्रस्तावित नए हवाई अड्डे

डीजीसीए ने यह भी बताया कि एलायंस एयर और फ्लाईबिग जैसी क्षेत्रीय एयरलाइनों की उड़ानों की संख्या में क्रमशः 41.96 प्रतिशत और 30.98 प्रतिशत की कमी आई है। नए शेड्यूल के अनुसार 129 हवाई अड्डों में से अंबिकापुर, दतिया, बीदर, पोरबंदर, पकयांग, रीवा और सोलापुर एयरलाइनों द्वारा प्रस्तावित नए हवाई अड्डे हैं, जबकि आजमगढ़ और रूपसी हवाई अड्डों से परिचालन 2025 में निलंबित कर दिया गया है। नवी मुंबई हवाई अड्डे और नोएडा हवाई अड्डे को इस शेड्यूल में शामिल नहीं किया।

**पलायन रोको पदयात्रा में बनगांव गए थे**


## कांग्रेस नेता कन्हैया के लौटने पर दुर्गा मंदिर को गंगाजल से धोया

एजेंसी ▶▶ सहरसा

पलायन रोको पदयात्रा के तहत मंगलवार की देर रात बनगांव पहुंचे थे। बनगांव स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में उन्होंने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया था। बुधवार को गांव के कुछ युवकों ने उसे गंगाजल से धोया। नगर पंचायत बनगांव वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित चौधरी के अगुआई में विष्णु, माखन,आनंद, सुरज,सरोज व बादल ने कहा कि रात में कन्हैया जो देश में विवादित बयान दिया था जो सब को याद होगा। इसी कारण उस पर देशद्रोह का भी आरोप लगा था। उन लोगों ने



कहा कि बनगांव के भगवती स्थान में जिस जगह कन्हैया ने भाषण दिया था, उसे गंगाजल से शुद्ध कर दिया। अब यह स्थान पवित्र हो गया है। जिस जगह को गंगाजल से धोया गया, वहीं पर लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक पाग, चादर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया था।


• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक

पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111

## भारतीय चुनाव व्यवस्था के कायल हुए डोनाल्ड ट्रंप

# अमेरिकी राष्ट्रपति ने इलेक्शन सिस्टम को बताया आदर्श, अपने देश की चुनाव प्रणाली में की सुधार की बात, जारी कर दिया नया आदेश

ट्रंप ने कहा कि धोखाधड़ी, त्रुटियों या संदेह से अछूते स्वतंत्र, निष्पक्ष और ईमानदार चुनाव हमारे संवैधानिक गणराज्य को बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। अमेरिकी नागरिकों का यह अधिकार है कि उनके मतों की सही तरीके से गणना की जाए और उन्हें बिना किसी अवैध छेड़छाड़ के सारणीबद्ध किया जाए

### *अमेरिकी चुनावों के लिए सुरक्षित और समान मतदान प्रणाली की आवश्यकता*

### *गैर-अमेरिकी नागरिकों को कुछ चुनावों में दान करने से भी रोकने का प्रस्ताव*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी चुनाव प्रणाली में बदलाव लाने की बात कही है। इसके लिए उन्होंने एक आदेश जारी किया है। इसमें चुनाव संचालन के तरीके में बदलाव की बात कही गई है। इस आदेश में मतदाताओं से उनकी अमेरिकी नागरिकता को साबित करने और यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि चुनाव के दिन तक केवल मेल-इन या पोस्टल बैलेट मतपत्र ही गिने जाएं। इसके अलावा, गैर-अमेरिकी नागरिकों को कुछ चुनावों में दान करने से भी रोकने का प्रस्ताव है। ट्रंप ने भारत और ब्राजील जैसे देशों के चुनाव प्रथाओं का उदाहरण दिया और तर्क दिया कि अमेरिका "बुनियादी और आवश्यक चुनाव सुरक्षा" को लागू करने में विफल रहा है, जो पहले से ही कई विकसित और विकासशील देशों में मानक बन चुके हैं। उन्होंने जोर दिया कि धोखाधड़ी, त्रुटियों या संदेह से अछूते स्वतंत्र, निष्पक्ष और ईमानदार चुनाव हमारे संवैधानिक

### भारत मतदाता पहचान को बायोमेट्रिक डेटाबेस से जोड़ रहा

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और ब्राजील मतदाता पहचान को बायोमेट्रिक डेटाबेस से जोड़ रहे हैं, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका नागरिकता के लिए काफी हद तक स्व-सत्यापन पर निर्भर है। उन्होंने अमेरिका में मतपत्र प्रसंस्करण के असंगत दृष्टिकोण की आलोचना की। उन्होंने जर्मनी और कनाडा जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि जर्मनी और कनाडा में मतों की गणना करते समय कागज के मतपत्रों की आवश्यकता होती है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में कई तरीके हैं, जिनमें अक्सर बुनियादी सुरक्षा का अभाव होता है।

### 66 अरब डॉलर का निर्यात बचाने की कवायद में जुटा भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल से भारत समेत कई देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की है। यह तारीख धीरे-धीरे करीब आ रही है। भारत अमेरिका से आने वाले 23 अरब डॉलर के सामान पर टैरिफ कम करने पर विचार कर रहा है। इसका मकसद 66 अरब डॉलर के निर्यात को बचाना है। चीन के बाद अमेरिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है और भारत उसे किसी भी हाल में खोना नहीं चाहता है। दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। भारत इस समझौते के पहले चरण में अमेरिका से आने वाले आधे से ज्यादा सामान पर टैरिफ घटाने को तैयार है। यह कटौती कई साल में सबसे बड़ी होगी।

### मतों की सही तरह से गणना अमेरिकी नागरिकों का अधिकार

अमेरिकी नागरिकों का यह अधिकार है कि उनके मतों की सही तरीके से गणना की जाए और उन्हें बिना किसी अवैध छेड़छाड़ के सारणीबद्ध किया जाए, चुनाव के वास्तविक विजेता का निर्धारण करने के लिए महत्वपूर्ण है।

### 55 प्रतिशत सामान पर घटेगा टैरिफ


समझौते के तहत, भारत अमेरिका से आने वाले 55% सामान पर टैरिफ कम करने को तैयार है। इन सामान पर अभी 5% से 30% तक टैरिफ लगता है। सूत्रों ने बताया कि भारत 23 अरब डॉलर से ज्यादा के अमेरिकी सामान पर टैरिफ को काफी हद तक कम करने या पूरी तरह से हटाने को भी तैयार है। अमेरिका का ट्रेड-वेटेड एवरेज टैरिफ लगभग 2.2% है जबकि भारत का 12% है। अमेरिका को भारत के साथ व्यापार में 45.6 अरब डॉलर का घाटा है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि मांस, मक्का, गेहूं और डेयरी उत्पादों पर टैरिफ 30% से 60% तक है। उन पर कोई बात नहीं होगी। लेकिन बादाम, पिस्ता, ओटमील और क्विनोआ पर टैरिफ कम किया जा सकता है।

### सऊदी अरब में यूक्रेन और अमेरिका के बीच वार्ता खत्म

# काला सागर में सैन्य कार्रवाई समाप्त करने पर दोनों सहमत

एजेंसी ▶▶ रियाद

रूस और यूक्रेन ने अमेरिका की मध्यस्थता में हुई वार्ता के दौरान काला सागर और ऊर्जा स्थलों पर सैन्य हमलों को रोकने पर सहमति व्यक्त की है। वार्ता सोमवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में रूसी और अमेरिकी प्रतिनिधियों के बीच 12 घंटे से ज्यादा समय तक चली बैठक के बाद हुई। वहीं, मंगलवार को व्हाइट हाउस ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान प्रकाशित किया, जिसमें रविवार और मंगलवार के बीच यूक्रेन के साथ हुई




दो दौर की वार्ता के परिणामों की सूची दी गई। बयान के अनुसार,अमेरिका और यूक्रेन ने काला सागर में सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने, बल का उपयोग खत्म करने और सैन्य उद्देश्यों के लिए वाणिज्यिक जहाजों के इस्तेमाल को रोकने पर सहमति जताई है।

### युद्धबंदियों की करेंगे रिहाई

इसके अलावा, अमेरिका ने युद्धबंदियों की अदला-बदली, नागरिक बंदियों की रिहाई और जबरन स्थानांतरित किए गए यूक्रेनी बच्चों की वापसी में मदद करने का वादा किया। दोनों पक्षों ने रूस और यूक्रेन की ऊर्जा केंद्रों पर हमलों पर रोक लगाने के लिए दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच हुए समझौते को लागू करने के उपायों पर सहमति जताई। वे स्थायी शांति हासिल करने के लिए काम जारी रखने पर भी सहमत हुए।

### जाफर एक्सप्रेस हमले में चार मददगार गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले मामले में बलूचिस्तान पुलिस के आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) ने चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। उन पर 11 मार्च को बोलन जिले में जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक करने और 400 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाने में शामिल बलोच लड़ाकों की कथित तौर पर मदद करने का आरोप है। हमलावरों की पहचान के प्रयास भी जारी हैं। हमले में मारे गए लड़ाकों के अवशेष फॉरेंसिक साइंस एजेंसी को भेजे गए हैं।



### जयशंकर की विशेष यूएन दूत से मुलाकात

# म्यांमार सीमा स्थिरता और शरणार्थी मुद्दे पर हुई चर्चा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव की विशेष दूत जूली बिशप से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं ने म्यांमार की सीमा स्थिरता, शरणार्थी स्थिति, म्यांमार से जुड़े अंतरराष्ट्रीय अपराध और आर्थिक सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने बैठक के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि दिल्ली में म्यांमार पर यूएन महासचिव की विशेष दूत जूली बिशप से मिलकर खुशी हुई। हमने म्यांमार सीमा स्थिरता, शरणार्थी स्थिति, अंतरराष्ट्रीय अपराध और आर्थिक सहयोग पर विचार-विमर्श किया। साथ ही राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा की। बता दें, बिशप को अप्रैल 2024 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने म्यांमार के लिए विशेष दूत नियुक्त किया था।

### श्रीनगर में पर्यटकों के लिए खुला ट्यूलिप गार्डन

*श्रीनगर। जम्मू कश्मीर स्थित श्रीनगर में डल झील के ऊपर जबरवान रेंज की तलहटी में स्थित प्रतिष्ठित ट्यूलिप गार्डन आधिकारिक तौर पर आगंतुकों के लिए खोल दिया गया है। बुधवार को जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। उद्घाटन के बाद सीएम ने गार्डन का दौरा किया और गैर-स्थानीय पर्यटकों से बातचीत की। पर्यटकों ने कश्मीर की अद्वितीय सुंदरता वाले गार्डन की प्रशंसा व्यक्त की। प्रतिष्ठित ट्यूलिप गार्डन में 74 बेहतरीन किस्मों के 1.7 मिलियन से अधिक फूल लगे हैं। बता दें, ट्यूलिप गार्डन को पहले मॉडल फ्लोरीकल्चर सेंटर के नाम से जाना जाता था। यह एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन है जो लगभग 30 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यह जबरवान रेंज की तलहटी में स्थित है और यहां से डल झील का नजारा दिखता है।*

### लुकाशेंको ने सातवीं बार ली राष्ट्रपति पद की शपथ

**मिन्स्क।** बेलारूस के अधिनायकवादी नेता अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने मंगलवार को सातवीं बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली। उन्होंने अपने उन आलोचकों का मजाक उड़ाया जिन्होंने 'यूरोप का अंतिम तानाशाह' कहा था। लुकाशेंकों ने कहा कि उनके देश में उन देशों से अधिक लोकतांत्रिक है, जो खुद को इसका आदर्श मानते हैं। आधी दुनिया हमारे तानाशाही के मॉडल के सपने देख रही है, जिसमें वास्तविक असली व्यापार और हमारे लोगों के हित प्राथमिकता में हैं।



### तंगहाल पाकिस्तान को मिली संजीवनी

# आईएमएफ ने 1.3 अरब डॉलर का ऋण किया मंजूर

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए 1.3 अरब डॉलर का ऋण मंजूर किया है और अपने बेलआउट पैकेज की पहली किस्त जारी कर दी है। यह ऋण पाकिस्तान के जलवायु लचीलापन कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए है, जिसमें जलवायु परिवर्तन से होने वाले नकरात्मक प्रभावों से निपटने के उपायों को लागू किया जाएगा। यह बेलआउट पैकेज 37 महीने की अवधि में 7 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है, और इसके तहत आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1 अरब डॉलर की पहली किस्त जारी की है। इससे पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है, क्योंकि इसके जरिए वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, आईएमएफआईएमएफ ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान को वैश्विक आर्थिक स्थितियों और भू-राजनीतिक संकटों से जूझते हुए अपने आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाना होगा।

वित्त मंत्रालय MINISTRY OF FINANCE

जीएसटी करदाता
ध्यान दें!

जिन करदाताओं का सकल वार्षिक टर्नओवर# एक विनिर्दिष्ट सीमा* तक है वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जीएसटी कंपोजिशन योजना का विकल्प 31 मार्च, 2025 तक चुन सकते हैं।

पात्र करदाता, जो कंपोजिशन योजना का लाभ उठाने के इच्छुक हैं, वे जीएसटी पोर्टल (www.gst.gov.in) पर निम्न प्रक्रिया द्वारा कंपोजिशन योजना का विकल्प चुन सकते हैं:



करदाता इंटरफेस पर लॉगिन करें
'Services › Registration › Application to Opt for Composition Levy' पर जाएं
फॉर्म GST CMP-02 भर कर जमा करें

पहले से कंपोजिशन योजना का लाभ उठा रहे पात्र करदाताओं को फॉर्म GST CMP-02 दाखिल करना आवश्यक नहीं है

आसान और सुविधाजनक अनुपालन
आकर्षक कर दरें
न्यूनतम अनुपालन आवश्यकताएं
स्वतः नवीकरण और योजना को छोड़ना भी सरल
माल एवं सेवाओं की आपूर्तिकर्ताओं के लिए उपलब्ध
कम बही खातों की आवश्यकता

| * आपूर्तिकर्ताओं के प्रकार | | # वित्त वर्ष 2024-25 में सकल वार्षिक टर्नओवर |
|---|---|---|
| माल के आपूर्तिकर्ता | 08 विनिर्दिष्ट राज्यों में पंजीकृत करदाता | रु. 75 लाख तक |
| | अन्य राज्यों में पंजीकृत करदाता | रु. 150 लाख तक |
| सेवाओं के आपूर्तिकर्ता | | रु. 50 लाख तक |

अधिक जानकारी के लिए कृपया जीएसटी अधिनियम की धारा 10, सीजीएसटी नियम 3 से 7 और अधिसूचना सं. 14/2019-केन्द्रीय कर दिनांक 07.03.2019, को देखें।

जीएसटी कंपोजिशन योजना: छोटे करदाताओं के लिए बड़े लाभ

कृपया स्कैन करें

CBC 15502/13/0010/2425

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड
@cbicindia @cbic_india @cbicindia @cbicindia @CBIC India

## चिंतन

# दुष्कर्म पर असंवेदनशील टिप्पणी पर रोक उचित

इन दिनों जजों की साख कटघरे में है। एक तरफ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक जज के आवास परिसर में मिले अधजले नकदी मामले के चलते न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों पर बात हो रही है, तो दूसरी तरफ इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक जज की दुष्कर्म पर असंवेदनशील टिप्पणी के चलते कानून व उसकी व्याख्या को लेकर समझ पर प्रश्न उठना लाजिमी है और ऐसी अमानवीय टिप्पणी के पीछे भ्रष्ट आचरण की आशंका भी जायज है। सर्वोच्च अदालत ने दोनों ही मामले में सक्रियता दिखा कर न्याय के प्रति जनमानस के विश्वास को कायम रखने की कोशिश की है। दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के आवास परिसर में मिले अधजले नोट की जांच तेजी से चल रही है, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज की टिप्पणी पर संज्ञान लिया है। उच्चतम न्यायालय ने दुष्कर्म पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की टिप्पणियों को असंवेदनशील और अमानवीय कहा और बलात्कार संबंधी हालिया दृष्टिकोण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए रोक लगा दी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के गत 17 मार्च के एक आदेश में कहा गया था कि महज ...पकड़ना और 'पायजामे' का नाड़ा ...बलात्कार के अपराध के दायरे में नहीं आता। सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने इसे 'बेहद गंभीर मामला' करार दिया। दुष्कर्म को लेकर हमारे अनेक नेताओं की ओर से अनर्गल, असंवेदनशील और अमान्य टिप्पणियां कई बार आईं हैं, लेकिन न्यायालय से हमेशा कानून सम्मत टिप्पणी की अपेक्षा की जाती है। जिस देश में महिलाओं के खिलाफ यौन अपराध के आंकड़े डराने वाले हों, उस देश की किसी हाई कोर्ट से ऐसी अमानवीय टिप्पणी की उम्मीद कैसे की जा सकती है? सुप्रीम कोर्ट को कोई ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिसमें निचली अदालत से लेकर उच्च अदालत तक के जजों की कानून को लेकर समझ व व्याख्या की नियमित स्क्रूटनी की जा सके। सर्वोच्च नयायालय ने कहा, 'चूंकि पैराग्राफ 21, 24 और 26 में की गई टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अलग हैं और असंवेदनशील और अमानवीय दृष्टिकोण वाली हैं, इसलिए हम उक्त टिप्पणियों पर स्थगन देने के लिए इच्छुक हैं। दरअसल 'वी द वूमेन ऑफ इंडिया' नामक संगठन ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों को प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना के संज्ञान में लाया, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। उच्च न्यायालय की विवादास्पद टिप्पणियों पर रोक लगाने का लीगल तात्पर्य यह है कि किसी तरह की विधिक प्रक्रिया में इनका आगे इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को कानून सम्मत उचित कदम उठाना चाहिए। अभी सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश से संबंधित मामले में संज्ञान लेते हुए शुरू की गई कार्यवाही में केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया है। न्याय के मंदिर में असंवेदनशील टिप्पणियों के प्रति सख्त रुख जरूरी है। न्याय प्रणाली में पारदर्शिता, गुणवत्ता और योग्यता की स्थापना और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस के लिए व्यापक स्तर पर न्यायिक सुधार को लागू किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति अधिनियम को लागू करने पर यथाघीघ्र विचार किया जाना चाहिए। देश के जज अपनी संवैधानिक व न्यायिक जिम्मेदारी को समझें और आम मानस के अदालत के प्रति विश्वास को खंडित नहीं होने दें।

## विश्व रंगमंच दिवस

ऋतुपर्ण दवे



# कला व अभिव्यक्ति से विश्व को अनूठा संदेश

आज विश्व रंगमंच दिवस है। रंगमंच शब्द ग्रीक शब्द 'थिएट्रॉन' से लिया गया है जिसका अर्थ है 'देखने की जगह'। भारत में रंगमंच का इतिहास बहुत पुराना है। भरत मुनि को नाट्यशास्त्र के लिए जाना जाता है। शुरू से यही वो माध्यम है जिसे समझकर उसके सौंदर्य और महत्व के साथ मनोरंजन के माध्यम से दैनिक जीवन में जश्न यानी खुशी प्रदर्शित की जाती है। विश्व रंगमंच दिवस इसी का प्रतीक है। रंगमंच वह विधा भी है जिससे दुनिया भर की सरकारों, राजनेताओं, संस्थानों और हितधारकों को भी मंच के जरिए सूचित व सचेत किया जाता है कि समाज की ऐसी संस्थाओं और लोगों के प्रति कैसी जनधारणा है। वास्तव में यह अभिव्यक्ति की वह कला है जिसमें कलाकार वास्तविक जीवन या घटनाओं का एक तरह से नाट्य रूपांतरण यानी रिक्रिएशन करते हैं, दोहराते और याद दिलाते हैं। इसे मनाने की शुरुआत 1961 से हुई थी। 27 मार्च, 1962 को विश्व रंगमंच दिवस अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान केंद्रों, उसके सहयोगी सदस्यों, रंगमंच पेशेवरों और रंगमंच संगठनों द्वारा मनाया गया। अब,यह दिन विश्व के 90 से अधिक देशों में मनाया जाता है, जिसमें दुनिया भर के रंगमंच विश्वविद्यालय, अकादमियां, स्कूल और रंगमंच प्रेमी शामिल होते हैं।

संस्कृति, शिक्षा, शांति और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस दिन एक विशेष संदेश जारी किया जाता है, जो किसी प्रमुख रंगमंच हस्ती द्वारा लिखा जाता है। यह संदेश रंगमंच की भूमिका और इसके सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डालता है। हर वर्ष इसकी एक अलग थीम होती है। इस बार की थीम 'रंगमंच और शांति की संस्कृति' है। जैसा कि नाम से ही साफ है, इस झुलसती और तृतीय विश्व युद्ध की आहट के बीच बढ़ रही दुनिया को बड़ा संदेश देना उद्देश्य है। साफ है कि रंगमंच या थिएटर प्रदर्शन वास्तव में कला के जरिए जीवंत प्रस्तुति, अभिव्यक्ति, स्वीकरण या अस्वीकरण का वह तरीका है जिसमें कलाकार किसी वास्तविक या काल्पनिक घटना के अनुभव को किसी विशिष्ट स्थान पर आकर सामने नाट्या प्रदर्शन करते हैं। निश्चित रूप से यह न केवल कठिन कार्य है बल्कि अभिनय की वह चुनौती है जिसे सामने बैठे दर्शकों के समक्ष मंच पर कलाकार करते हैं। एक तरह आज की भाषा में यह लाइव प्रदर्शन ही है। अपने संवाद, हाव-भाव, भाषण, गीत, संगीत और नृत्य के संयोजन से की जा रही जीवंत प्रस्तुतियों का दर्शकों पर एक अलग छाप व प्रभाव पड़ता है। ऐसे मंचन समाज के लिए न केवल बड़े संदेश देते हैं बल्कि कला के तत्व और कृत्रिम संसाधनों जैसे चित्रित दृश्य और स्टेज क्राफ्ट व प्रकाश व्यवस्था का उपयोग कर वो अनुभव की भौतिकता, उपस्थिति और तात्कालिकता भी बढ़ाते हैं। आधुनिक रंगमंच में नाटकों और संगीत थिएटर का प्रदर्शन भी शामिल होने से यह और भी आकर्षक और लोकप्रिय होते जा रहे हैं। बैले और ओपेरा थिएटर की वो प्रस्तुतियां बन गईं हैं जिसमें पारंपरिक रूप से किए जाने अभिनय, वेशभूषाओं का उपयोग किया जाता है। समय के साथ इस कला का भी विकास आधुनिक होते हुए भी काफी हद तक पारंपरिक भी है। यह दिन थिएटर कला के महत्व और मनोरंजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस बात पर प्रकाश डालने के लिए भी मनाया जाता है ताकि उनका उपयोग शांति और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कैसे किया जा सकता है। वास्तव में एक खास दिन इसको समूचे विश्व में एक साथ मनाने के पीछे भी बहुत बड़ी और व्यापक सोच है। रंगमंच के मूल्य के बारे में जागरूक करना, रंगमंच समुदायों को अपने काम को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने में सक्षम बनाना, दुनिया भर के रंगमंच कर्मियों और संगठनों को आपस में जोड़ना और एक-दूसरे परिचित कराना।

विश्व में अलग-अलग रूपों में प्रचलित रंगमंच विधाओं का न केवल आनंद लेना बल्कि दूसरों के साथ आनंद साझा करना है। वास्तव में विश्व रंगमंच दिवस हमें रंगमंच के विभिन्न रूपों का जश्न मनाने और हमारे समाज में उनके महत्व की सराहना करने का मौका भी देता है। निश्चित रूप से रंगमंच समाज में जागरूकता और चेतना का बड़ा जरिया है। आज नुक्कड़ नाटकों के जरिए दिए जाने वाले संदेश काफी प्रभाव छोड़ते हैं। यह समाज के लिए सचेतक जैसे होते हैं। विश्व रंगमंच दिवस का उद्देश्य इसे जीवित रख और उन्नत बनाना है ताकि यह अपनी-अपनी भाषाओं, लोकगाथाओं, लोक कलाओं के जरिए वो संदेश दे सके जो मानवता के लिए अपरिहार्य, हितकारक और शांति-सद्भाव को बनाए रखने में सहायक हो।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# प्रकृति संरक्षण के प्रति गंभीर हों हम



जलवायु परिवर्तन

विकेश कुमार बडोला

होली दिवस के अपराह्न काल से आरंभ हुआ ऐसा अप्रत्याशित जलवायु परिवर्तन पहले कभी यदा-कदा ही घटित हुआ होगा। ऐसा परिवर्तन वायुमंडल की वातानुकूलन स्थिति को ध्वस्त कर रहा है। यह दुष्चक्र विगत दस-पंद्रह वर्षों से तीव्रतापूर्वक अप्रकट रूप में घूम रहा है। इस पर आधुनिक विज्ञान और वैज्ञानिकों का कोई नियंत्रण नहीं है। यह मनुष्य के अल्पावधि के जीवन को भी कठिनाइयों, समस्याओं व पीड़ाओं से घेर रहा है। इसी समयावधि में अमेरिका के मध्य-पश्चिमी व दक्षिणी क्षेत्र के मिसौरी, अर्कांसस, टेक्सास, ओक्लाहोमा, कंसास और मिसिसिपी में भी आंधी-तूफान, वर्षा-हवाओं के कारण 34 लोग मारे गए और 29 घायल हो गए।

आधुनिक प्रगति की असंख्य उलझी हुई समस्याओं के साथ निरंतर उत्पन्न होती मौसम संबंधी अस्थिरताएं भी मनुष्य को हतप्रभ कर रही हैं। इस बार होली दिवस के संध्याकाल से ही भारत सहित विभिन्न देशों में जलवायु प्रतिकूल होनी आरंभ हो गई। परिणाम में जम्मू कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड की संपूर्ण पर्वतमाला के ऊंचे शिखरों पर हुए हिमपात, वर्षा, आंधी-तूफान द्वारा जलवायु पुनः अस्थिर हो उठी है। होली दिवस के अपराह्न काल से आरंभ हुआ ऐसा अप्रत्याशित जलवायु परिवर्तन पहले कभी यदा-कदा ही घटित हुआ होगा। ऐसा परिवर्तन वायुमंडल की वातानुकूलन स्थिति को ध्वस्त कर रहा है। यह दुष्चक्र विगत दस-पंद्रह वर्षों से तीव्रतापूर्वक अप्रकट रूप में घूम रहा है। इस पर आधुनिक विज्ञान और वैज्ञानिकों का कोई नियंत्रण नहीं है। यह मनुष्य के अल्पावधि के जीवन को भी केवल कठिनाइयों, समस्याओं व पीड़ाओं से घेर रहा है।

इस लेखक ने स्वयं पहाड़ी क्षेत्र में रहते हुए 14 मार्च को रात 12 बजे के बाद से लेकर 15 मार्च प्रातः 9 बजे तक भयंकर तेज हवाओं, अंधड़, तूफान और घन गर्जनाओं का सामना किया। वायु की गति इतनी तीव्र थी कि विशाल आकार के बीस-पच्चीस फुट लंबे-चौड़े वृक्ष जड़मूल धराशायी हो गये। घन गर्जनाएं ऐसी प्रतीत हुईं कि घर को नींव से भी नीचे गहरे जाकर उखाड़ रही हों। घरों में बनाये हुये अपने घोंसलों में रहनेवाले गौरैया पक्षी इस विध्वंशकारी वातावरण में बाहर निकलने का साहस नहीं कर सके। विशाल वृक्षों को तोड़-मरोड़ कर रख देने वाली तेज हवाओं के सम्मुख नन्हे पक्षियों का क्या अस्तित्व! प्रायः ब्रह्म मुहूर्त में अपनी चहचहाहटों के साथ फुदकने वाले गौरैया सहित अनेक अन्य पक्षी इस जलवायुगत विपत्ति में निःश्वास एवं अस्तित्वहीन होकर दुबके हुए थे। ऐसे में क्या मनुष्य का घर और क्या पक्षी का घोंसला, सभी आश्रयस्थल असुरक्षित थे। इस प्रतिकूल परिस्थिति में पूरा जीवन ही असुरक्षित हो उठा था। यह सभी कुछ होने की समयावधि में जो जन गहरी नींद में थे, उनके निद्रास्वास्थ्य का अभिनंदन है। किंतु यह लेखक तो पूरे छह-सात घंटे तक प्रकृति के विनाशक तांडव के थमने, रुकने की ही प्रतीक्षा करता रहा।


यह पारिस्थितिकी असंतुलन भारत के वायुमंडल तक ही सीमित नहीं था। इसी समयावधि में अमेरिका के मध्य-पश्चिमी व दक्षिणी क्षेत्र के मिसौरी, अर्कांसस, टेक्सास, ओक्लाहोमा, कंसास और मिसिसिपी में भी आंधी-तूफान, वर्षा-हवाओं के कारण 34 लोग मारे गए और 29 घायल हो गए। अमेरिका के इन क्षेत्रों में भी वैसी ही अग्नि भड़की हुई है। जैसी जनवरी में कैलिफोर्निया के जंगलों में थी। हवाओं से अग्नि का तीव्र प्रसार हो रहा है। परिणामतः मिसिसिपी, अलबामा और टेनेसी सहित अनेक क्षेत्रों के लगभग नब्बे लाख लोग तेज हवाओं से प्रज्ज्वलित अग्नि बवंडर से प्रभावित हो सकते हैं। वहां आठ करोड़ अट्ठाईस लाख की जनसंख्या को हवा के अलर्ट के बारे में सूचित किया गया है। मौसम का विनाशक घूर्णनकारी चक्र अमेरिका के मध्य क्षेत्र से होकर के पूर्व की ओर बढ़ रहा है। इस कारण जॉर्जिया में अत्यधिक वर्षा, बाढ़ आने, विनाशकारी हवा के झोंकों के चलने और तीव्रतापूर्वक फैल रहे बवंडर का संकट व्याप्त है। भारत और अमेरिका ही नहीं दुनिया के अनेक देशों, भूभागों और इनमें रह रहे



लोगों पर 14-15 मार्च का जलवायु उत्पात गहन संकट बनकर छाया। ऐसा गत पंद्रह वर्षों में कम प्रभाव के साथ, गत दस वर्षों में अधिक प्रभाव के साथ और अब विगत एक-दो वर्षों में अत्यधिक प्रभाव के साथ निरंतर कुछ-कुछ दिनों के अंतराल पर हो ही रहा है। जब मौसम मानव जाति के सिर पर विनाश की छतरी बनकर तन चुका है, तो क्या मानवों को अभिशप्त वैज्ञानिक प्रतिस्पर्द्धा और परिणामकारी जैविक व जीवन संबंधी गतिविधियों पर नियंत्रण का कार्य अभ्यास आरंभ नहीं कर देना चाहिए? मौसम के अप्रत्याशित संकटों के सम्मुख मानव का विज्ञान-लालच कोई महत्व नहीं रखता है। अतः विज्ञान के आत्मघाती प्रयोगों को रोककर मानवीय जीवन को पुनः आत्मनिर्भर ग्रामीण व्यवस्था की ओर अग्रसर करने का समय आ चुका है। कोरोना महामारी के बाद तो ऐसा हो भी जाना चाहिए था, किंतु विश्व के कर्ताधर्ता ऐसा नहीं चाहते हैं। वे महामारीजन्य अनेक असुरक्षाओं के बाद भी मनुष्य को प्रगति का दास बनाये रखने की प्रेरणा दे रहे हैं। वे मनुष्य को प्राकृतिक जीवन, स्वास्थ्य, खाद्यान्न, आनंद देने की स्थिति में तो नहीं हैं किंतु वैज्ञानिक प्रगति के मंत्र से मुग्ध करके उसे अप्राकृतिक रूप में मरने-खपने और मरने-खपने की इस प्रतियोगिता से लगाव रखने की सीख देने में अवश्य सफल हैं। वैज्ञानिकों, पूंजीधारकों, उद्योगकारों और इनके अनुसार शासन हांकने वाले शासकों को अंततः कितना अधिक साधन-संसाधन संपन्न होना है! ऐसी संपन्नता की कोई सीमा भी तो होगी। यदि ऐसे लोग प्रकृति के प्रकट व गुप्त तत्त्वों का राक्षसी दोहन करते हुए अपने संबंधियों और समर्थकों के लिए भी साधनों-संसाधनों की विशाल मात्रा एकत्र कर देना चाहते हैं, तो करें। इस हेतु वे अपने व अपने संबंधियों के लिए साधनों-संसाधनों के मूल्य प्रतीक और अर्थव्यवस्था के शक्ति संकेत के स्वरूप में विद्यमान मुद्रा को वास्तविक अथवा आभासी रूप में मनचाही मात्रा में एकत्र कर लें। वे ऐसा कर भी रहे हैं। किंतु गहन आश्चर्य है कि ऐसा करने के बाद भी उनका लालच रुक नहीं रहा। उन्हें स्वयं और अपनी पीढ़ियों के लिए मनचाही मात्रा में एकत्र की हुई मुद्रा भी कम ही लग रही है। यदि मनुष्यगण ऐसी ही प्रवृत्ति से ग्रस्त रहेंगे तो इसका अंतिम दुष्परिणाम प्रकृति की विनाश-लीला के रूप में ही सामने होगा। साधन-संसाधन संपन्न मनुष्यों को बारंबार यह सूत्र स्मरण करने की आवश्यकता है कि वे उपलब्ध पंचतत्त्वों का आसुरी दोहन करके वैज्ञानिक-आधुनिक प्रगति तो कर सकते हैं, परंतु पंचतत्त्वों की विकारग्रस्तता के कारण उत्पन्न होने वाली अप्रत्याशित पर्यावरणीय प्रतिक्रियाएं नहीं थाम सकते। आज के प्रगतिवादी, आधुनिक और तर्कशील व्यक्ति अपनी कपोल कल्पना के वशीभूत होकर प्राचीन लोगों को मूर्ख समझते हैं, किंतु उन्हें जलवायु की दुर्दशा देखकर अपने बारे में भी यह सत्य जानने-समझने की अति आवश्यकता है कि अपने जीवन के आधार पंचतत्त्वों को पराकाष्ठा तक विकृत करने में वे सर्वाधिक दोषी हैं। पहले के मनुष्य जीवन की प्रत्येक गतिविधि को दूरदर्शी नीतियों के अनुसार निर्धारित करते थे। अपने जीवन को जीते हुए, उसे संभालते हुए, उसका चहुँदिश आनंद लेते हुए और उसका सम्मान करते हुए वे हमारी अर्थात् अपनी भावी पीढ़ी की पर्यावरणीय सुरक्षा के बारे में भी विचार किया करते थे। यदि वे हमारी चिंता न करते और हमारी ही तरह पंचतत्त्वों का कठोरतापूर्वक दोहन करते तो क्या वर्तमान धरती, आकाश और अन्य जीवन-तत्त्व हमारे लिए उपलब्ध रह भी पाते। आज के वैज्ञानिकों से लेकर साधारण जन को इस बिंदु पर अवश्य विचार करना चाहिए। संभवतः तब हमारे भीतर प्रकृति के प्रति सम्मान उत्पन्न हो सके और तत्पश्चात हम उसका क्रूर दोहन न कर अपनी भावी पीढ़ी हेतु उसे संरक्षित करने के कृतसंकल्प लें।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## उपकार के ऋण से मुक्त होना असंभव



संकलित
दर्शन

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामथ्र्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ डोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया। इसलिए आनंद देने वाली उन सब वस्तुओं से भय, क्रोध, लालच, पीड़ा,ईर्ष्या, द्वेष एवं पीड़ा टपकने लगी।

## गणेश विनायक जी की कथा



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घण्टी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगों तुम क्या मांगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर मांगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

## सटाका




## आज की पाती

### ओपीएस का बेहतर विकल्प क्या हो?

भारत में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली एक महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक मुद्दा बन चुका है। यह केवल सरकारी कर्मचारियों का ही नहीं, बल्कि देश की वित्तीय नीति और सामाजिक सुरक्षा का भी विषय है। 2004 में पुरानी पेंशन योजना को समाप्त कर नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू की गई, लेकिन बीते कुछ वर्षों में ओपीएस की बहाली को लेकर कर्मचारियों में व्यापक आंदोलन और राजनीतिक बहस छिड़ी हुई है। कई प्रदेशों में ओपीएस बहाल कर दी गई है, लेकिन इससे राजकोष पर पड़ते भारी बोझ के कारण दबाव यह भी है कि ओपीएस का कोई बेहतर विकल्प ढूंढना होगा। इसीलिए केंद्र सरकार यूपीएस यानी यूनिफाइड पेंशन स्कीम लेकर आई है। अब बहस यह है कि क्या यह ओपीएस का बेहतर विकल्प है?

*– प्रदीप यदु, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### रेगु टीम ने इतिहास रचा

सेपक टकराव विश्व कप 2025 में शानदार खेल प्रदर्शन के लिए हमारे दल को बधाई! दल ने 7 पदक जीते। पुरुषों की रेगु टीम ने भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### गंभीर चिंताएं जताईं

आज संपादकों, शोधकर्ताओं और डोमेन विशेषज्ञों के एक विविध समूह से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, विशेष रूप से आरटीआई अधिनियम के दायरे पर इसके प्रभाव के बारे में गंभीर चिंताएँ व्यक्त कीं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### आर्थिक असमानता

पिछले 78 वर्षों से किसी सरकार ने आम जनता को आर्थिक रूप से इतना कमज़ोर नहीं किया, जितना मोदी सरकार ने किया है। आर्थिक असमानता भयावह स्तर पर है। अरबपति, खरबपति बन चुके हैं और गरीब, कंगाल हो रहे हैं।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष



### लोकतांत्रिक व्यवस्था

समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज की स्थापना में विश्वास करती है। इतिहास की घटनाओं पर आज की लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं चल सकती। भाजपा सरकार को जनता के रोज़ी-रोज़गार, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद



## करंट अफेयर

### सीरिया दोराहे पर खड़ा है : संयुक्त राष्ट्र दूत

सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष दूत ने कहा है कि राष्ट्रपति बशर अल-असद को अपदस्थ किए जाने के तीन महीने बाद सीरिया दोराहे पर खड़ा है जहां से वह फिर से हिंसा की ओर लौट सकता है या शांति की ओर बढ़कर दशकों के संघर्ष को समाप्त कर सकता है। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष दूत गीर पेडरसन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि सीरिया में हिंसा की स्थिति लौट सकती है। उन्होंने कहा कि बाहरी शक्तियों को सीरियाई संप्रभुता के उल्लंघन की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। पेडरसन ने कहा कि दूसरा रास्ता जो सीरिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय सुरक्षा को बहाल करेगा वह 'व्यवहार्य' है लेकिन इसके लिए जरूरी है कि 'सीरिया के लोग सही निर्णय लें' और उन्हें अंतरराष्ट्रीय सहयोग मिले। सीरिया में 13 वर्षों से गृह युद्ध जारी है। पिछले वर्ष दिसंबर में इस्लामी समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने बशर अल असद की सत्ता को पलट दिया था और इसी के साथ देश में उनके परिवार का 50 वर्षों से अधिक पुराना शासन समाप्त हो गया।



## ऑफ बीट

### क्या कॉफी नींद की कमी की भरपाई कर सकती है

नींद की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता। रातभर गहरी नींद लेने के बाद हरेक को अच्छा महसूस होता है और नहीं सोने से शरीर और दिमाग दोनों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तो नींद की कमी की भरपाई के लिए क्या किया जा सकता है? या यूं कहें कि आप कम सोकर भी कैसे अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं? पर्याप्त नींद नहीं लेने से दिमाग के काम करने की क्षमता पर असर पड़ता है। वैज्ञानिक कई वर्षों से यह बात जानते हैं कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कम होती है। हमने कुछ प्रतिभागियों को घर जाकर सोने और कुछ प्रतिभागियों को प्रयोगशाला में पूरी रात जागने को कहा। हमने पाया कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से न केवल ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत हुई, बल्कि इससे एक निश्चित क्रम में किए जाने वाले कार्यों को करने में (प्लेसकीपिंग) भी अधिक गलतियां हुईं। क्या कॉफी हो सकती है नींद का विकल्प? इसके बाद, हमने नींद की कमी की भरपाई के विभिन्न तरीकों को लेकर परीक्षण किया। यदि आपने पिछली रात पर्याप्त नींद नहीं ली, तो आप क्या करेंगे? कई लोग कॉफी या कोई 'एनर्जी ड्रिंक' (ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय पदार्थ) पीना चाहेंगे।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

विधि कालेजों व विश्वविद्यालयों के संदर्भ में हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण आदेश

## भविष्य में बिना मान्यता प्रवेश देने वाले लॉ कॉलेज पर आपराधिक कार्रवाई करें

### नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पहले ही मान्यता की प्रक्रिया पूरी करने के भी निर्देश



जबलपुर ।

मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि भविष्य में बिना मान्यता छात्रों को प्रवेश देने पर संबंधित विधि कालेज और विश्वविद्यालय के विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई की जाए। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने यह भी निर्देश दिया कि अब नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पहले ही मान्यता की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। शैक्षणिक संस्थान को अगामी सत्र से पूर्व हर हाल में 31 दिसंबर तक रिन्यूअल फीस जमा करानी होगी। इसके बाद बीसीआई फरवरी माह में मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया पूरी करेगा। यदि किसी संस्थान की मान्यता रिन्यू नहीं होगी तो उसे पोर्टल पर स्पष्ट रूप से इसका उल्लेख करना होगा, ताकि छात्र असंमंजस में नहीं रहें। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि कोई संस्थान तय समय पर फीस नहीं देता है तो बीसीआई कड़ी कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होगी।

विगत सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने भोपाल के पुलिस कमिश्नर को जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। मामले पर मंगलवार को सुनवाई के दौरान उच्च शिक्षा विभाग के एडीशनल चीफ सेक्रेटरी अनुपम राजन और पुलिस कमिश्नर हरि नारायणचारी मिश्रा ने उपस्थित होकर सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट पेश की।

### क्या था मामला :

उल्लेखनीय है कि जबलपुर के विधि छात्र पंकज भट्ट, व्योम गर्ग, शिखा पटेल व अन्य की ओर से याचिका दायर कर बताया गया था कि उन्होंने सेंट्रल इंडिया ला इंस्टीट्यूट जबलपुर में एलएलबी में प्रवेश लिया था। कोर्स पूरा करने के बाद उन्होंने स्टेट बार काउंसिल, मध्य प्रदेश में पंजीयन के लिए आवेदन दिया। स्टेट बार ने यह कहते हुए उनका रजिस्ट्रेशन करने से मना कर दिया कि सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट की मान्यता समाप्त हो गई है। संस्थान ने बीसीआई में रिन्यूअल फीस जमा नहीं की है।

## असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति हाईकोर्ट के अधीन

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर पर्यावरण विज्ञान के पद पर दी जाने वाली नियुक्ति को एक याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने मप्र लोक सेवा आयोग और आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।जबलपुर निवासी डॉ अर्चना द्विवेदी की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि पीएससी द्वारा 30 दिसंबर 2022 को असिस्टेंट प्रोफेसर एनवायरनमेंट साइंस के पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसके लिए 12 मार्च 2025 को साक्षात्कार हुए। दलील दी गई कि संपूर्ण मध्य प्रदेश में इस विषय के 2 पद हैं। इनमें से एक पद पर भर्ती के लिए विज्ञापति किया और आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किया गया। तर्क दिया गया कि एकांकी पद को आरक्षित नहीं किया जा सकता, लेकिन पीएससी ने इस पद को ओबीसी के लिए आरक्षित कर दी है।

## औरिया मटर मंडी की दुकानों के आवंटन पर यथास्थिति कायम रखने के निर्देश

### हाई कोर्ट ने आयुक्त सह प्रबंध निदेशक, मंडी बोर्ड के समक्ष अपील के लिए किया स्वतंत्र

जबलपुर।

मप्र हाई कोर्ट ने जबलपुर मटर मंडी की दुकानों के आवंटन पर सभी पक्षों को यथास्थिति कायम रखने के निर्देश दिए। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने विकल्प के आधार पर याचिका वापस लेने की मांग स्वीकार करते हुए प्रकरण का पटाक्षेप कर दिया।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता को आयुक्त सह प्रबंध निदेशक, मंडी बोर्ड के समक्ष जाने किया स्वतंत्र कर दिया है। जब तक वहां से कोई निर्णय नहीं हो जाता, मामले में यथास्थिति बरकरार रखने निर्देश दिया गया है। कोर्ट ने आयुक्त सह प्रबंध निदेशक, मंडी बोर्ड के समक्ष अपील पेश करने सात दिन का समय दिया है। जिस पर तीन सप्ताह के भीतर निर्णय लिया जाएगा।

**विकल्प के आधार पर याचिका वापस लेने की मांग स्वीकार करते हुए प्रकरण का पटाक्षेप**

मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान जबलपुर मटर मंडी की दुकानों को औरिया में शिफ्ट किए जाने के मामले में महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश पारित करते हुए आगामी सुनवाई तक औरिया मंडी में दुकाने आवंटन की निविदाओं को अंतिम रूप न दिए जाने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने 24 फरवरी के विज्ञापन के तहत प्राप्त निविदाओं का ब्यौरा पेश करने भी निर्देश दिया था। मंडी बोर्ड की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व शिवांशु कोल खड़े हुए। जबकि याचिकाकर्ता जबलपुर थोक सब्जी मंडी व्यापारी संघ की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज शर्मा ने पक्ष रखा था। उन्होंने दलील दी थी कि राज्य सरकार के नोटिफिकेशन का हवाला देते हुए जबलपुर की मटर मंडी कृषि उपज मंडी से हटाकर औरिया शिफ्ट की जा रही है। यह कुछ बड़े मटर व्यापारियों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है।जबकि राज्य सरकार ने नोटिफिकेशन में सब्जी व फल सबके लिए उपमंडी खोलने का प्रविधान किया है। सब्जी व फल मंडी शहर में और मटर मंडी बाहर करने से यहां के छोटे व्यापारियों को भारी नुकसान पहुंचेगा। मंडी में 70 दुकानों के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। जबकि छोटे सब्जी व्यापारी सैकड़ों की संख्या में हैं। उन्होंने आग्रह किया कि कोर्ट उक्त निविदा के क्रियान्वयन पर रोक लगाए। मटर मंडी को अन्यत्र न हटाया जाए।

## टारगेट पूरा करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश

### महापौर ने की राजस्व वसूली की समीक्षा

जबलपुर।



वर्तमान वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने राजस्व वसूली से संबंधित सभी अधिकारियों को दिये गए निर्धारित टारगेट को पूरा करने निर्देश दिये। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि करदाताओं के पास बकाया करों की राशि जमा करने अब मात्र 5 दिन शेष है, 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से करों की राशि दो गुना कर दी जायेगी जो आगामी वित्तीय वर्ष में आने वाली लोक लदालत में भी छूट नहीं मिलेगी। उन्होंने बताया कि करदाताओं की सुविधा के लिए समस्त कैश काउण्टरों को सुबह 09:00 बजे से खोलने के अधिकारियों को निर्देश दिये है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार करदाताओं को ऑनलाईन बकाया करों की राशि 31 मार्च के पूर्व जमा करने पर विशेष छूट का लाभ भी दिया जा रहा है, उन्होंने अधिक से अधिक करदाताओं से ऑनलाईन करों की राशि जमा करने की अपील भी की है।महापौर श्री अन्नू ने शहर के नागरिकों से भी अनुरोध किया है कि उनके बिना सहयोग से शहर का समग्र विकास संभव नहीं है, इसलिए शहर विकास को पंख लगाने एवं गति देने करों की वसूली 100 प्रतिशत जरूरी है। बैठक में अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह, ई.ई. जोगिंदर सिंह, सहायक यंत्री मनीष तड़से, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, एवं संबंधित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगी पाबंदिया

हरिभूमि, जबलपुर।

कोतवाली एवं लार्डगंज के व्यवसायिक क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए व्यापारी संघ के सदस्यों की बैठक ली गई। आमजन की सुविधा हेतु सुचारू यातायात व्यवस्था को बनाये रखने बैठक में आपसी सामंजस्य एवं सहमति से निर्णय लिये गए। लंबे समय से थाना कोतवाली एवं थाना लार्डगंज क्षेत्र के मुख्य बाजार क्षेत्र मिलौनीगंज, कोतवाली, सराफा, बडा फुहारा, जवाहरगंज, निवाडगंज, अंधेरदेव, गंजीपुरा, कछियाना के क्षेत्रो मे लगने वाले जाम की स्थिति को देखते हुये पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में अति. पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी, अति. पुलिस अधीक्षक यातायात श्रीमति सोनाली दुबे, द्वारा उप. पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली रीतेश कुमार शिव, नगर निगम अतिक्रमण दल प्रभारी सागर बोरकर की उपस्थिति में थाना कोतवाली में व्यापारियों की एक बैठक ली गयी। बैठक में यातायात संबंधी आ रही समस्याओं पर चर्चा कर इसको व्यवस्थित करने के लिए विचार विमर्श किया गया।

मीटिंग में आपसी सामंजस्य एवं सहमति से आमजन की सुविधा एवं सुचारू यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के लिए अनेक निर्णय लिये गये जो दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रभावशील रहेंगे।

**ट्रेफिक सुधारने व्यापरी संघ सदस्यों की ली बैठक**

बैठक में थाना प्रभारी कोतवाली विपिन ताम्रकार, थाना प्रभारी लार्डगंज हरिकिशन आटनेरे एव सराफा एसोसिएशन, जवाहरगंज व्यापारी संघ, कोतवाली व्यापारी संघ, चूडी व्यापारी संघ, नरधैया व्यापारी संघ एवं अन्य लगभग 25 व्यापारी संघ के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

### ये लिए गए आठ निर्णय

कमानिया गेट, बडा फुहारा से मिलौनीगंज तक का मुख्य मार्ग को वन वे किया जाकर इस मार्ग मे तीन एवं चार पहिया वाहनो को केवल बडा फुहारा से मिलौनीगंज की ओर जाने की अनुमति रहेगी जबकी विपरीत दिशा मे तीन पहिया एव चार पहिया वाहनो का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। तीन एवं चार पहिया वाहन मिलौनीगंज से दमोहनाका, दमोहनाका से बल्देवबाग, बल्देवबाग से बडा फुहारा, बडा फुहारा से मिलौनीगंज की ओर जा सकेंगे। उक्त वनवे मार्ग पर तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनो की पार्किंग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। क्षेत्र के व्यापारीगण अपने मालवाहक (तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन) वाहन दोपहर 12 बजे के पूर्व एवं रात्रि 10 बजे के पश्चात उपरोक्त वन वे का पालन करते हुए नियत स्थान तक आने एवं जाने हेतु मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। क्षेत्र के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानो के बाहर ग्राहकों के दो पहिया वाहन दुकानो से तीन फीट के अंदर व्यवस्थित पार्किंग करा सकेंगे इसके बाहर पाये जाने वाले वाहनो के विरूध्द विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी क्षेत्र के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानो मे कार्य करने वाले कर्मचारियो के वाहन नियत पार्किंग श्रीनाथ की तलैया, तिलक भूमि तलैया, गुरंदी पार्किंग स्थल, सुपर मार्केट पुराना बस स्टैंड, चरहाई पार्किंग स्थल पर पार्किंग कराया जाना सुनिश्चित करेंगे साथ ही व्यापारिक प्रतिष्ठानो मे आने वाले ग्राहको के तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन भी उक्त पार्किंग स्थलो पर पार्क किये जायेंगे। अन्य स्थान पर पार्किंग किये जाने पर चालानी कार्यवाही होगी। दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे के मध्य, तुलाराम चौक, राजा रसगुल्ला, गुडहाई तिराहा, गुरू तिराहा दुर्गा मंदिर के आगे, फूटाताल चौक से मुख्य वन वे मार्ग बडा फुहारा मिलौनीगंज की ओर तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनो का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बाजार मे होने वाले अतिक्रमण के विरूध्द प्रतिदिन प्रभावी कार्यवाही की जायेगी। सुपर मार्केट से लार्डगंज थाना की ओर तक वन वे का क्रियान्वन प्रभावी रूप से कराया जावेगा। इस मार्ग पर केवल सुपर मार्केट से लार्डगंज थाना की ओर ही वाहनो को प्रवेश दिया जावेगा। साथ ही थाना लार्डगंज से कछियाना होते हुए वाहन गोलबाजार की ओर जा सकेंगे।

## पाइप लाइन में मरा बंदर मिलने से हड़कंप

### भोंगाद्वार पाइप लाइन की सफाई कराई गई

**जबलपुर।** भोंगाद्वार वाटर फिल्टर प्लांट की पाइपलाइन में मरे हुए बंदर के मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। यह घटना सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है, और वे नगर निगम पर दोषारोपण कर रहे हैं। उनका आरोप है कि लंबे समय से दूषित पानी की सप्लाई की जा रही थी, जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।स्थानीय निवासी पवन कनौजिया ने बताया कि भोंगाद्वार, कजरवारा और गोराबाजार क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से पानी की सप्लाई नियमित समय पर तो हो रही थी, लेकिन उसकी मात्रा बहुत कम थी। कई बार शिकायतें मिलने के बाद नगर निगम जल विभाग ने पाइपलाइन की जांच की। जांच के दौरान पाइपलाइन से एक मरा हुआ बंदर निकला, जो बुरी तरह सड़ चुका था। इस घटना के बाद



लोगों के बीच यह चिंता बढ़ गई है कि वे पिछले कुछ दिनों से उसी लाइन का पानी पी रहे थे, जिससे उनका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

इसके अलावा, शहर के अन्य हिस्सों में भी गंदे और बदबूदार पानी की समस्या अक्सर सामने आती रही है। हाल ही में धनवंतरी नगर में भी इसी प्रकार के पानी की समस्या को लेकर हंगामा हुआ था। शिकायतों के बावजूद नगर निगम ने इन समस्याओं को हल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, और पाइपलाइनों की स्थिति जस की तस बनी हुई है।इस बीच, नगर निगम के कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बयान दिया, भोंगाद्वार के पास डिस्ट्रीब्यूशन लाइन के चोक होने की शिकायत आई थी, जिसे चेक कराया गया है, लेकिन उस लाइन से बंदर मिलने जैसी कोई घटना मेरे सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि पाइप लाईन में मिट्टी जमा हो गई थी पाईप लाइन को साफ कराया गया।

**15 दिन से अधिक न बढ़ाएं परीक्षा की तारीख**

## नर्सिंग छात्रों को राहत, परीक्षा में शामिल करने के निर्देश

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े से जुड़े मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। कुछ छात्रों की ओर से अंतरिम आवेदन पेश कर कोर्ट को बताया गया कि उन्होंने सत्र 2022-23 में प्रवेश लिया था, लेकिन अब कॉलेज उन्हें प्रवेश नहीं दे रहे हैं। परीक्षा एक अप्रैल से शुरू होंगी और प्रवेश की अंतिम तिथि 26 मार्च है। यदि उन्हें परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं मिली तो उनका भविष्य प्रभावित होगा। इस ओर जस्टिस संजय द्विवेदी व जस्टिस एके पालीवाल की डिवीजन बेंच ने कहा कि छात्रों के भविष्य को देखते हुए उन्हें परीक्षा में शामिल करने की अनुमति प्रदान करें। कोर्ट ने कहा अधिकारी परीक्षा की तिथि



बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन 15 दिन से अधिक नहीं बढ़ाएं।

खंडपीठ ने साफ कहा कि कोर्ट की अनुमति बिना परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह आदेश केवल आवेदनकर्ता छात्रों के लिए नहीं, वरन सत्र 2022-23 में प्रवेश लेने वाले सभी छात्रों के लिए प्रभावशील होगा।

लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल ने जनहित याचिका दायर कर कॉलेजों में हो रहे फर्जीवाड़े को उजागर किया था। छात्रों के आवेदन पर नर्सिंग काउंसिल और मेडिकल विश्वविद्यालय की ओर से उप महाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी ने कोर्ट को बताया कि जिला कॉलेज के छात्रों ने आवेदन किया है, उन कॉलेजों का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। पूर्व में यह कहा गया था कि इन कॉलेजों के मामलों में कोई आदेश पारित नहीं किया जाएगा।

## पूर्व विस अध्यक्ष के दवाब में वित्तीय अधिकारी छीनने का आदेश निरस्त

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रीवा का वह आदेश निरस्त कर दिया, जिसके जरिए जिसमें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक गिरीश गौतम के दवाबवश ग्राम पंचायत सचिव से वित्तीय अधिकार छीनकर किसी अन्य को दिये गये थे। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई की। याचिकाकर्ता रीवा जिले की रायपुर करचुलियान जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कुईया कला की सचिव उर्मिला उपाध्याय की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि जिला पंचायत रीवा के सीईओ ने 16 जनवरी, 2025 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता से उनके वित्तीय अधिकार छीनते हुए अन्य पंचायत के सचिव महेन्द्र पटेल को दे दिए थे। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व देवतालाब के विधायक गिरीश गौतम के पत्र के आधार पर उक्त निर्णय लिया गया था। कोई ठोस कारण नहीं बताया गया था। लिहाजा, हाई कोर्ट की शरण ली गई है।

**हाई कोर्ट से पंचायत सचिव को मिली राहत**

### -10 लाख माँग रहा था आरोपी, पुलिस ने गिरफ्तार किया, कोर्ट से नहीं मिली जमानत

## वकालत की आड़ में ब्लैकमेल करने वाला कुख्यात माखीजा फिर से गया जेल

**हरिभूमि, जबलपुर जिले के कई व्यापारियों को लंबे समय से विभिन्न बिंदुओं पर वकालत की आड़ में ब्लैकमेल करने वाला और खुद को वकील बताकर प्रशासन पर धौस जमाने वाला जितेंद्र मखीजा एक बार फिर जेल पहुंच गया है। शहर के व्यापारी कमलजीत सिंह भटीजा ने ओमती थाने में एक शिकायत दर्ज की थी।**



उक्त शिकायत में कहा गया था कि उक्त आरोपी जितेंद्र मखीजा पुराने केस में राजीनामा करने के नाम पर अवैध वसूली करने और जान से मारने की धमकी दे रहा है। दर्ज प्रकरण के संबंध में ओमती थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक कुंज बिहारी सिंह ने बताया कि आवेदक कमलजीत सिंह पिता करतार सिंह भठिजा ने 26 मार्च को ओमती थाने में उपस्थित होकर लिखित शिकायत दी और कहा कि जितेंद्र मखीजा के विरुद्ध उनके पूर्व से प्रकरण चल रहा है।

### अध्यक्ष पद से पापा को हटाओ

कमलजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि एक दिन पूर्व 22 मार्च को वह प्रकरण की पेशी के लिए लगभग 1:30 बजे जिला न्यायालय परिसर गया था। जहां पर गेट नंबर 3 के पास जितेंद्र मखीजा आया और बोला कि तुम्हारे पापा को सजा पड़वा दूंगा और चाहते हो ऐसा ना करूं तो अपने पापा को सिंधु सेवक सभा और सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष पद से हटकर मुझे अध्यक्ष बना दो नहीं तो तुम्हारे खिलाफ जो परिवाद दायर किया है उसमें एफआइआर दर्ज करा कर तुम्हें जेल भिजवा दूंगा।

### सोशल मीडिया में धूमिल कर रहा छवि

शिकायतकर्ता ने बताया कि जितेंद्र माखीजा आये दिन सोशल मीडिया के माध्यम से व्हाट्सएप ग्रुप में मेरी और मेरे पिताजी की छवि धूमल करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी करता है और झूठी शिकायत भी करता है।

मुझे उम्र कैद की धाराओं में फसाने की झूठी धमकी देता है , इस पूरी घटना को वहां खड़े हुए हिमांशु वाधवानी और मोहम्मद अजीम ने अपनी आंखों से देखा और सुना है उनके सामने ही जितेंद्र मखीजा ने मुझे धमकी दी थी।

### 10 लाख की डाली डिमांड-

कमलजीत सिंह ने बताया कि इसके पूर्व में भी वह कई व्यापारियों को धमकी देकर ब्लैकमेल करने का कार्य कर चुका है जिसकी शिकायतें प्रकाश में आ चुकी हैं। इसके बाद जब मैंने उससे कहा कि मैं मुझ पर और मेरे परिवार पर केस मत करो तो उसने 10 लख रुपए की मांग की और कहा कि पैसे देने पर वह राजी नामा कर लेगा और अगर पैसे नहीं देगा तो जान से मारने की धमकी भी दी।

### ज़मानत खारिज गया जेल

प्रथम दृष्टि शिकायत को सही पाते हुए पुलिस ने आरोपी जितेंद्र माखीजा के विरुद्ध धारा 308(5),308(6) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से न्यायालय ने उसकी जमानत अर्जी को खारिज कर दिया और उसे जेल भेज दिया गया।

### कब होगा समस्या का समाधान

# सिहोरा बायपास खितौला तिराहे पर आये दिन घट रही सड़क दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

सिहोरा बाईपास खितौला मोड़ पर फ्लाई ओवर ब्रिज बनना प्रस्तावित है किंतु पहरेवा जुनमानी क्रॉसिंग भी बड़ा एक्सीडेंटल पॉइंट है इन दोनों क्रॉसिंग पर आये दिन अनेक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इन सब समस्याओं से निजात दिलाने की मांग सड़क परिवहन विभाग से सिहोरा खितौला वासियों ने की है।



### सर्वे में दोनों स्पाट खतनाक घोषित हो चुके हैं

एन एच आई के सर्वे के मुताबिक एन एच 30 पर सिहोरा प्रवेश के पहले पड़ने वाले पहरेवा एंव सिहोरा बायपास के दोनों ही पॉइंट खतरनाक श्रेणी में है। करीब दो शाल पहले कुछ भू स्वामियों ने इस चौराहा में पड़ने वाली अपनी भूमि के नफा नुकसान को देखकर तत्कालीन विधायक से इसकी डिजाइन में परिवर्तन कराने की मांग भी की थी लेकिन उक्त भू स्वामीयों की मांग को देखकर लगता है कि उनको लगातार घट रही सड़क दुर्घटनाओं और जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं था बस उन्हें अपना फायदा दिख रहा था।

### अनेक लोग हो चुके हैं दुर्घटना का शिकार

सिहोरा के पहले पड़ने वाले ये दोनों स्पाट इतने खतरनाक है कि यहां पर दर्जनों दुर्घटनाओं में अनेक लोग घायल एंव बहुत से लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है। महाकुंभ के दौरान ही करीब एक दर्जन से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी हैं।

### जनहित में निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने की मांग

सिहोरा के अनेक लोगों का मानना है कि क्यों ना इसी प्रस्तावित फ्लाईओवर को बढ़ाकर पहरेवा के आगे तक कर दिया जावे जिसमें दोनों स्पाट की दूरी लगभग 1 किलोमीटर है फ्लाई ओवर के रैंप बनने पर यह दूरी कम होकर 500 मीटर रह जावेगी तथा खर्चे में भी कमी आएगी और दोनों एक्सीडेंटल पॉइंट कवर हो जाएंगे। विभाग द्वारा कराये गये सर्वे के कार्य को जनहित में जमीन पर उतारने की मांग सड़क परिवहन विभाग से सिहोरा खितौला वासियों ने की है। जिससे दोनों स्थानों पर घटने वाली दुर्घटना और उसमें होने वाली मौतों को रोका जा सके।

### इनका कहना है

नेशनल हाइवे क्रमांक 30 सिहोरा को जोड़ने वाले खितौला तिराहे पर करीब 18 करोड़ की लागत से बनने वाले अंडरपास फ्लाईओवर के टेंडर लगे हैं शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ होगा। इसी तरह पहरेवा के तिराहे को भी अंडरपास की सीसी रोड से जोड़कर लाइटिंग की जायेगी जिससे दुर्घटनाओं में कमी आयेगी।

**अमृतलाल साहू**
प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचआईए

### पुलिस की जांच रिपोर्ट में बघेल सहित अन्य पर लगे आरोप निराधार निकले

# प्रेम प्रसंग बनी गणेश की आत्महत्या की वजह

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

बम्होरी गांव के रहने वाले गणेश तिवारी आत्महत्या प्रकरण में पुलिस द्वारा की गई जांच में आत्महत्या की वजह मृतक के किसी लड़की के प्रेम प्रसंग से जुड़े होने की बात का खुलासा पुलिस द्वारा पत्रकार वार्ता में किया गया है। पुलिस ने गणेश की आत्महत्या से जुड़े मामले की तह में जाकर जांच की तो पता चला कि प्रेम प्रसंग के साथ-साथ गणेश शेयर बाजार में लगे घाटे के कर्ज में डूबा हुआ था इन्हीं परेशानियों के चलते उसने आत्महत्या करने का रास्ता चुना।

वही मृतक के पिता संतोष तिवारी ने भी पुलिस को हस्ताक्षर युक्त शपथ पत्र देकर कहा है कि मैंने लोगों के बहकावे में आकर गांधीग्राम समिति अध्यक्ष व भाजयुमो ग्रामीण



जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल,खरीदी प्रभारी प्रिंस उपाध्याय,अर्णवी वेयर हाउस के मालिक आशु सोनी पर प्रताड़ना और पासवर्ड लेने संबंधी जो आरोप लगाए गए वह सही नहीं है। इस संबंध में पुलिस ने कहा कि आत्महत्या प्रकरण में जिन लोगों के ख़िलाफ़ मृतक के पिता ने आरोप लगाये थे उनकी जांच की गई जिसमें राजमणि बघेल सहित अन्य लोग दोषी नहीं पाये गये। बताया जाता है कि बघेल संगठन में सक्रिय रहकर उसे मजबूत बनाने का कार्य कर रहे थे जो छुट भैया नेताओं को रास नहीं आ रहा था। इस प्रकरण में भी लगाये गये सारे आरोप निराधार निकले और पुलिस की जांच में सब कुछ दूध का दूध और पानी का पानी हो गया।

### गलत आरोप है

अभी तक की जांच में इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि राजमणि बघेल आदि द्वारा गणेश को परेशान किया जाता था। गणेश शेयर मार्केट में लगे घाटे से नहीं उबर पा रहा था प्रेम प्रसंग का मामला भी जांच में सामने आया है मृतक के पिता ने भी शपथ पत्र देकर बघेल सहित अन्य पर लगाये गये आरोप को गलत बताया है।

**अजय बहादुर सिंह**
थाना प्रभारी पनागर

## हनुमान जन्मोत्सव की विशाल वाहन रैली हेतु बैठकों का दौर जारी

**सिहोरा**। सिहोरा खितौला में हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव पर निकलने वाली विशाल वाहन रैली को भव्य बनाने के लिए बैठकों का दौर जारी है। इस बार यह कार्यक्रम सनातनी हिंदू महाकुंभ के रूप में मनाया जाएगा।विशाल वाहन रैली सुबह 9 बजे बाबा शाला सिहोरा से प्रारंभ होकर अपने पारंपरिक मार्ग से होते हुए पुराना बस स्टैंड पहुंचेगी जहां रैली में शामिल सभी सनातनी एकत्रित होकर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे तत्पश्चात विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा,उपस्थित हनुमान भक्तों ने 30 मार्च से प्रारंभ हो रहे हिंदू नव वर्ष को भी उत्साह के साथ मनाने के लिए समस्त हिंदू समाज से आग्रह किया कि इस नव वर्ष का स्वागत के दिन घर के दरवाजों में दीप प्रज्वलित कर सभी इष्ट मित्रों को बधाई दें साथ ही अपने अपने घरों में भगवा ध्वज लहरा कर रंगोली से सज्जित करें।

### मां कर्मा देवी जयंती पर समरसता विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह

# भाव से भक्ति करो तो भगवान स्वयं आते हैं : राघवदेवाचार्य

हरिभूमि जबलपुर।

समरसता सेवा संगठन द्वारा मां कर्मा देवी की 1009 वीं जयंती पर परम पूज्य जगत गुरु सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघवदेवाचार्य जी महाराज के सानिध्य, मुख्य वक्ता डॉ जितेंद्र जामदार, विशिष्ठ अतिथि रविकिरण साहू, श्रीमती किरण कालवे, डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव उज्वल पचौरी की उपस्थिति में विचार गोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आईएमए हाल राइट टाउन में किया गया। इस अवसर पर संस्कारधानी की परंपरा को और अधिक मजूबुत करते हुए संस्कारधानी होली महोत्सव में अपना प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग करने हेतु संस्थाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में अपने आशीर्वचन देते हुए जगतगुरु स्वामी राघवदेवाचार्य महाराज ने कहा भक्ति के मार्ग पर चलकर ही भगवान से मिला जा सकता है और अपने कर्म करते हुए पूर्ण भाव से भक्ति करो तो भगवान स्वयं अपने भक्त से मिलने आते है और यही भक्ति का भाव कर्मा देवी की भक्ति में था कि भगवान श्री हरी जगन्नाथ प्रभु स्वयं खिचड़ी का भोग ग्रहण करने उनके पास आते थे।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ जितेन्द्र जामदार ने कहा भक्ति का मार्ग सहज है एक साधारण व्यक्ति भी श्रेष्ठ भक्त हो




सकता हैं उन्ही में से एक भक्त शिरोमणि माता कर्मा थी जो सिर्फ साहू समाज की ही नहीं संपूर्ण सनातन समाज की आराध्य देवी थी।

समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन कार्यक्रम की प्रस्तावना और स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा सब सबको जाने सब सबको माने के ध्येय को लेकर दो वर्ष पूर्व हमने मिलकर समरसता संगठन प्रारंभ किया जिसका उद्देश्य है कि जब समाज समरस होगा तो समाज समर्थ भी होगा और इसी से समर्थ भारत का निर्माण होगा।कार्यक्रम को विशिष्ठ अतिथि रविकिरण साहू, श्रीमती किरण कालवे, डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, संगठन वक्ता अखिल मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ उदयभान तिवारी द्वारा मां कर्मा गीत का गायन द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### प्रतिभा सम्मान

कार्यक्रम के दूसरे चरण में साहू समाज के राधेश्याम साहू, रविशंकर साहू, मुकेश साहू, रजनी कैलाश साहू, आभा दीपक साहू, सुधीर साहू, हरीश साहू, कोठिया राकेश साहू, नरेंद्र साहू, राजेश साहू, डॉ पुरषोत्तम साहू, अशोक साहू, ब्रजेश साहू, सुरेंद्र साहू, कोठिया राजेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, पप्पी साहू सहयोगी, इस अवसर पर होली महोत्सव में सहयोग करने हेतु सहयोगी संस्थाओं का भी सम्मान किया गया

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन शरद ताम्रकार, मनोज सेठ एवं आभार उज्वल पचौरी ने व्यक्त कियाइस अवसर पर रंजीत सिंह, आशुतोष दीक्षित, मथुरा चौबे, अभिमन्यु जैन, कपिल दुबे, आशीष महाराज, दुर्गा उपाध्याय, रामबाबू विश्वकर्मा, मोहन कश्यप, श्वेता सिंह, प्रीति ताम्रकार, सुधा तिवारी, राधा झरिया, सारिका सेठ, आभा जैन, संगीता नायडू, प्रियंका पोद्दार, मुन्नीलाल अहिरवार, प्रवीण जैन आदि उपस्थित थे।

## शराब के नशे में चाबी छुड़ाकर बाईक में लगा दी आग

**जबलपुर**। मझौली थाना अतंर्गत ग्राम देवनगर रानीताल में पुरानी रंजिश पर शराब के नशे में एक बदमाश ने एक युवक की बाईक की चाबी छीनी और बाईक में आग लगाकर क्षतिग्रस्त कर दी, जिससे युवक को 60 हजार रुपए का नुकसान हो गया। मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुसगवां मंधरा मझौली निवासी 60 वर्षीय केसरी प्रसाद दाहिया गत दिवस अपने लेबर के यहां ग्राम देवनगर रानीताल गया था, जिससे पूछा कितना चना काटने के लिए बचा है। दोपहर 3 बजे देवनगर निवासी पंजी ठाकुर शराब पीकर आया और पुरानी रंजिश पर गालीगलौज करने लगा, मना करने पर झूमाझपटी कर मोटर सायकिल की चाबी हाथ से छीन लिया और रोड किनारे ले जाकर उसकी मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 4079 में आग लगा दी जिससे मोटर सायकिल जल गयी और उसे लगभग 60 हजार रूपये का नुकसान हो गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 326 एच भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### बिजली करंट से दो बच्चों की मौत के मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग

# संयुक्त मोर्चा संगठन ने निकाली रैली, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि पाटन।

पाटन के सिद्धेश्वरी माता परिसर से बुधवार दोपहर 12 बजे संयुक्त मोर्चा संगठन ने एक रैली निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में पाटन के युवा मौजूद रहे सभी ने मिलकर बिजली करंट में मृत हुए दो बच्चों के दोषियों पर कारवाई को लेकर प्रदर्शन किया और मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। वार्ड नंबर 10 के पार्षद सत्यम मेहरा बजरंग दल के जिला संयोजक राजा ठाकुर आजाद सेना के पुष्पेंद्र ठाकुर दिलीप श्रीवास विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने जमकर नारे बाजी की और मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के अधिकारियों कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग



की। आरोप लगाया गया कि विद्युत मंडल की लापरवाही की कीमत दो मासूम बच्चों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी लेकिन विद्युत मंडल के अधिकारी उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं पाटन एसडीएम को ज्ञापन सोपा गया जिसमें दोषी अधिकारियों के खिलाफ 7 दिन के अंदर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई नहीं तो युवा शक्ति ने पाटन बंद करने की चेतावनी दी। आंदोलन करने वालों का कहना है कि जिस तरह से पूरे मामले में विद्युत मंडल का लापरवाही पूर्वक रवैया रहा है वह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जा सकता यदि जल्दी इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो इसके परिणाम बहुत उग्र होंगे।

## भाकिसं ने किसनों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**मझौली**। भारतीय किसान संघ ने किसनों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार मझौली को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से किसानों का रुका हुआ भुगतान शीघ्र कराएं बटवारा नामा नामांतरण सीमांकन फोती नक्शा-



खसरा इनका निराकरण किया या जाए शासकीय रास्ता का सीमांकन कर अवैध कब्जे हटाया जाए जुताई बोनी कटाई ट्रैक्टर ट्राली हार्वेस्टर उपकरणों को एक किसान दूसरे किसान को रोक-टोक किया जाता है ऐसेमामलों का तत्काल व्याकरण किया जाए अनुविभागीय अधिकारी प्रत्येक गुरुवार को राजस्व मामले की सुनवाई करे मझौली तहसील कार्यालय में प्रत्येक माह में एक दिन जनसुनवाई की जाए गेहूं खरीदी केंद्र किसानो की सुविधा अनुसार बनाया जए इस मौके पर उपस्थित भारतीय किसान संघ अखिल भारतीय कार्यकाणी सदस्य पुष्पराज सिंह चंदेल अटल बिहारी पटेल वीरेंद्र पटेल रंजीत पटेल राकेश पटेल लारा पटेल लव कुश पटेल भारत को स्टा आदि उपस्थित थे।

## 60 लीटर कच्ची शराब जप्त

**जबलपुर**। बरेला थाना अतंर्गत जमतरा रेलवे पुल के ऊपर अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब और बाईक जब्त की है। बरेला थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि ग्राम खिरहनी निवासी 22 वर्षीय लवकुश बर्मन गत दिवस मोटरसायकिल क्रमांक एमपी 20 एन व्ही 1263 में कच्ची शराब रखकर चौकी गौर जमतरा की ओर जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर जमतरा रेलवे पुल के ऊपर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब और बाईक जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## निधन






**श्री संजीब सरकार-** बंगाली कॉलोनी प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी शिशु विद्यापीठ स्कूल जीसीएफ में कार्यरत श्रीमती दीप्ति सरकार के पति तथा सुशांत सरकार के पिता श्री संजीब सरकार (56) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रीति गुप्ता-** मोहित टाउनशिप ग्रीन सिटी माढ़ोताल रोड निवासी श्री विनोद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती पीति गुप्ता (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मेवा लाल-** सर्वोदय नगर रानीताल आगा चौक निवासी श्री मेवा लाल (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती देवी गुप्ता-** द्वारका नगर चुंगी चौकी लालमाटी निवासी श्री विमल प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती देवी गुप्ता (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती बेनी बाई अहिरवार-** ललपुर शिवराज नगर निवासी श्री पंचम अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती बेनी बाई अहिरवार (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुंतला राजपूत-** सिद्धबाबा वार्ड नटबाबा पहाड़ी निवासी श्री पूरन सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला राजपूत (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गीता बाई-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री बखत सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बाई (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गा बाई कोल-** छुई खदान मड़ैया जीसीएफ निवासी श्री मिठाई लाल कोल की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई कोल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनोद कुमार ठाकुर-** ग्रीन सिटी रोड माढ़ोताल निवासी श्री विनोद कुमार ठाकुर (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कर्ण सिंह-** दत्त टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री कर्ण सिंह (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति क्वाटर से.मी.
फिक्स साइज:- 4x4 से.मी. ब्लेक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 4x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

### शराब पीने के लिये रूपयों की मांग पर विवाद

# पोल्ट्री फार्म में दो पक्षों में मारपीट, 10 घायल

**जबलपुर**। बरेला थाना अतंर्गत पोल्ट्री फार्म में ग्राम पिंडरई में पोल्ट्री फार्म में शराब पीने के लिए रुपए की मांग करने की बात पर दो पक्षों ने एक दूसर पर लोहे की रॉड, लोहे का पट्टा, लाठी व डंडों से मारपीट कर दी है। मारपीट की इस घटना में 10 लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पिंडरई निवासी 24 वर्षीय मुर्गी पोल्ट्री फार्म संचालक दीपक यादव गत रात लगभग 8.30 बजे, नरेन्द्र यादव एवं नीरज यादव पोल्ट्री हाउस मे बैठे थे तभी बाजू वाले खेत मे काम कर रहे पंजाब हरियाणा निवासी जयगोपाल, वीरेन्द्र साई, जगतार सिंह , गोविंदा बाजीगर आये और शराब पीने के लिये गिलास एवं एक हजार रूपये की मांग करने लगे, मना करने पर चारों ने मारपीट कर दी। जयगोपाल ने टेक्टर से लोहे की रॉड निकालकर एवं वीरेन्द साई ने लोहे के पट्टे से तीनों पर हमला कर घायल कर दिया वहीं बीच बचाव करने आए राजकुमार यादव के पैर में चोटें आ गई। चारों आरोपी मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

वहीं दूसरे पक्ष के सगोवल, बिलगा जालंधर ग्रामीण पंजाब निवासी 40 वर्षीय ड्रायवर जयगोपाल गत रात लगभग 8-30 बजे जगतार सिंह, गोविंदा बाजीगर मुर्गी पोल्ट्री फार्म के बाजू खेत में भूसा निकालने का काम कर रहे थे तभी पोल्ट्री फार्म हाउस के पास से दीपक यादव, नरेन्द्र, नीरज यादव आए और उन लोगों से शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगे, रूपये देने से मना करने पर तीनों गाली गलौज करते हुये लाठी डंडो से मारपीट कर दी, जिससे जयगोपाल के सिर, वीरेन्द्र को दोनों हाथ, जगतार के पैर, गोविन्दा के हाथ मे चोटें आ गई। वहीं बीच बचाव करने के दौरान विक्रम एवं जगदीश को भी चोटें आ गयी है। मारपीट कर तीनों जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 296, 115, 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## मामूली विवाद पर मारपीट

**जबलपुर**। बेलखेड़ा थाना अतंर्गत ग्राम गोखला में सौदा उठाकर घर के अंदर रखने से मना करने की बात पर एक बदमाश ने एक व्यक्ति को जातिगत रुप से अपमानित व गालीगलौज कर लकड़ी से हमला कर घायल कर दिया। बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बेलखेड़ी निवासी 58 वर्षीय मुन्नालाल चढ़ार गत सुबह लगभग 10 बजे ग्राम गोखला निवासी धरमू उर्फ धर्मेन्द्र का चना लेकर पिकअप वाहन में मण्डी गये थे जहां से वापस लौटते समय रात 9-30 बजे धर्मेन्द्र के घर पहुंचे तो धर्मेन्द्र सौदा उठा कर घर के अंदर रखने को कहा, उसके मना करने पर धरमू गालीगलौज करते हुये जातिगत रूप से अपमानित करने लगा , उसने विरोध किया तो लकडी से उसके सिर व पसली पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी।

प्रथम पुण्यतिथि

अग्नेः शरीरं प्रतिदध्मि सौम्यं, तेन लोकं गच्छत्वग्निष्टोमे।
यत्ते कृण्वन्ति कवयो मृत्यवेऽधि, तन्मा प्रजां जीवय सग्यम्।।
(ऋग्वेद)

मृत्यु केवल शरीर का अंत है, आत्मा का नहीं। प्रार्थना है कि दिव्य शक्ति आत्मा को सही मार्ग पर ले जाए और यदि पुनर्जन्म हो तो वह उत्तम योनि में हो।

स्मृति शेष अंकित मिश्रा की प्रथम पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि।



अवतरण दिवस 5 फरवरी 1988
निर्वाण दिवस 27 मार्च 2024

श्रद्धावनत

वत्सला मिश्रा-आलोक मिश्रा (मां-पिता)
छाया मिश्रा-आदित्य मिश्रा (चाचा-चाची)
साक्षी मिश्रा (पत्नी) अन्नया मिश्रा-आरवी मिश्रा (पुत्रियां)
सेजल मिश्रा-अर्पित मिश्रा (बहू-भाई)
अर्श मिश्रा-आर्यन मिश्रा (भाई)
आत्यशा मिश्रा (भतीजी)
राजकुमारी पाण्डे-ए. के. पाण्डे (बुआ-फूफा)
संतोष तिवारी-अवधेश तिवारी (बुआ-फूफा)
वंदना मिश्रा-राजेन्द्र मिश्रा (बुआ-फूफा)
राजेश्वरी तिवारी-अभिलाष तिवारी (भाभी-भाई)
अपूर्वा पाण्डे-अभय पाण्डे (भाभी-भाई)
दीपा मिश्रा-सिद्धार्थ मिश्रा (बहू-भाई)

नायक परिवार, वंडोक परिवार, स्नेही स्वजन एवं अंकित मिश्रा मित्रमंडल।

*विभाग में 7,297 पद स्वीकृत इनमें से 4,502 पद ही भरे हुए*

# पीडब्ल्यूडी में इंजीनियरों व कर्मचारियों के करीब 38 फीसदी पद रिक्त

## पदों पर भर्तियां नहीं होने से विभागीय कार्यों पर असर पड़ना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में इंजीनियरों व कर्मचारियों के करीब 38 फीसदी पद रिक्त हैं। इन पदों पर भर्तियां नहीं होने से विभागीय कार्यों पर असर पड़ना शुरू हो गया है। हालांकि विभाग ने रिक्त पदों पर भर्तियां करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है।

विभाग में कुल 7,297 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से केवल 4,502 पद ही भरे हुए हैं। शेष 2,795 पद, यानी करीब 38% पद, लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। इनमें इंजीनियरों, तकनीकी कर्मचारियों और प्रशासनिक स्टाफ के महत्वपूर्ण पद शामिल हैं। पद रिक्त होने की वजह से सड़कों, पुलों और अन्य निर्माण कार्यों में देरी की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।

### एक इंजीनियर पर औसतन तीन परियोजनाओं की जिम्मेदारी



विभाग के एक वरिष्ठ इंजीनियर ने नाम न देने की शर्त पर बताया कि कर्मचारियों की कमी के कारण मौजूदा स्टाफ पर काम का दबाव अत्यधिक बढ़ गया है। एक इंजीनियर को औसतन तीन परियोजनाओं की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है, जो सामान्य से दोगुना है। इससे न केवल समयसीमा प्रभावित हो रही है, बल्कि कार्य की गुणवत्ता भी घट रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछले एक साल में 139 निर्माण परियोजनाएं अपने निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं, जिनमें से 45% ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित हैं।

### तीन वर्षों में रिक्त पदों की संख्या में 15% की हुई वृद्धि

विभागीय आंकड़ों के मुताबिक, पिछले तीन वर्षों में रिक्त पदों की संख्या में 15% की वृद्धि हुई है, क्योंकि सेवानिवृत्ति और स्थानांतरण के बाद नई भर्तियां नहीं की गईं। सूत्रों का कहना है कि कर्मचारियों की अपर्याप्त संख्या के कारण कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं, जैसे सड़क बनाने, राज्य राजमार्गों का उन्नयन समय पर पूरा नहीं हो पा रही हैं। विशेष रूप से मप्र के तकरीबन क्षेत्रों में सड़क निर्माण और रखरखाव के कार्य बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जिससे बरसात के मौसम में सड़कों की स्थिति और खराब हो जाती है।


### परियोजनाओं के पूर्ण होने में देरी से लागत में 10-15% तक की बढ़ोतरी हुई

पीडब्ल्यूडी में कर्मचारियों की कमी होने की वजह से विभाग की परियोजनाओं का बजट भी प्रभावित हो रहा है, क्योंकि देरी से लागत में 10-15% तक की वृद्धि हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि शीघ्र ही रिक्त पदों को नहीं भरा गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। इस संबंध में विभागीय स्तर पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग पिछले तीन सालों से उठ रही है, लेकिन अब जाकर इस पर ठोस कदम उठाने की रणनीति बन पाई है। सूत्रों के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया में देरी का कारण प्रशासनिक स्वीकृति और बजट आवंटन में कमी बताया जा रहा है।

### *कर्मचारियों की कमी को नजरअंदाज करना जनता के साथ अन्याय*

*अभी हाल में ही विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर सरकार से सवाल जवाब किया। सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग भी की है। विपक्ष के एक नेता ने कहा लोक निर्माण विभाग राज्य के विकास की रीढ़ है। कर्मचारियों की कमी को नजरअंदाज करना जनता के साथ अन्याय है। ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों ने भी शिकायत की है कि सड़कों की खराब स्थिति के कारण उन्हें आवागमन में परेशानी हो रही है। रिक्त पदों को भरने के लिए शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने और मौजूदा संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करे, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके और विकास कार्य पटरी पर लौट सकें।*

## खबर संक्षेप



### देशमुख ने लोकायुक्त डीजी का संभाला पदभार

**भोपाल।** विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त के नवागत महानिदेशक योगेश देशमुख ने अपना पदभार संभाल लिया। उन्होंने मंगलवार को लोकायुक्त ऑफिस पहुंचकर जयदीप प्रसाद से कार्यभार ग्रहण किया। जयदीप प्रसाद का एससीआरबी में एडीजी के पद पर ट्रांसफर किया गया है। मंगलवार को लोकायुक्त जस्टिस सत्येंद्र सिंह की मौजूदगी में जयदीप प्रसाद की विदाई एवं योगेश देशमुख का संगठन में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान लोकायुक्त पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### आरजीवीपी कर्मचारियों की तीन मांगें मंजूर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच आरजीपीवी कर्मचारी समिति के नेतृत्व में पिछले 27 दिन से किया जा रहा आंदोलन मंगलवार को स्थगित कर दिया गया है। विवि के कुलपति और कुलसचिव द्वारा तीन मागें मंजूर करने के बाद कार्य परिषद की बैठक होने तक के लिए आंदोलन स्थगित किया गया है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे के अनुसार आरजीपीवी के स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बीते 27 दिन से ध्यान आकर्षण आंदोलन कर रहे थे। विवि के कुलसचिव के कक्ष के सामने किए जा रहे इस आंदोलन को स्थगित किया गया है।

## डॉ. यादव ने सालरिया में 58 करोड 93 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

# बड़े नगरीय निकायों में 10-10 हजार गो-वंश की क्षमता वाली बनाई जाएगी गो-शालाएं: मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत-भूमि की सनातन संस्कृति में जन्म होना हमारा सौभाग्य है। मेरा परम सौभाग्य है कि प्रदेश के सबसे बड़े गो-अभयारण्य में जन्मदिन पर साधु-संतों एवं गो-माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। ये हमारी संस्कृति को न केवल पुष्पित-पल्लवित करते है, बल्कि हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। मुख्यमंत्री ने सालरिया में गो-माताओं को शुद्ध घी से बने 6100 लड्डूओं का भोग लगाया।

मुख्यमंत्री ने सालरिया में 58 करोड़ 93 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। उन्होंने 186 स्व-सहायता समूहों को 6 करोड़ 12 लाख रुपए का बैंक ऋण वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कन्या-पूजन कर उपहार भेंट किए। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### मुख्यमंत्री ने जन्मदिन पर गो-अभयारण्य में लगाया आंवले का पौधा

**खास बातें**

- गो-माताओं को शुद्ध घी से बने 6100 लड्डूओं का लगाया भोग
- पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



### मुख्यमंत्री ने जन्मदिन पर गो-अभयारण्य में 1008 पौधे रोपे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन्मदिन पर गो-अभयारण्य सालरिया में आंवले का पौधा रोपा। किया। मुख्यमंत्री ने पौध-रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अपने जन्मदिन, शादी-सालगिरह एवं अन्य विशेष अवसर पर पौध-रोपण कर उसकी सुरक्षा एवं संरक्षण कर पेड़ के रूप में विकसित करने का संकल्प लें। सालरिया में मुख्यमंत्री के साथ 1008 पौधों का गो-अभयारण्य परिसर में रोपण किया गया।

### सरकार ने हर-घर में गोवंश बढ़ाने का लिया निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हर-घर में गोवंश बढ़ाने का निर्णय लिया है, इसके लिये निरंतर कार्य कर रही है, गो-शालाओं को आहार अनुदान की राशि 20 रूपए से बढ़ाकर 40 रुपए की गई है। जो व्यक्ति अपने घर में 10 से अधिक गोवंश पालेगा, उसे भी सरकार अनुदान राशि देगी। इसके साथ ही पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन पर प्रति लीटर पर 5 रुपए बोनस दिया जाएगा। देश में दूध उत्पादन का लगभग 9 प्रतिशत आपूर्ति मप्र की ओर से जाती है। नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड से दुग्ध उत्पादन 20 प्रतिशत तक बढ़ाकर प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। प्रदेश की सभी बड़ी नगर निगम में 10-10 हजार गोवंश की क्षमता वाली गोशालाओं बनाई जाएगी।

### *गो-अभयारण्य सालरिया में हुआ एक वर्षीय वेदलक्षणा महा-महोत्सव*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जन्मदिन पर गो-अभयारण्य सालरिया (सुसनेर) में एक वर्षीय वेदलक्षणा महा-महोत्सव अन्तर्गत गो-कथा उपसंहार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ हवन किया। उन्होंने कहा कि गो-माता में हमारे 33 कोटि देवी-देवता विराजमान है, गो-माता अपने आंचल से हमको जीवन देती है, यह प्रकृति के समान हमको जीना सिखाती है। उन्होंने कहा कि जो गाय पालते हैं, वे सभी गोपाल हैं। जिन घरों में गाय का कुल है, वह गोकुल हैं। हमें हर घर को गोकुल बनाना है। उन्होंने कहा कि जिस गांव में कोई विवाद न हों, जहां हर घर में गो-माता हों, ऐसे गांव को हम वृंदावन बनाएंगे।*

### सरकार की नीतियों, योजनाओं की जानकारी मिलेगी



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया जनसंपर्क विभाग के मोबाइल एप का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने जन्मदिन पर मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित मोबाइल एप का लोकार्पण किया। इस एप से प्रदेशवासियों को सरकार की नीतियों, योजनाओं और महत्वपूर्ण समाचारों की त्वरित व सटीक जानकारी सीधे मोबाइल पर ही प्राप्त हो सकेगी। मोबाइल एप पर समाचार, फोटो गैलरी, वीडियो गैलरी, मंत्री परिषद के निर्णय, आलेख, विभिन्न विभागों की वेबसाइट के लिंक, जिलों के समाचार तथा मंत्रिमंडल के सदस्यों, कमिश्नर और कलेक्टर की सूची आसानी से प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, संचालक जनसम्पर्क अंशुल गुप्ता तथा सोशल मीडिया विशेषज्ञ उपस्थित थे।

### *सीएम के कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण देखा जा सकेगा*

*आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. खाड़े ने अवगत कराया कि जनसम्पर्क विभाग के पोर्टल का एंड्रॉयड बेस्ड मोबाइल एप तैयार किया गया है। मोबाइल एप में मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण देखा जा सकेगा। मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगण से जुड़े समाचार सिंगल क्लिक पर एप में उपलब्ध होंगे। एप पर स्क्रीन रीडर की भी सुविधा दी गई है, जिससे यूजर आसानी से समाचार सुन सकेंगे। उन्होंने बताया कि एप में वॉइस सर्च की सुविधा दी गई है, जिससे यूजर आसानी से आवश्यकता अनुसार कंटेंट सर्च कर सकते हैं।*

## फर्जी इनकम टैक्स ऑफिसर बनकर ऐंठे लाखों रुपए, पुलिस ने धर-दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

कोंडागांव में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। फर्जी इनकम टैक्स ऑफिसर्स बनकर लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हो गया है। गिरोह के मास्टरमाइंड समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट की रकम, दो कारें और 9 मोबाइल फोन सहित 37.38 लाख रुपए की सामग्री जब्त की है।

कोंडागांव थाने में 23 मार्च को दर्ज शिकायत के अनुसार, 19 मार्च को दोपहर 2:30 बजे चार व्यक्ति एक इनोवा कार में उसकी दुकान के पास पहुंचे। चारों व्यक्तियों ने उसके पति अजय मानिकपुरी को कब्जे में रखा था। सभी ने घर में घुसकर आलमारी से 5 लाख रुपए नगद, गल्ले में रखी रकम और घर में लगे कैमरे का डीवीआर लूट लिया। इसके अलावा वहां काम कर रहे पुष्कर ठाकुर का मोबाइल भी छीन लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने धाराएं 309(4), 127(2), 332(ग) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। इस दौरान इनोवा कार की लोकेशन रायपुर में ट्रेस हुई, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। जब पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ किया तो उन्होंने बताया कि ग्राम बम्हनी निवासी साजेन्द्र बघेल के कहने पर उन्होंने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि, आरोपियों के कब्जे से 4 लाख 38 हजार रुपए लूट की रकम, 1 इनोवा कार, कार, 9 मोबाइल जब्त किया है। आरोपियों के पास से जब्त सामग्रियों की कीमत 37 लाख 38 हजार रुपए तक आंकी गई है।

## सुकमा में 26 लाख रुपए के इनामी 9 नक्सलियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

सुकमा में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है, यहां 26 लाख रुपए इनामी 9 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। पीएलजीए बटालियन नंबर 1 और जगरगुंडा एरिया कमेटी की आधा दर्जन महिला नक्सलियों समेत 9 नक्सलियों ने किया पुलिस के सामने सरेंडर किया है। ये सभी कई नक्सली वारदात में शामिल थे। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, एएसपी नक्सल उमेश गुप्ता के सामने नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

पूना नर्कोम अभियान से प्रभावित और बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव के रवैया से परेशान होकर किया इन्होंने आत्म समर्पण किया। सरेंडर किए गए नक्सलियों में छह महिला नक्सली शामिल है। पुलिस ने बताया कि सभी पर 26 लाख रुपए का इनाम घोषित था। सरेंडर करने पर यह राशि उन्हें फिर से जीवन की नई शुरुआत करने के लिए दी गई है। आत्मसमर्पण करने वाले 9 नक्सली कई बड़ी वारदात में शामिल रहे हैं। नक्सली बटालियन में सक्रिय एक नक्सली ने भी आत्मसमर्पण किया है। माना जा रहा है कि इन नक्सलियों के सरेंडर से नक्सली संगठन कमजोर हो गया है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि लगातार चलाए जा रहे ऑपरेशन और कैंप खोलने से प्रभावित होकर नौ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।



इनमें बटालियन नंबर वन के अलावा जगरमुंडा एरिया में शामिल नक्सली हैं। ये नक्सलियों की खोखली विचारधारा को त्यागकर आत्मसर्मपण किया है। इन्हें शासन की आत्मसमर्पण की नीतियों का लाभ दिया जाएगा। आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को सरकार की पुनर्वास नीति के तहत 25,000 रुपए की तत्काल सहायता दी गई और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा। बीजापुर जिले में इस साल अब तक 84 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। वहीं, पिछले साल पूरे बस्तर क्षेत्र में 792 नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया था। पुलिस और प्रशासन लगातार काम कर रहे हैं, ताकि नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़कर विकास की राह पर लौट सकें।

### केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा

## कालिंजर-अजयगढ़-पन्ना व्हाया जबलपुर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने का किया अनुरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भेंटकर कालिंजर-अजयगढ़-पन्ना व्हाया जबलपुर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने तथा केन्द्रीय सड़क निधि योजना अंतर्गत गुनौर व पवई के विभिन्न मार्गों की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में अनुरोध किया। प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने पन्ना से मंडला तक 21 किमी एलीवेटेड रोड निर्माण की प्रक्रिया को वार्षिक कार्ययोजना 2025-26 में शामिल करने के लिए केन्द्रीय मंत्री गडकरी का आभार माना।

### खाद्य अधिकारी, निरीक्षकों सहित राशन दुकानदारों को तलब करेंगे

## छत्तीसगढ़ में चावल घोटाला: अब खाद्य विभाग के अधिकारियों से होगी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में 219 करोड़ रुपए से ज्यादा के चावल घोटाले की जांच तेज हो रही है। घोटाले की जांच के लिए बनी विधानसभा समिति अब खाद्य विभाग के अधिकारियों से पूछताछ करेगी। पिछले बजट सत्र के दौरान चावल घोटाले के लिए गठित विधानसभा जांच समिति की बैठक 18 मार्च को हुई थी।

जांच के लिए गठित समिति की ये सातवीं बैठक थी। समिति की पहली बैठक 12 अगस्त 2024 को हुई थी। इसके बाद चार, पांच, 30 सितंबर, 19 नवंबर, 11 दिसंबर 2024 को हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार, घोटाले में संचालनालय के अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका भी सामने आना तय बताया जा रहा है।

### *विधानसभा की समिति गठित*

*पिछले बजट सत्र के दौरान प्रदेश में हुए चावल घोटाले की जांच के लिए विधानसभा की समिति गठित की गई थी। पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नूलाल मोहले और दो पूर्व मंत्री राजेश मूणत और विक्रम उसेंडी सहित कांग्रेस के लखेश्वर बघेल व संगीता सिंह को सदस्य बनाया गया है। इस समिति के सचिव विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा हैं। आगे की पूछताछ के लिए खाद्य अधिकारी, निरीक्षकों सहित नान के मैनेजर, ट्रांसपोर्टर सहित राशन दुकानदारों को तलब किया जाएगा। बैठक में राशन दुकानों के घोषणा पत्र को गायब करने सहित नियम विपरीत बाजार से चावल खरीदवाने के लिए जूम कान्फ्रेंस सहित दुकानों के प्रकरण बनाए बगैर आरआरसी वसूली का मुद्दा उठा था।*

### दत्तक ग्रहण विनियम-2022 पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने प्रतिभागियों को किया संबोधित

## गोद लेने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा बच्चों को मिलेगा एक उज्जवल भविष्य: भूरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से अधिसूचित दत्तक ग्रहण विनियम-2022 का उद्देश्य भारत में गोद लेने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और अधिक बच्चों को परिवार का प्यार एवं संरक्षण उपलब्ध कराना है। यह नियम किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम-2015 के तहत लागू किए गए हैं, जो अनाथ, परित्यक्त या अभ्यर्पित बच्चों के पुनर्वास के लिए दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देते हैं।

केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण और महिला एवं बाल विकास विभाग, मप्र के संयुक्त तत्वावधान में भोपाल में दत्तक ग्रहण विनियम 2022 पर दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 एवं 26 मार्च को किया जा रहा है।

### प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने कार्य करने की अपील

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने वीडियो संदेश के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया।



उन्होंने बच्चों के एडॉप्शन से जुड़ी संवेदनाओं को समझने और इस प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बच्चों के दत्तक ग्रहण से जुड़ी प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल गोद लेने की प्रक्रिया को सरल और सुरक्षित बनाया जाएगा, बल्कि बच्चों को एक उज्जवल भविष्य भी मिलेगा।

### प्रक्रिया को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

यह कार्यक्रम बच्चों के कानूनी और नैतिक रूप से गोद लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रशिक्षण के पहले दिन जिलों के प्रतिनिधि एसजेपीयू के अधिकारी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष, जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी, विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण एवं बाल गृह के अधीक्षक, प्रबंधक शामिल हुए।

### *गोद लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने पर जोर*

*आयुक्त महिला एवं बाल विकास सूफिया फारुकी वली ने कहा कि विभाग दत्तक ग्रहण विनियम-2022 के तहत बच्चों के स्थायी पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नैतिक और कानूनी तरीके से गोद लेना बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। यह न केवल बच्चों को एक सुरक्षित और प्यार भरा घर देता है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाता है।*

खबर संक्षेप

## इरेडा ने बांड के ज़रिए 910 करोड़ रुपए जुटाए




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इरेडा ने बांड जारी करके 910 करोड़ रुपये जुटाए हैं। जुटाई गई धनराशि से इरेडा की टियर-2 पूंजी बढ़ेगी, जिससे उसकी कुल संपत्ति और पूंजी-से-जोखिम-भारित संपत्ति अनुपात में वृद्धि होगी। 7.74 प्रतिशत की वार्षिक कूपन दर पर 10 साल की अवधि के लिए निजी तौर पर रखे गए।

## एयरलाइन प्रति सप्ताह भरेगी 25,610 उड़ानें



**मुंबई।** भारतीय एयरलाइन कंपनियां इस साल ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के तहत प्रति सप्ताह कुल 25,610 उड़ानों का परिचालन करेंगी। नागर विमानन महानिदेशक ने यह जानकारी देते हुए कहा कि पिछले साल इस दौरान प्रति सप्ताह 24,275 उड़ानें संचालित हुईं थीं। इस तरह प्रति सप्ताह कुल उड़ानों की संख्या में इस साल 5.50 प्रतिशत सालाना वृद्धि होगी।


## एनटीपीसी की नोख सौर परियोजना चालू

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी ने 245 मेगावाट क्षमता की नोख सौर परियोजना का परिचालन शुरू कर दिया है। एनटीपीसी समूह की क्षमता 77,806.50 मेगावाट पर पहुंच गयी है। राजस्थान में 245 मेगावाट क्षमता की परियोजना 26 मार्च, 2025 को रात 12:00 बजे से वाणिज्यिक रूप से परिचालन में आ गयी।

## आरईसी को 1.7 लाख करोड़ रुपए जुटाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लि. के निदेशक मंडल ने अगले वर्ष में कंपनी को 1.7 लाख करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दी है। कंपनी यह राशि बॉन्ड और रुपये में कर्ज और अन्य माध्यमों से जुटाएगी। कंपनी ने 26 मार्च, 2025 को हुई अपनी बैठक में 2025-26 के लिए 1.7 लाख करोड़ रुपये की कर्ज योजना को मंजूरी दी।

## इंदिरा आईवीएफ ने वापस लिया आईपीओ दस्तावेज




**नई दिल्ली।** फर्टिलिटी क्लिनिक श्रृंखला इंदिरा आईवीएफ हॉस्पिटल ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए दस्तावेजों का मसौदा वापस ले लिया है। कंपनी ने ये दस्तावेज गोपनीय तरीके से दाखिल किए थे। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के एक 'अपडेट' से यह जानकारी मिली है।

## ब्लूपाइन एनर्जी को मिला नैबफिड से वित्तपोषण

**नई दिल्ली।** ब्लूपाइन एनर्जी ने कहा कि उसे राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण एवं विकास बैंक (नैबफिड) से 1,787 करोड़ रुपये का वित्तपोषण मिला है। नैबफिड के साथ सहयोग से ऋण सेवा लागत कम करने, नकदी प्रवाह में सुधार करने और वित्तीय लचीलापन सक्षम करने में मदद मिलेगी। कंपनी ने कहा, 'ब्लूपाइन एनर्जी ने अक्षय ऊर्जा पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए नैबफिड के साथ 1,787 करोड़ रुपये का व्यवस्थित वित्तपोषण सौदा सफलतापूर्वक पूरा किया है।'

# सब छूट गए पीछे, जेएसडब्ल्यू स्टील बनी विश्व की सबसे वैल्यूएबल स्टील कंपनी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- जेएसडब्ल्यू ने विश्व की सभी स्टील कंपनियों को पछाड़ा
- सेल और टाटा स्टील दोनों के मार्केट कैप से आगे निकला जेएसडब्ल्यू

जेएसडब्ल्यू स्टील ने दुनिया की सभी स्टील कंपनियों को पछाड़ दिया है। मार्केट कैप की बात की जाए तो ये दुनिया में सबसे आगे निकल चुकी है।

इसका मार्केट कैप ढाई लाख करोड़ के ऊपर आ गया है। सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील दुनिया की सबसे वैल्यूएबल स्टील कंपनी बन गई है। जेएसडब्ल्यू स्टील का मार्केट कैप 2.5 लाख करोड़ रुपए के पार निकलते हुए सेल और टाटा स्टील दोनों के कुल मार्केट कैप से आगे निकल गया है। जेएसडब्ल्यू स्टील निप्पॉन स्टील और आर्सेलर मित्तल से भी आगे निकल गई है। भारतीय स्टील इंडस्ट्री में कंपनी की बादशाहत और मजबूत हो गई है।

### कंपनी का मार्केट कैप 2.5 लाख करोड़ के पार पहुंचा

#### जेएसडब्ल्यू स्टील पर ब्रोकरेज की राय

ब्रोकरेज का कहना है कि दूसरी छमाही में जेएसडब्ल्यू स्टील के वॉल्यूम ग्रोथ में रिकवरी संभव है। चौथी तिमाही में कंपनी के वॉल्यूम में सालाना आधार पर 15 फीसदी की अच्छी वॉल्यूम ग्रोथ देखने को मिल सकती है। कंपनी को आगे 90 फीसदी क्षमता पर ऑपरेट करने का भरोसा है। क्षमता विस्तार का काम ट्रैक पर चल रहा है। कंपनी का कैप्टिव आयरन ओर एनर्जी बूस्ट पर जोर है। जेएसब्ल्यू स्टील पर आईसीआईसीआई सिक्यूरिटी ने ने 1230 रुपए का टारगेट दिया है। वहीं, एमओएफएसएल पर इस शेयर ने 1150 रुपए का टारगेट दिया है। जबकि एचडीएफसी सिक्यूरिटी ने 1080 रुपए का टारगेट दिया है।



#### जेएसडब्ल्यू स्टील का रिटर्न

जेएसडब्ल्यू स्टील के रिटर्न की बात करें तो इस स्टॉक ने 1 महीने में 11 फीसदी, इस साल 18 फीसदी और 1 साल में 31 फीसदी रिटर्न दिया है। हाल के दिनों में सरकार की तरफ से भी घरेलू स्टील कंपनियों को राहत दी गई है। फ्लैट स्टील प्रोडक्ट पर 12 फीसदी सेफगार्ड ड्यूटी की सिफारिश की गई है। डीजीटीआर से 200 दिनों के लिए सेफगार्ड ड्यूटी की सिफारिश की है।

#### मार्केट कैप में सबसे आगे

मार्केट कैप पर नजर डालें तो जेएसडब्ल्यू स्टील इंडिया का मार्केट कैप 2.50 लाख करोड़ रुपए के आसपास है। वहीं, आर्सेलर मित्तल यूरोप का मार्केट कैप 2.32 लाख करोड़ रुपए, निप्पॉन स्टील जापान का मार्केट कैप 2.28 लाख करोड़ रुपए और चाइना बाऊ स्टील ग्रुप का मार्केट कैप 1.93 लाख करोड़ रुपए है।

### वित्त मंत्रालय ने मासिक आर्थिक समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा

# निजी निवेश में तेज वृद्धि से वैश्विक जोखिमों से पार पा सकता है भारत

- उद्योग निवेश व्यय व उपभोक्ता मांग के बीच संबंध पहचाने
- आयकर में राहत से नीतिगत दर में कटौती से उपभोग में अंतर आएगा
- निजी क्षेत्र को क्षमता विस्तार की दिशा में निवेश करना चाहिए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि निजी निवेश में तेजी लाने की जरूरत है। इससे देश को बाहरी कारणों से वृद्धि के रास्ते में उत्पन्न जोखिमों को दूर करने में मदद मिल सकती है। मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में कहा कि निजी क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती और इसके निरंतर वृद्धि परिदृश्य से राहत मिलनी चाहिए।

आर्थिक मामलों के विभाग की तरफ से जारी मासिक आर्थिक समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा गया, "यह आवश्यक है कि उद्योग अपने निवेश व्यय और उपभोग मांग के बीच सह-संबंध को पहचाने। रिपोर्ट के मुताबिक, आयकर में राहत और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर में कटौती से उपभोग में तेजी आने की उम्मीद है।

#### निजी क्षेत्र विस्तार क्षमता पर करे निवेश

निजी क्षेत्र को इन कदमों से संकेत लेना चाहिए और क्षमता विस्तार की दिशा में निवेश करना शुरू करना चाहिए। इसमें कहा गया है कि भारत की ठोस बुनियाद और आर्थिक संभावनाओं पर केंद्रित घरेलू निजी क्षेत्र का पूंजी निर्माण वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक वृद्धि का एक महत्वपूर्ण चालक होगा।



#### विदेशी मुद्रा भंडार पर्याप्त

विदेशी मुद्रा भंडार 11 महीने से अधिक के आयात बिल को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर तनावों और व्यापार नीति गतिविधियों से उत्पन्न अनिश्चितता से प्रभावित है। इसमें कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि में तेजी आई, जो निजी खपत में सुधार और मुख्य वस्तुओं (गैर-तेल, गैर-सर्राफा) के निर्यात में वृद्धि के कारण हुई।

#### कृषि गतिविधियों में तेजी से ग्रामीण मांग को समर्थन

रिपोर्ट के अनुसार, "कृषि गतिविधियों में तेजी से ग्रामीण मांग को समर्थन मिला है। आर्थिक गतिविधियों के बारे में बताने वाले महत्वपूर्ण आंकड़ें वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में बेहतर विकास गति का संकेत देते हैं। इन आंकड़ों में ईवे बिल में वृद्धि दहाई अंक में है और पीएमआई सूचकांक में विस्तार जारी है।"

#### आर्थिक मजबूती को लेकर विश्वास बढ़ा

मंत्रालय के अनुसार, केंद्रीय बजट में दीर्घकालिक विकास को गति देने के उपायों और सुधारों पर ध्यान दिया गया है, जो कि विकसित भारत की महत्वाकांक्षा के इर्द-गिर्द है। यह महत्वपूर्ण वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच घरेलू आर्थिक मजबूती को लेकर भरोसे को बढ़ाता है।

#### खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आई

रिपोर्ट में मुद्रास्फीति के बारे में कहा गया है कि खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट के कारण फरवरी, 2025 में यह सात महीने के निचले स्तर पर आ गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में खाद्यान्नों के रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद से आने वाले महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिलेगी।

#### मध्यम वर्ग के पास खर्च करने योग्य पूंजी

रिपोर्ट के अनुसार, "व्यक्तिगत आयकर ढांचे में प्रस्तावित बदलावों से मध्यम वर्ग के पास खर्च योग्य आय और उनकी खपत में सुधार होने की उम्मीद है। फरवरी में नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के साथ नकदी बढ़ाने के उपाय अधिक उदार मौद्रिक नीति वृद्धि की गति को बढ़ा सकते हैं।"

#### प्रमुख वस्तुओं का निर्यात बढ़ा

रिपोर्ट में कहा गया है कि बाह्य मोर्चे पर, प्रमुख वस्तुओं के निर्यात में उल्लेखनीय मजबूती देखने को मिली है, जो वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल से फरवरी) के दौरान 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। सकल एफडीआई प्रवाह मजबूत बना हुआ है। यह वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल से जनवरी) के दौरान 12.4 प्रतिशत बढ़ा है।

# स्वर्ण मौद्रीकरण योजना बंद करने का फैसला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- वित्त मंत्रालय ने कहा, अल्पावधि जमा जारी रहेगी
- सरकार नवंबर 2024 तक 31,168 किलोग्राम सोना जुटा चुकी

सरकार ने बेहतर होती बाजार स्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्वर्ण मौद्रीकरण योजना (जीएमएस) को 26 मार्च 2025 से बंद करने का फैसला किया है।

मंत्रालय ने कहा कि बैंक एक से तीन साल वाली अपनी अल्पकालिक स्वर्ण जमा योजनाओं को जारी रख सकते हैं। सरकार स्वर्ण मौद्रीकरण योजना के तहत नवंबर, 2024 तक लगभग 31,164 किलोग्राम सोना जुटा चुकी थी। सरकार ने इस योजना की घोषणा 15 सितंबर, 2015 को की थी। इसे लाने का उद्देश्य लंबी अवधि में सोने के आयात पर देश की निर्भरता को कम करने के साथ देश में परिवारों और संस्थानों द्वारा रखे गए सोने को जुटाना था ताकि इसका उपयोग उत्पादक उद्देश्यों के लिए किया जा सके। जीएमएस में अल्पकालिक बैंक जमा (एक-तीन वर्ष), मध्यम अवधि सरकारी जमा (पांच-सात वर्ष) और दीर्घकालिक सरकारी जमा (12-15 वर्ष) के रूप में तीन घटक शामिल हैं।

#### मध्यम अवधि वाले घटक में कोई सोना जमा नहीं होगा


मंत्रालय ने कहा कि जीएमएस के मध्यम-अवधि वाले घटक के तहत कोई भी सोना जमा 26 मार्च, 2025 से स्वीकार नहीं किया जाएगा। लेकिन इस घटक के तहत मौजूदा जमा जीएमएस के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुरूप अवधि पूरी होने तक जारी रहेगा। नवंबर, 2024 तक जमा कुल 31,164 किलोग्राम सोने में से अल्पकालिक स्वर्ण जमा 7,509 किलोग्राम, मध्यम अवधि स्वर्ण जमा (9,728 किलोग्राम) और दीर्घकालिक स्वर्ण जमा (13,926 किलोग्राम) था।

#### 5693 जमाकर्ताओं ने भाग लिया

जीएमएस में लगभग 5,693 जमाकर्ताओं ने भाग लिया। सोने की कीमतें एक जनवरी, 2024 को 63,920 रुपये प्रति 10 ग्राम से 26,530 रुपये यानी 41.5 प्रतिशत बढ़कर 90,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (25 मार्च 2025 तक) हो गई हैं।

# शेयर बाजार में सात दिन की तेजी पर विराम, सेंसेक्स 729 अंक टूटा

एजेंसी ▸▸ मुंबई



- वायदा व विकल्प खंड में निपटान रहा
- बैंक व आईटी शेयरों में रही मुनाफावसूली

स्थानीय शेयर बाजार में बीते सात कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 729 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी 23,500 अंक से नीचे आ गया। वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक अनुबंधों के निपटान से पहले मुख्य रूप से बैंक और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 728.69 अंक यानी 0.93 प्रतिशत गिरकर 77,288.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 822.97 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 181.80 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,486.85 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "हाल की तेजी के बाद बाजार में मुनाफावसूली देखने को मिली। यह मुनाफावसूली अगले सप्ताह अमेरिका में शुल्क दरों की घोषणा से पहले हुई है। औषधि और आईटी जैसे उन क्षेत्रों में कुछ बिकवाली दबाव देखने को मिला, जिनका काफी कारोबार अमेरिकी बाजार से जुड़ा है।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग के हैंगसेंग बढ़त में रहे, जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट में गिरावट दर्ज की गई। यूरोप के प्रमुख बाजारों में कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को लाभ में रहे थे।

#### इन शेयरों में रहा नुकसान

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, जोमैटो, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

#### ये शेयर रहे लाभ में

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड शामिल हैं।

### एलएंडटी को कतर से मिला 15,000 करोड़ रुपए का ठेका...



**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को कतर एनर्जी एलएनजी से अपने अपतटीय हाइड्रोकार्बन कारोबार के लिए बेहद बड़ा ठेका मिला है। कंपनी 15,000 करोड़ रुपये से अधिक के ठेके को "बेहद बड़ा ठेका" बताती है। लार्सन एंड टुब्रो ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, "विश्व की प्रमुख एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) कंपनी कतर एनर्जी एलएनजी ने लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (एलएंडटी) के हाइड्रोकार्बन कारोबार (एलएंडटी एनर्जी हाइड्रोकार्बन- एलटीईएच) को 'नॉर्थ फील्ड प्रोडक्शन सस्टेनेबिलिटी ऑफशोर कम्प्रेशन प्रोजेक्ट' के लिए बेहद बड़ा ठेका दिया है। एलएंडटी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस. एन. सुब्रह्मण्यन ने कहा, 'हम परियोजना क्रियान्वयन में नए मानक स्थापित करने के लिए तत्पर हैं। यह कतर की तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएलजी) क्षेत्र में अग्रणि स्थिति को और मजबूत करेगी।'

# मारुति तीसरे संयंत्र पर 7410 करोड़ करेगी खर्च

- खरखौदा में 2 .5 लाख वाहन प्रति वर्ष की क्षमता वाले तीसरे संयंत्र की स्थापना को मंजूरी दी गई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




देश की प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया के निदेशक मंडल ने हरियाणा के खरखौदा में तीसरा संयंत्र स्थापित करने के लिए 7,410 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी है।

मारुति सुजुकी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि खरखौदा में मौजूदा उत्पादन क्षमता 2.5 लाख इकाई प्रति वर्ष है। 2.5 लाख इकाई सालाना उत्पादन क्षमता वाला एक और संयंत्र निर्माणाधीन है। सूचना के अनुसार, बुधवार को हुई निदेशक मंडल की बैठक में खरखौदा में 2.5 लाख वाहन प्रति वर्ष की क्षमता वाले तीसरे संयंत्र की स्थापना को मंजूरी दे दी गई। इसके लिए 7,410 करोड़ रुपये के निवेश किया जाएगा। इस वृद्धि के साथ खरखौदा में क्षमता सालाना 7.5 लाख इकाई तक पहुंचने की संभावना है। प्रस्तावित संयंत्र 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# निसान सात सीटों वाला बहुउद्देशीय वाहन लाएगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- अगले 30 माह में पांच मॉडल पेश करने की योजना

जापान की वाहन विनिर्माता निसान ने बुधवार को कहा कि वह अगले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत में एक नया सात सीट वाला बहुउद्देश्यीय वाहन पेश करेगी।

निसान मोटर इंडिया ने बयान में कहा कि नया 7-सीट वाला बी-एमपीवी (बहुउद्देश्यीय वाहन) पहले से घोषित दो कॉम्पैक्ट-एसयूवी (पांच तथा सात-सीट), एक किफायती ईलेक्ट्रिक वाहन, साथ ही मौजूदा नई मैग्नाइट और एक्स-ट्रेल के अलावा एक नया वाहन होगा। कंपनी ने कहा, " यह कंपनी की भारतीय कारोबार के लिए योजनाओं के अनुरूप है, जिसके तहत वह अपने ग्राहकों की बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपने नए उत्पादों को नया आकार देगी तथा बी-एमपीवी तथा सी-एसयूवी जैसे सभी उच्च वृद्धि वाले खंड में उत्पाद पेश करेगी।"

#### *परिचालन बदलने की योजना*

*निसान इंडिया ने पिछले साल जुलाई में घोषणा की थी कि वह अगले 30 माह में पांच मॉडल पेश करने की योजना बना रही है क्योंकि उसकी योजना तेजी से बढ़ते भारतीय कार बाजार में अपने परिचालन को बदलने की है।*

# सोने में चार दिन से जारी गिरावट थमी

- सोना 235 रुपए चढ़ा ,चांदी में 1,500 रुपए का उछाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में बुधवार को सोने में चार दिन से जारी गिरावट थम गई और इसकी कीमत 235 रुपये बढ़कर 90,685 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 90,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 235 रुपये की तेजी के साथ 90,235 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि हाल के नुकसान के बाद खुदरा विक्रेताओं की ताजा लिवाली से सोने की कीमतों में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि मजबूत वैश्विक रुझान से भी कारोबारी धारणा में सुधार हुआ।

चांदी की कीमतें भी 1,500 रुपये बढ़कर 1,01,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। मंगलवार को चांदी 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

#### वैश्विक बाजार में सोना चढ़ा

इस बीच, वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना 0.16 प्रतिशत बढ़कर 3,024.96 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। इसके अलावा, एशियाई कारोबार के घंटों में अप्रैल डिलिवरी वाला कॉमेक्स सोना वायदा 3,059.10 डॉलर प्रति औंस पर बोला गया।

### संपत्ति प्रबंधक कंपनी कोटक ने अपनी सर्वे रिपोर्ट की जारी

# दूसरे देशों में बसना चाहते हैं भारत के 22 फीसदी 'अमीर'

एजेंसी ▸▸ मुंबई

- हर साल 25 लाख भारतीय दूसरे देशों में बसने चले जाते हैं

देश में कम से कम 22 प्रतिशत अति धनाढ्य लोग यहां रहने की स्थिति, विदेशों में बेहतर जीवन स्तर और अन्य देशों में कारोबार सुगमता जैसे कारणों से भारत के बारह बसना चाहते हैं।

#### गोल्डन वीजा योजना बनी पसंदीदा

अति धनाढ्य 150 व्यक्तियों के बीच किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यहां तक कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) अपनी 'गोल्डन वीजा' योजना के कारण उनके पसंदीदा गंतव्य हैं, जहां अमीर लोग बसना पसंद करते हैं। देश की अग्रणी संपत्ति प्रबंधक कंपनी कोटक प्राइवेट ने परामर्श कंपनी ईवाई के साथ मिलकर यह सर्वेक्षण किया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, हर साल 25 लाख भारतीय दूसरे देशों में बसने चले जाते हैं।

#### *भारतीय नागरिकता बरकरार रखना चाहते हैं*

*इसके निष्कर्षों में कहा गया, सर्वेक्षण में शामिल पांच में से एक अति धनाढ्य व्यक्ति वर्तमान में प्रवास की प्रक्रिया में है या प्रवास की योजना बना रहा है। उनमें से अधिकतर अपनी भारतीय नागरिकता बरकरार रखते हुए अपनी पसंद के देश में स्थायी रूप से निवास करना चाहते हैं।*

#### *भारतीय केवल 2,50,000 डॉलर ही निकाल सकते हैं*

*गावनकर ने कहा कि भारत में रहने वाला एक भारतीय नागरिक प्रति वर्ष केवल 2,50,000 अमेरिकी डॉलर ही निकाल सकता है, जबकि एक प्रवासी को 10 लाख अमेरिकी डॉलर की अनुमति है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि पूंजी देश से बाहर नहीं जाएगी।*



#### जीवनशैली में सुधार चाहते हैं

इसमें कहा गया, वे जीवन स्तर, स्वास्थ्य देखभाल समाधान, शिक्षा या जीवनशैली में सुधार चाहते हैं। दो-तिहाई से अधिक लोगों ने कारोबार सुगमता को भी इसकी मुख्य वजह बताया। सर्वेक्षण में शामिल लोगों ने प्रवास के निर्णय को "भविष्य में निवेश" बताते कहा कि अपने बच्चों के लिए उत्कृष्ट उच्च शिक्षा की चाहत उन्हें यह विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करती है।

#### पूंजी बाहर जाने की सीमा तय है

कोटक महिंद्रा बैंक की अध्यक्ष गौतमी गावनकर ने कहा कि स्थानांतरण के निर्णय को देश से पूंजी के बाहर जाने के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूंजी के बाहर जाने की सीमा तय करने से यह सुनिश्चित होता है कि यदि कोई व्यक्ति अपना निवास स्थान बदलता है तो भी धन बाहर नहीं जाएगा।

# गेहूं स्टॉक की साप्ताहिक आधार पर जानकारी देना अनिवार्य



**नई दिल्ली।** सरकार ने खाद्य सुरक्षा के प्रबंधन और बाजार में सट्टेबाजी को रोकने की व्यापक रणनीति के तहत एक अप्रैल से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए साप्ताहिक गेहूं स्टॉक की सूचना देना अनिवार्य कर दिया है। मंगलवार को एक सरकारी बयान के अनुसार, निर्देश के तहत, सभी कानूनी संस्थाओं को अगली सूचना तक हर शुक्रवार को सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर अपने गेहूं स्टॉक की स्थिति के बारे में घोषणा करनी होगी। मौजूदा समय में लागू गेहूं स्टॉक सीमा 31 मार्च को समाप्त होने वाली है।

## खबर संक्षेप

### निगमायुक्त ने गठित किया वसूली दल

**कटनी।** मप्र शासन के अनुसार नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के मात्र अधिभार (सरचार्ज) में दी गई छूट को 25 से 31 मार्च तक जारी रखते हुये अधिक से अधिक बकाया राशि वसूल किया जाना है। जिसके अनुपालन में निगमायुक्त नीलेश दुबे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति तक नगर निगम सीमान्तर्गत वार्ड क. 01 से 45 तक के सभी बकायादारों से प्रतिदिन सम्पर्क करते हुये बकाया राशि जमा कराने हेतु दल प्रभारी बनाते हुए वसूली दल का गठन किया है। श्री दुबे ने गठित दल के अधिकारी, कर्मचारी को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ आपस में समन्वय बनाते हुए प्रतिदिन वार्डों का भ्रमण कर बकायादारों से अधिक से अधिक सम्पर्क करते हुये बकाया सम्पत्तिकर,जलकर राशि जमा कराने एवं सभी दल प्रभारियों को वसूली कराये जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वसूली कार्य में किसी प्रकार की समस्या आने पर राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक से सम्पर्क करते हुये समस्या का त्वरित निराकरण कराये जाने के भी निर्देश दिए हैं।

### राशन दुकान जाकर हितग्राही ई-केवाईसी जल्द करा लें

**कटनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 9 लाख 54 हजार 151 हितग्राहियों की ई-केवायसी की जाना है। किन्तु जिले में मात्र 79 प्रतिशत हितग्राहियों द्वारा ई-केवायसी कराई गई है। जिन हितग्रहियों द्वारा अभी तक ई-केवायसी नहीं कराई गई है, ऐसे हितग्राहियों से अपील की जाती है कि वह अपनी नजदीकी राशन दुकान में जाकर 31 मार्च के पूर्व ई-केवायसी कराना सुनिश्चित करें।

### 31 मार्च तक किसान भाई करा सकेंगें पंजीयन

**कटनी।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जो 05 मई 2025 तक जारी रहेगी। भारत सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिसमें राज्य शासन द्वारा 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिए जाने से किसानों को कुल 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले के किसानों की सुविधा एवं सुरक्षित भंडारण और परिवहन की सुगमता को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल 85 उपार्जन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। जिसमें से 72 उपार्जन केन्द्र बना दिये गए है तथा शेष की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। एमपी ई-उपार्जन पोर्टल के अनुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु जिले में कुल 36 हजार 977 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिसका कुल रकबा 81260.11 हेक्टेयर है। इनमें तहसील बहोरीबंद के 7936, ढीमरखेड़ा के 6071, रीठी के 4683, विजयराघवगढ़ के 4530, बड़वारा के 3804, स्लीमनाबाद के 3314, बरही के 2527, कटनी नगर के 2075 और तहसल कटनी के 2039 किसान शामिल हैं। गेहूँ उपार्जन हेतु किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकेंगें।

बड़वारा पुलिस ने की कार्यवाही, आरोपितों को न्यायालय में किया गया पेश

# एक युवक से एक लाख का गांजा तो दूसरे से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा पुलिस ने गांजा तस्करी कर रहे युवक को गिरफ्तार किया है। वहीं एक युवक के पास से बड़ी मात्रा में कच्ची शराब भी जब्त की है। दोनो आरोपितों पर कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी एसआई किशोर द्विवेदी ने बताया कि पुलिस कप्तान अभिजीत कुमार रंजन के व्दारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। वरिष्ट अधिकारियो के मार्गदर्शन में आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र का लगातार भ्रमण कराया जा रहा था।

बुधवार को सउनि सतेन्द्र सिंह हमराह स्टाफ के द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान बड़वारा ग्राम पठरा के जंगल में एक व्यक्ति जिसका नाम सोहरत पारथी पिता रिस्टेर पारधी 32 साल निवासी ग्राम बिचपुरा थाना बरही को पकड़ा गया।युवक के कब्जे से बोरी में रखे 6.828 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया गया।जब्त गांजे की कीमत करीबन 1,05,000/- रूपये आंकी गई है।



आरोपित के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। आरोपी सोहरत पारधी को न्यायालय कटनी पेश किया गया।

### कार्यवाही में इनकी रही भूमिका

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि किशोर कुमार द्विवेदी, सतेन्द्र सिंह, सउनि विक्रम सिंह, सउनि रामनाथ साकेत, प्रआर. पवनराज, के. के. शुक्ला, राजकुमार सिंह, आर. बृजलाल प्रजापति, 591 गौरीशंकर राजपूत, दीपक सिंह की भूमिका रही।

### 60 लीटर कच्ची शराब जब्त

इसी तरह मुखबिर की सूचना पर एक युवक के पास से कच्ची शराब भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार 26 मार्च को सउनि रामनाथ साकेत हमराह स्टाफ के द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान बड़वारा ग्राम देवरी मोड़ के पास एक व्यक्ति जिसका नाम शिवा



आदिवासी पिता ललार आदिवासी 32 साल निवासी गांधीग्राम जनकपुर थाना कोतवाली जिला पन्ना के कब्जे से चार प्लास्टिक के तेल वाले डिब्बे में कुल 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब कीमती करीबन 12000/- रूपये जप्त किया। आरोपित के विरूद्ध धारा 34(2) आब एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। गिरफ्तारशुदा आरोपी शिवा आदिवासी को न्यायालय कटनी पेश किया गया।

# लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम 27 को भैंसवाही में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर , शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। जिले में लोक सुनवाई सह जनसंवाद का कार्यक्रम जारी है।

जिले में अगली लोकसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम अब गुरुवार 27 मार्च को शाम 4 बजे से विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत भैंसवाही में होगा। बुधवार 26 मार्च को संभागायुक्त जबलपुर द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक आहूत किये जाने के कारण तिथि में परिवर्तन किया गया है।

बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख-दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### यहां होगा लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम

गुरुवार 27 मार्च को विजयराघवगढ़ के भैसवाही में, गुरुवार 3 अप्रैल को ढीमरखेड़ा के खम्हरिया में, बुधवार 9 अप्रैल को रीठी विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव में, गुरुवार 17अप्रैल को कटनी विकासखंड के ग्राम पंचायत पहाड़ी में और गुरुवार 24 अप्रैल को बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहुडी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इसके अलावा गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़िया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 4 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

माधवनगर पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपित को भेजा गया जेल

# देशी कट्टा एवं कारतूस लेकर घूम रहे आदतन अपराधी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शातिर बदमाश करण बिहारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह किसी आपराध को घटित करने के इरादे से देसी कट्टा और जिंदा कारतूस लिए घूम रहा था।

माधव नगर थाना प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि आदतन अपराधी करन बिहारो को अवैध रूप से 12 बोर के कट्टे व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में की गई है। गत दिवस माधवनगर की पुलिस टीम भ्रमण पर थी, तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि करण सिंह उर्फ बिहारी पिता स्व.



रुपनारायण सिंह राजपूत उम्र 33 वर्ष नि. मानसरोवर कालोनी माधवनगर कटनी का कट्टा और जिंदा कारतूस लेकर घटना करने की नियत से घूम रहा है। जिस पर माधवनगर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर झिंझरी से करण बिहारी को 12 बोर के कट्टे व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरूद्ध धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्द किया गया है।

पुलिस के मुताबिक करन बिहारी मानसरोवर कालोनी का रहने वाला है। जो की लगातार अपराध जगत में सक्रिय है और अभी कल 24 मार्च 25 को ही हत्या के प्रयास के मामले में जिला जेल कटनी से रिहा हुआ था। जेल से आते ही पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकी देने लगा जिस पर पुलिस ने फरियादी दीपक मोटवानी की रिपोर्ट पर आरोपी करन बिहारी के विरूद्ध धारा 296, 351(3), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध किया है। इसी दौरान वह देशी कट्टा और जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। जो की फिर से जेल की सलाखो के पीछे पहुँच गया है।

कार्यवाही में सउनि संतोष सिंह, प्रआर0 अजीत सिंह, श्रीकान्त सेन, आरक्षक भानु, मनी, सुभाष, ओम शिव की भूमिका रही।

### द्वारिका सिटी स्थित बंगले में लगी भीषण आग



बरगवां क्षेत्र के द्वारिका सिटी स्थित एक बंगले में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि आस पास के लोंग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी दमकल विभाग और पुलिस को दे दी गई है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र द्वारिका सिटी स्थित आहूजा बिला गिरीश आहूजा बंगले में आग लगी है। आग इतनी भीषण थी कि मौके पर पहुंची दो दमकल गाड़ियों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। विला के सभी लोग सुरक्षित घर से बाहर निकाल लिया गया हैं। फायर ब्रिगेट के कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश में लगे हुए है।

# सेल्फ रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रचार कराने का कलेक्टर ने तहसीलदारों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव नें जन-सुनवाई एवं जन-संवाद कार्यक्रमों के दौरान पीएम किसान योजना के छूटे हुये पात्र हितग्राहियों की शिकायतों एवं आवेदनों को दृष्टिगत रखते हुए हितग्राहियों की सुविधा के मद्देनजर सैल्फ रजिस्ट्रेशन कराये जाने की प्रक्रिया का आम जनमानस में पर्याप्त प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर नें समस्त सैल्फ रजिस्ट्रेशन से प्राप्त आवेदनों को तहसीलदार आई.डी से समयसीमा में जांच कर नियमानुसार अनुमोदन की कार्यवाही करनें के निर्देश जिले के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को दिए है।

सेल्फ रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया हेतु सर्वप्रथम pmkisan.gov.in पर जाना होगा उसके पश्चात न्यू फार्मर रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करके कृषक का आधार नंबर व यूनिक मोबाईल नंबर दर्ज करना होगा। राज्य का चयन करने के पश्चात पहले मोबाईल का ओटीपी तत्पश्चात आधार का ओटीपी दर्ज करने के पश्चात अनुमति देनी होगी। अनुमति की कार्यवाही के पश्चात ग्राम की जानकारी एलजीडी कोड अनुसार सही-सही दर्ज करनें के पश्चात किसान की वर्ग तथा किसान का प्रकार चुनना होगा। इसके पश्चात एड लैंड डीटेल में जाकर जमीन की जानकारी, खसरा, रकवा, भूमि प्राप्ती की दिनाँक और प्रकार चुनने पर भूमि संबंधित दस्तावेज पीडीएफ रूप में अपलोड कर एड पर क्लिक कर सेव कर करना होगा। इस प्रक्रिया हेतु सर्वप्रथम pmkisan.gov.in पर जाकर अपडेशन ऑफ सेल्फ रजिस्टर्ड फार्मर्स पर क्लिक कर कृषक का आधार नंबर व कैप्चा दर्ज करने पर मोबाईल नंबर प्रदर्शित होगा, गलत होने पर सही नंबर डालकर गेट मोबाइल ओटीपी पर क्लिक कर आधार का ओटीपी दर्ज कर अनुमति देने पर भरा हुआ फॉर्म प्रदर्शित होगा दसमें नियमानुसार अद्यतन करें। इसके पश्चात भूमि संबंधित दस्तावेज पीडीफफ के रूप में अपलोड कर एड पर क्लिक कर सेव करना होगा।

अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने जिले के तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को पीएम किसन सेल्फ रजिस्ट्रेशन के उपरोक्त दोनों कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करानें के निर्देश दिए है।

जनसंवाद कार्यक्रम की तैयारियों का सीईओ ने लिया जायजा

# सीईओ ने आवास प्लस टू के अंतर्गत सर्वेक्षण कार्य का भी किया मुआयना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर एवं जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में गुरुवार, 3 अप्रैल को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत खम्हरिया में लोकसुनवाई सह जनसंवाद का कार्यक्रम आयोजित होगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री यादव एवं जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत लोक सुनवाई सह जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं और शिकायतों को सुनेंगे। कलेक्टर श्री यादव की इस अभिनव पहल से मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के



मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री युजवेंद्र कोरी ने ग्राम पंचायत खम्हरिया, खमतरा, पहरूवा सहित अन्य ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। श्री कोरी ने आयोजित होने वाले लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के पूर्व स्थल चयन सहित आवश्यक व्यवस्थाओं एवं तैयारी किए जाने के निर्देश ग्राम पंचायत को दिए। उन्होंने लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होने के पूर्व ग्रामीणों की समस्याओं, शिकायतों और प्राप्त आवेदन पत्रों का तत्परता पूर्व निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक को दिए। जनपद पंचायत सीईओ श्री कोरी ने आवास प्लस टू के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य का भी निरीक्षण कर 31 मार्च तक शत प्रतिशत सर्वेक्षण कार्य कर समग्र सूची के साथ वांछित जानकारी नियत समय सीमा में जमा करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे इस बात का विशेष ध्यान रखें।

इस दौरान उन्होंने केंद्रीय एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को पात्रता के अनुसार लाभान्वित कराए जाने हेतु निर्देशित किया। भ्रमण के दौरान सहायक विकास विस्तार अधिकारी अजिताभ सिंह, उपयंत्री ओ.पी. गुप्ता और अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध में कृषि विज्ञान मेला का हुआ शुभारंभ

# जैविक उत्पादों और श्री अन्न के लगाए स्टॉल, योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध में बुधवार 26 मार्च से 2 दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का भव्य शुभारंभ हुआ। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जिला पंचायत सदस्य अजय गोटिया, एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा और परियोजना अधिकारी आत्मा रजनी सिंह चौहान एवं मानव विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान पहुंचे।

जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले का आयोजन मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कृषि मेले को उपसंचालक कृषि एवं परियोजना संचालक, आत्मा ने कृषि विज्ञान मेले के उद्देश्यों पर सारगर्भित प्रकाश डाला और हर किसान की आय को दोगुनी करने के सरकार के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित की अनेक



योजनायें बनायी गयी है और उनका प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। कृषि कल्याण एवं कृषि विकास सहित आत्मा परियोजना के माध्यम से योजनाओं का लाभ हर किसानों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

### योजनाओं की दी गई जानकारी

कृषि मेला में किसानोपयोगी कई महत्वपूर्ण स्टॉलों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें से अंजय फूड कटनी प्रा. लि. के काला सोना ब्राण्ड के कच्ची घानी सरसों तेल की अच्छी-खासी मांग रही। यहां जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के प्रबंधक रंजीत सिंह गौतम की मौजूदगी में लगे स्टॉल में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना सहित अन्य स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी जा रही थी। कृषि मेला में मानव जीवन विकास समिति के स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार जैविक उर्वरक और कीटनाशकों के स्टॉल लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। जिसमें पोषक तत्व प्रबंधन उर्वरक जीवामृत, मठास्त्र, अग्नेयास्त्र, ब्रम्हास्त्र, दसपर्णी, वर्मीकम्पोस्ट, मटकाखाद लमित जैसे कीटनाशक और दवाईयों का भी प्रदर्शन किया गया।

### प्रदर्शन सह विक्रय स्टॉल लगाये

वहीं संगम बीडी एफपीओ द्वारा श्री अन्न के स्टॉल में कोदौ-कुटकी, रागी, ज्वार, काला गेहूं, मसाला, हल्दी, धनिया, मिर्च आदि का प्रदर्शन सह विक्रय स्टॉल लगाये गये। जिनमें लोगों की काफी भीड़ देखी गयी। इसके अलावा मेले में लाडली बहना, शौर्यादल, लाडली लक्ष्मी, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, इफको के भी स्टॉलों में किसानों ने पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ली। वहीं कृषि यंत्रों में ट्रैक्टर, रोटावेटर, हैवी सीडर, सुपर सीडर, मल्टी क्रॉप सीड ड्रिल, लेवलर और मल्ट्री क्रॉप थ्रेसर का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा लोगों के जनाकर्षण का केन्द्र यहां इफको द्वारा प्रदर्शित ड्रोन रहा जिसके माध्यम से फसलों में कीटनाशकों के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया।

# जिले में अब तक 9.90 लाख से अधिक नागरिकों की कराई गई ई-के.वाई.सी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले की समस्त जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में समग्र पोर्टल मे समग्र आई.डी से आधार नंबर की शत-प्रतिशत ई-के.वाय.सी. का कार्य पूर्ण कराने हेतु की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा अभियान की सतत समीक्षा की जाकर अधिकारियों को भू-स्वामियों के राजस्व भू-अभिलेख खसरे को समग्र एवं आधार से लिंकिंग प्रक्रिया भी सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया है।

कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से जिले के नगरीय निकायों सहत विकासखंडों में समग्र ई- केवाईसी का कार्य निरंतर जारी रखा जाकर अधिक से अधिक नागरिकों की समग्र आई.डी से खसरा नंबर लिंक कराने की कार्यवाही की जा रही है।

### 26 मार्च तक की स्थिति

कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर विकासखंडवार किये जा रहे इस कार्य के तहत बुधवार 26 मार्च की प्रातः तक जिले में कुल 9 लाख 90 हजार 343 नागरिकों की समग्र आई से आधार से ई-केवाईसी की जा चुकी है। जिसमें जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 21 हजार 350 , जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 1 लाख 44 हजार 744, जनपद पंचायत बहोरीबंद में 1 लाख 75 हजार 147, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 44 हजार 372 , जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 2 हजार 620, जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 47 हजार 735, नगर निगम कटनी क्षेत्र में 1 लाख 25 हजार 411, नगर परिषद बरही में 10 हजार 777, नगर परिषद कैमोर में 11 हजार 212 तथा नगर परिषद विजयराघवगढ़ में 6 हजार 975 नागरिकों की ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण हो चुका है।

जिले के नागरिकों के लिए समग्र आई.डी. का आधार से ई-के.वाय.सी. का कार्य एम.पी. ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सी.एस.सी.के, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है। नागरिकों के लिए ई-के.वाय.सी की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है।

कियोस्क एजेंसी को प्रति सफल ट्रांजैक्शन हेतु एम.पीएस.ई.डी.सी द्वारा प्रति ट्रांजेक्शन निर्धारित शुल्क दिया जायेगा।

# जबलपुर में 39 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जबलपुर के उत्तर मध्य, केंट और पश्चिम विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 39 करोड़ रुपये है। मंत्री सिंह ने इन कार्यों के माध्यम से शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और विकास को गति देने का संकल्प लिया। भूमिपूजन के दौरान सिंह ने अहिंसा चौक से दीनदयाल चौक तक सड़क निर्माण, दीनदयाल लेग से ग्रीन सिटी मेन रोड, गजरथ कालोनी तक सीसी मार्ग निर्माण सहित कई अन्य सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से शहर के यातायात को सुगम बनाने में मदद मिलेगी और शहर की दृश्यता में भी सुधार होगा। इसके अतिरिक्त, 4 सौ करोड़ रुपये की लागत से पिसनहारी के पास पुरवा मार्ग और टू-लैंड लिंक मार्ग का भी लोकार्पण किया गया।मंत्री सिंह ने अपने संबोधन में जबलपुर के विकास की दिशा में किए गए अनेक ऐतिहासिक कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि जबलपुर में फिलहाल देश का सबसे बड़ा फ्लाईओवर निर्माणाधीन है, जिसकी लागत 11 हजार करोड़ रुपये है। इसके साथ ही 4,500 करोड़ रुपये की लागत से 117 किलोमीटर लंबी रिंग रोड बन रही है, जिसमें दो लॉजिस्टिक पार्क और नर्मदा पर दो आयकॉनिक ब्रिज भी होंगे। सिंह ने यह भी बताया कि शहर का एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन भी आधुनिकतम बनाए जा रहे हैं। वह आगे बोले, "जबलपुर को अब उपेक्षा का शिकार नहीं बनने दिया जाएगा। हमारी सरकार जबलपुर को एक महानगर के रूप में विकसित करेगी, जिसमें सड़कों के विस्तार और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा।" उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर अब प्रतिमाह निरीक्षण करेंगे।

इसके अलावा, मंत्री ने लोकपथ एप का जिक्र करते हुए कहा कि इस एप के माध्यम से अब सड़क के गड्ढों को सात दिनों के भीतर ठीक किया जा रहा है। यह एप अब अन्य राज्यों में भी अपनाई जा रही है, और इसकी कार्यप्रणाली को केबीसी के मेजबान अमिताभ बच्चन ने भी सराहा था।

मंत्री सिंह ने गढ़ा बाजार में व्यापारियों से अपील की कि वे सकरी सड़कों के चौड़ीकरण में सहयोग करें ताकि बाजार को एक विकसित रूप दिया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में जबलपुर की पहचान एक समृद्ध और विकसित महानगर के रूप में होगी, जिसे पूरे देश में सराहा जाएगा।

इस अवसर पर विधायक डॉ. अभिलाष पांडे, नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, अभय सिंह ठाकुर, कमलेश अग्रवाल, कौशल सूरी, श्रीमती अंजू भार्गव, सुरूपा राव, योगेन्द्र सिंह, प्रशांत दुबे, संतोष यादव, रेणु कोरी, राम पटेल, संजय तिवारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक व बड़ी तादात में जन सामान्य उपस्थित थे।

## लालसाई द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता सिंधी प्रीमियर लीग का आयोजन

**जबलपुर।** लालसाई झूलेलाल जी के अवतरण दिवस एवं सिंधी नववर्ष चेट्रीचंड्र के अवसर पर एलसीसी द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता सिंधी प्रीमियर लीग का पांचवा संस्करण स्थानीय रानीताल स्टेडियम में 20 से 25 मार्च तक आयोजित किया गया। जिसका फाइनल मैच 25 मार्च मंगलवार को जसूजा वारियर्स और सिंध वारियर्स के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए जसूजा वारियर्स ने कप्तान दिव्य मनुरमानी के 28 बॉल पर 31 रन की मदद से निर्धारित 10 ओवर मे 3 विकेट गंवाते हुए 80 रन बनाए। सिंध वारियर्स के यश वाधवानी ने 2 ओवर मे 20 रन देकर 2 विकेट लिए। 81 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम सिंध वारियर्स अपने कोटे के 10 ओवर मे अमित हरयानी के 16 बॉल पर 25 रन की मदद से 9 विकेट खोकर 54 रन ही बनाते हुए 26 रन से ख़िताबी मुकाबला गँवा दिया। जसूजा वारियर्स के गुड्डा ने 2 ओवर में 9 रन देते हुए 3 विकेट लिए । जसूजा के कप्तान दिव्य मनुरमानी को शानदार ऑल राउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ़ द फाइनल चुना गया। **SPL** 5.0 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जसूजा के दिव्य मनूरमानी, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज जसूजा के करन लालवानी, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज सिंध वारियर्स के रवि खत्री एवं सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक जसूजा के अजय दूसेजा चुने गये।



## बख्तावर बने सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष

### आम सभा में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति

**जबलपुर।** जबलपुर सराफा एसोसिएशन के चुनाव गत दिवस आम सभा में किए गए। चुनाव अधिकारी की नियुक्ति हुई जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेश सराफ सह चुनाव अधिकारी कैलाश ताम्रकार, एडवोकेट सुनील सोनी ने चुनाव की औपचारिकता पूरी होने के बाद पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि गत मंगलवार को नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख थी मंगलवार तक वर्तमान अध्यक्ष राजा सराफ के मार्गदर्शन में 28 लोगों के पूरी पैनल के फॉर्म जमा किए गए बुधवार 26 मार्च को नामांकन पत्रों की स्कूटनी के बाद चुनाव अधिकारियों द्वारा नए पदाधिकारियों की घोषणा की जिसमें अध्यक्ष अजय सराफ बख्तावर, मंत्री अमित अग्रवाल अनु, कोषाध्यक्ष ओम सोनी, उपाध्यक्ष, महेंद्र ओसवाल मीनू, नवीन सराफ बंटी, सह मंत्री के के सुहाने विवेक अग्रवाल रिंकू को चुना गया। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य के रुप में संतोष सोनी मगरमुहा, प्रमोद सोनी कल्लू, मोनू मंगल कलर्स, राजेश सराफ मुखिया, संजय सोनी सिलौडी, बालकृष्ण सराफ, दीपक सोनी दीपू, सतीश केसरवानी, विवेक सराफ, सुरेंद्र सोनी, सत्येंद्र सोनी, रतनदीप सराफ दीपू,रजत सिंघाई, योगेश सोनी बबलू, कमल जौहरी, रूपेंद्र बिलैया प्रांजुल सराफ, अमित अग्रवाल, आशीष सोनी,रामदास सोनी छुट्टी, राहुल जड़िया नियुक्त किया गया।



# तिल एवं रामतिल फसल पर प्रशिक्षण

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, में अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (तिल एवं रामतिल) के समन्वयक डॉ. ए.के. विश्वकर्मा के निर्देशन पर राष्ट्रीय तिलहन ओर ऑयल पाम मिशन के अंतर्गत अटारी, जोन- जबलपुर मे दो दिवसीय तिल एवं रामतिल विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें जबलपुर जिले के 7 ब्लाक से 20 कृषि विस्तार अधिकारियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस उद्‌घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. एस.आर.के सिंह (निदेशक - अटारी जोन-जबलपुर) रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव (अधिष्ठता कृषि महाविद्यालय जबलपुर ),परियोजना समन्वयक डॉ. ए.के. विश्वकर्मा एवं संस्था के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.रजनी बिसेन एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नम्रता जैन की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रशिक्षण के लिए आए कृषि विस्तार अधिकारियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसआरएफ रामकुमार पटेल एवं आभार प्रदर्शन फील्ड असिस्टेंट देव्यरत्न उइके के द्वारा किया गया।

## शनिधाम में शनैश्चरी अमावस्या महोत्सव 29 को

**जबलपुर।** तिलवारा घाट स्थित शनिधाम में 29 मार्च को शनैश्चरी अमावस्या महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। शनिधाम में वृंदावन से आ रहे हलवाई 108 प्रकार के भोग बनायेंगे। हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर चैत्र माह की अमावस्या तिथि शनिवार 29 मार्च शनैश्चरी अमावस्या के रूप में मनाई जाएगी। शनिवार के दिन पडऩे के कारण इसे शनि अमावस्या भी कहा जाता हैं। श्री शनि अमावस्या महोत्सव के अवसर पर तिलवारा स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में दिव्य 56 भोग के साथ भव्य महोत्सव आयोजित किया जाएगा। शनिधाम में विशेष पूजन, शनि अभिषेक, दिव्य आरती, मथुरा वृंदावन से आये महाराज द्वारा निर्मित 56 भोग अर्पण किया जाएगा एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

# नेत्रहीन विद्यार्थियों को स्किल्ड किया जाएगा

## पीएम श्री कॉलेज व हेल्प द ब्लाइंड फाउंडेशन ट्रस्ट के मध्य एमओयू

जबलपुर। दिव्यांग प्रकोष्ठ, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज, जबलपुर एवं हेल्प द ब्लाइंड फाउंडेषन ट्रस्ट (कोशाम्ब मल्टी ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड) के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर कर, एमओयू किया गया। जिसमें शिक्षण प्रशिक्षण के माध्यम से नेत्रहीन विद्यार्थियों के सशक्तिकरण के प्रयास हेल्प द ब्लाइंड फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा कराया जायेगा। एमओयू महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. अरुण शुक्ल, डॉ. शिवेन्द्र परिहार एवं हेल्प द ब्लाइंड फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से राधाकृष्णन, डॉ. नटराज शंकरन, धीरज पटेल कम्प्यूटर ट्रेनर द्वारा हस्ताक्षर किये गये। इस एमओयू के अंतर्गत नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए 40 आधुनिक कम्प्यूटर की लैब से 2 वर्ष का एडंवास कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसमें 30-30 विद्यार्थियों के बैंच बनाये जायेगें। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रस्ट की ओर फैलोशिप एवं लैपटाप दिया जायेगा।




प्रो. अरुण शुक्ल, प्रभारी दिव्यांग प्रकोष्ठ ने बताया कि एमओयू के अंतर्गत हेल्प द ब्लाइंड फाउंडेशन ट्रस्ट (कोशाम्ब मल्टी ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड) द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज को आधुनिकतम उपकरणों से लेंस 40 कम्प्यूटर की लैब मिलेगी। प्रशिक्षण के माध्यम से नेत्रहीन विद्यार्थियों को स्किल्ड किया जायेगा जिससें उन्हें प्लेसमेंट मिल सकें। नेत्रहीन विद्यार्थियों को पर्सनालिटी डेवलमेंट, इंग्लिश स्पोकन, मोमलिटी, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी, प्राइवेट कंपनियों में प्लेसमेंट दिया गया। इस अवसर पर दिव्यांग प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया उपस्थित रहें।




## जबलपुर में 'वर्ल्ड ऑप्टोमेट्री डे' मनाया गया

**जबलपुर।** विगत दिवस 23 मार्च 2025 को होटल मिड टाउन जबलपुर में 'वर्ल्ड ऑप्टोमेट्री डे' जबलपुर डिवीजनल ऑप्टोमेट्री एसोसिएशन जबलपुर व ASG हॉस्पिटल द्वारा मनाया गया जिसमें ऑप्टोमेट्रिस्ट अध्यक्ष नीतेश सिंह गौर संचालक हेमराज आई केयर गढ़ा, शहपुरा ऑप्टोमेट्रिस्ट राजेश चौकसे, प्रवेश शुक्ला, संदीप चौधरी संचालक श्रीधाम आई केयर, ऑप्टोमेट्रिस्ट राहुल चौरसिया, ऑप्टोमेट्रिस्ट दीपक आदर्श, ऑप्टोमेट्रिस्ट मोहम्मद ओसाफ खान, प्रवीण सिंह सेंगर, ऑप्टोमेट्रिस्ट कमलेश साहू, ऑप्टोमेट्रिस्ट सजल श्रीवास्तव, श्री जैसवाल आदि ने अपनी उपस्थिति दी। अध्यक्ष गौर साहब ने नेत्र रोगियों के लिए खासतौर पर चश्मे पहनने वाले मरीजों के लिए बताया कि चश्मे की सही जाँच के लिए ऑप्टोमेट्रिस्ट या आप्थाल्मोलॉजिस्ट के पास ही जाएं।

# भक्त शिरोमणि माँ कर्मा की 1009वीं जयंती धूमधाम से मनाई

जबलपुर।

सम्पूर्ण साहू समाज की आराध्य देवी माँ कर्मा का जन्मोत्सव साहू युवा संस्था के नेतृत्व में मानस भवन राइट टाउन में पूजन अर्चन और उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविकरण साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड मप्र शासन ने माँ कर्मा देवी के संदेश और भक्ति को प्रतिपादित करते हुए कहा कि माँ कर्मा देवी का जीवन साहू समाज के लिए ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण मानव समाज और हिन्दू धर्मप्रेमीजनों के लिए है। उन्होंने माँ कर्मा का संदेश "जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ" ध्येय वाक्य में हमारी व्यवस्था, जातिप्रथा और सामाजिक समरसता का गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है, हमें केवल उनकी भक्ति की शक्ति को संग्रहित करना होगा। कार्यकम अध्यक्ष सुप्रसिद्ध चिकित्सक आईएमए के अध्यक्ष डॉ. दीपक साहू ने बताया कि साहू समाज में सामाजिक चेतना में जागृति लाना होगी, दूसरे राज्यों में जिस प्रकार साहू समाज सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में अग्रणी स्थान बनाये है, ऐसा हमें जबलपुर और मध्यप्रदेश में उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। यह तभी संभव होगा जब हम आपसी वातावरण को सहज और सरल बनाएंगे। कार्यक्रम में आये सभी सम्मानीय अतिथियों का सम्मान शाल, श्रीफल भेंटर कर किया गया। द्वितीय चरण में साहू समाज के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक साहू व पप्पी सहयोगी ने किया, आभार प्रदर्शन संरक्षक योगेन्द्र साहू ने किया। श्रीमती श्रद्धा साहू, रानी दिलीप साहू ने सभी महिला शक्ति का आभार व्यक्त किया। अंत में सभी सामाजिक बंधुओं, माता-बहनों ने प्रसाद और भोज ग्रहण किया। इस अवसर पर राधेश्याम साहू, नम्रता साहू, कृष्ण कुमार साहू, विनय साहू, राजेश साहू, स्वप्निल साहू, नीलेश साहू सहित समीपवर्ती क्षेत्रों से आये हुए अतिथिगण उपस्थित रहे।






## कैंसर पीड़िता को उपचार सहायता का दिया आश्वासन

**जबलपुर।** जनकल्याण मानव अधिकार फाउंडेशन द्वारा की गई एक अनोखी पहल में कैंसर पीड़ित लक्ष्मी बाई जो की बेलखरबा ग्राम में रहती है उसके मुंह में कैंसर है समाज सेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानीश सोनी, दीपक नामदेव, सचिन व सहयोगी सुनील ने आज उनके घर जाकर कैंसर पीड़ित महिला को फल एवं उपचार सहायता हेतु प्रोत्साहित किया तथा उसके उपचार हेतु पूरी मदद करने का आश्वासन दिया है। यह संस्था लगातार गरीब बच्चों एवं गरीब परिवारों की मदद करने में आगे रही है।

# खालसा कॉलेज में जनजातीय गौरव दिवस मनाया



**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में 26 मार्च को प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक की अध्यक्षता में जनजाती गौरव दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केशरवानी महाविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ध्रुव दीक्षित, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातीय आयोग जबलपुर के प्रांत संयोजक सोहन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि कल्याण आश्रम मदन महल के सदस्य महेन्द्र प्रताप उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य ने शाल, श्रीफल से किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जनजातीय समाज भारत की सांस्कृतिक विविधता और गौरवशाली इतिहास का एक अभिन्न अंग है। उनकी परंपराएं, रीति रिवाज और जीवनशैली हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीने की प्रेरणा देती हैं। यह दिवस हमें उन महाज जनजातीय नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाता है, जिन्होंने समाज और देश की रक्षा के लिए बलिदान दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई तथा विद्यार्थियों को वृत्त चित्र दिखाया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में शिखा पाराशर, डॉ. मनीष शाह, डॉ. शिवमणि मिश्रा, प्रकृति विश्वास, डॉ. विपिन राय, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. रोहित वमा्र, डॉ. जीसी राय, डॉ. संध्या कोष्टा, डॉ. शशि दुबे, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. रत्नेश नामदेव, डॉ. आरती शुक्ला सहित अनेक प्राध्यापक व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## विद्युत वितरण कंपनी 47 कार्मिकों को वेतनमान का लाभ

**जबलपुर।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 24 मार्च 2025 को जारी अपने आदेश में 47 कार्मिकों को 35 वर्षीय समयमान वेतनमान का लाभ दिया है। कंपनी द्वारा जारी आदेश में कार्यालय सहायक वर्ग के समयमान वेतनमान का लाभ पाने वाले कार्मिकों में प्रदीप कुमार शुक्ला, श्रीमती सुनीता सिरपुरकर, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, नानू बिहारे एवं राधेश्याम ठाकरे सहित कुल 40 कार्मिक शामिल हैं। सहायक मानचित्रकार वर्ग के समयमान वेतन का लाभ पाने वाले कार्मिक, संजय मोहर्रिर (सेवानिवृत्त), राजीवकांत श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त), विजय कुमार कोष्टा एवं मिथलेश कुमार चौधरी हैं। भृत्य वर्ग के समयमान वेतन का लाभ पाने वाले कार्मिक, रोम बहादुर, मूलचंद यादव एवं तुलाराम डुमार हैं।

## माता गुजरी महिला महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

**जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय में 22 मार्च 2025 को डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पाहवा तथा रजिस्ट्रार डॉ. सत्येंद्र कुररिया के मार्गदर्शन में तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुनीता सोनी और डॉक्टर संगीता सरखेल के निर्देशन में एम.एस.सी. फाइनल ईयर, बी.एस.सी. थर्ड ईयर और बीएससी. फोर्थ ईयर की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जो एक यादगार और भावपूर्ण क्षण था। समारोह में बी.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर और एम.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने अपने सीनियर्स के लिए ग्रुप डांस और गायन की प्रस्तुति की। इसके अलावा, तृतीय वर्ष, चतुर्थ वर्ष और एम.एस.सी. फाइनल की छात्राओं को रैंप वॉक कराया गया, जिसमें सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस समारोह में कुछ छात्राओं को विशेष पुरस्कार दिए गए, जिनमें मिस फेयरवेल यूजी- कौशिकी गौतम, पीजी- आस्था शर्मा, मिस रेडियंस अनुपमा लाल, मिस फोटोजेनिक सोनाली गुल्हानी, मिस वर्सेटाइल शिवानी जावरे, मिस एलिगेंट नेहा पटेल, मिस सनशाइन स्माइल तृप्ति पांडे और अन्य गेम्स शामिल थे। इसके अलावा, छात्राओं ने बैलून डांस और दमशराज जैसे गेम्स में भाग लिया और खूब सारे प्राइजेज जीते। इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पहवा ने छात्राओं को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। निर्णायकगण डॉ. संध्या बटालिया, डॉ. मंजूषा पौराणिक, डॉ. रानू सिंह, डॉ. महिमा त्रिपाठी, डॉ. माया शुक्ला, डॉ. मोनिका धगट रहीं।




# प्रदेश के कर्मचारियों का गृह भाड़ा भत्ता बढ़ाया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि संघ के द्वारा मुख्यमंत्री मप्र को पत्र लिखकर प्रदेश के कर्मचारियों का गृह भाड़ा भत्ता बढ़ाने की मांग की गई है, क्योंकि वर्षों से प्रदेश के कर्मचारियों का गृह भाड़ा भत्ता नहीं बढ़ाया गया जिससे कर्मचारियों का इस बढ़ती हुई मंहगाई के दौर में किराये के मकान में रहना दूभर हो गया है। क्योंकि जहां एक तरफ शासन द्वारा गृह भाड़ा भत्ता अति न्यूनतम राशि के रूप में दिया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ मंहगाई अपनी चरम सीमा पर है ऐसे में गृह भाड़ा भत्ता कर्मचारियों का बढ़ाया जाना चाहिए। क्योंकि इतनी न्यूनतम राशि से न तो परिवार के रहने लायक किराये का मकान ही मिल पाता है और न ही बिजली का बिल जमा किया जा सकता है क्योंकि जितनी राशि गृह भाड़ा भत्ता के नाम पर मिलती है उससे कहीं ज्यादा तो बिजली का बिल प्रतिमाह आता है।संघ के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, राजकुमार यादव, राकेश श्रीवास, एनोस विक्टर, राजेश सिंह ठाकुर, दिपेश जैन, रउफ खान, गुडविन चार्ल्स, सुनील झारिया आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रदेश के कर्मचारियों का गृह भाड़ा भत्ता बढ़ाया जाए।

## शहर की 100 से ज्यादा मस्जिदों में होगी हाफ़िज़ साहिबान की दस्तारबंदी

# पाक रात शबे कद्र आज

जबलपुर।

रमजान शरीफ की पाक रात शबे कद्र आज है। इस मौके पर नगर एवं उपनगरीय क्षेत्रों की 100 से ज्यादा मस्जिदों व नमाजगाहों में रात्रिकालीन तरावीह की विशेष नमाज में कुरान शरीफ का पाठ पूर्ण किया जाएगा। जिसके बाद हाफिज साहिबान की दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया जाएगा। मस्जिद कमेटी एवं नमाजियों द्वारा हाफिजों को नजराने व तोहफे पेश किये जाएँगे। इस अवसर पर मस्जिदों में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। मुस्लिम धर्मावलंबियों के अनुसार ये रात हजारों रात से अफज़ल रात है। इस रात में इबादत करना चाहिए और अल्लाह से गुनाहों की तौबा करना चाहिए।



दस्तारबंदी- पाक रात शबे कद्र के मौके पर रात्रि 10 बजे मदनी मिल्लत सेवा समिति के तत्वावधान में मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश की सरपरस्ती में जश्ने दस्तार बंदी का आयोजन मुस्लिम बहुल क्षेत्र चार खम्बा में किया जाएगा। जिसमें शहर की तमाम मस्जिदों तरावीह की विशेष नमाज अदा कराने वाले हाफिज साहिबान की दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया जाएगा। गौरतलब है की समिति द्वारा विगत 30 वर्षों लगातार आयोजन किया जा रहा है। समिति के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी मतीन अंसारी, अध्यक्ष आसिफ भाई, गुड्डू बाबा, अफरोज अंसारी, नुरुद्दीन अंसारी आदि ने हाफिज साहिबान एवं अकीदतमंदों से की गुजारिश की है। इसके आलावा शहर के अन्य स्थानों में भी अन्य कमेटियों द्वारा हाफिज साहिबान की दस्तारबंदी की जाएगी।

दरबारे बुनियादी- रमजान के 25वें रोजे पर सूजी मोहल्ला स्थित हज़रत बुनियाद अली शाह रहमतुल्ला अलैह की दरगाह में अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया गया। मेराज बाबा जमाली ने आयोजन की सरपरस्ती फरमाई। मगरिब की अजान बुलंद होते ही रोजेदारों ने अफ्तार किया। अफ्तार में हिन्दू धर्मावलंबी एवं जनप्रतिनिधिगण भी मौजूद रहे। अफ्तारोपरान्त मगरिब की सामूहिक नमाज मौलवी रियाज आलम मुहम्मदी ने अदा कराई। नमाजोपरान्त मुल्क की तरक्की खुशहाली की दुआएं मांगी गई। सूफ़ी खादिम बाबा जमाली ने इस मौके पर कहा कि इस दरबार ने शहर को हमेशा शांति सद्भावना एकता का संदेश दिया है।

CHANGE OF NAME
I, ARMY NO. 15740428N RANK HAV NAME SANTOSH NAVI S/O SADASHIV UNIT HQ MB AREA, JABALPUR (MP) I, have changed name of my DAUGHTER from LAXMI NAVI (name as per my Army service records) to LAXMI SANTOSH NAVI (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD AND BIRTH CERTIFICATE vide affidavit dated 25/03/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT (Name and place of Court).
CORRECT NAME
LAXMI SANTOSH NAVI
INCORRECT NAME-LAXMI NAVI

# 3 फीट लंबा और 18 किलो वजन ये है दुनिया का सबसे छोटा डॉक्टर

नई दिल्ली। दुनियाभर में कई ऐसे लोग हैं, जो तमाम मुश्किलों के बावजूद सफलता हासिल कर इतिहास रच देते हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं। इस शख्स का नाम गणेश बरैया है। 23 साल के गणेश ने साबित कर दिखाया कि अगर हौसला बुलंद हो तो कोई भी सपना असंभव नहीं. गुजरात के तलाजा थालुका में जन्मे गणेश का कद भले ही 3 फीट हो, लेकिन उनकी उपलब्धि इतनी बड़ी है कि आज उन्हें दुनिया के सबसे छोटे डॉक्टर के तौर पर जाना जा रहा है। उनकी यह प्रेरक कहानी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।

## छोटे कद के कारण ठुकरा दिया आवेदन



गणेश बचपन से ही डॉक्टर बनना चाहते थे।अपनी मेहनत से उन्होंने मेडिकल परीक्षा में भी एमबीबीएस करने के लिए सफलता हासिल की, लेकिन मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने उनके छोटे कद के कारण बताकर आवेदन ठुकरा दिया। लेकिन, इस बात से गणेश ने हार नहीं मानी और अपने स्कूल प्रिंसिपल की मदद से उन्होंने जिला कलेक्टर, राज्य शिक्षा मंत्री और गुजरात हाई कोर्ट तक गुहार लगाई। जब कहीं से मदद नहीं मिली, तो मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। साल 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने उनके हक में फैसला सुनाया और 2019 में गणेश ने एमबीबीएस में दाखिला लिया।

# मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड द्वारा चार कर्मचारी संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित



**बिलासपुर।** खोरधारोड के मंडल रेल प्रबंधक, एच.एस. बाजवा ने मंडल के चार रेल कर्मचारियों को उनकी ईमानदारी और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए सुरक्षा पुरस्कारों से सम्मानित किया। उन्होंने इन रेल कर्मचारियों के अटूट समर्पण की सराहना की और कहा कि कर्तव्यों का पालन करते समय सतर्क, सावधान और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहें।

इन पुरस्कार विजेताओं में से सुनंद कुमार बेहरा, स्टेशन प्रबंधक, जोरन्दा और टेकी श्रीनिवास राव, तकनीशियन-I/पलासा हैं। इन दोनों कर्मचारियों की सतर्कता और सूझबूझ से ट्रेनों का सुरक्षित और कुशल संचालन सुनिश्चित किया गया। तीसरा सम्मान खोरधारोड के मुख्य नियंत्रक, डी. रमेश बारिकी को प्रदान किया गया। वह ट्रेन पासिंग स्टाफ को संरक्षा परामर्श प्रदान करके अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार हैं और चौथे पुरस्कार विजेता खोरधारोड के संरक्षा अनुदेशक, सुकेंद्र बेहरा हैं। जिन्होंने आपदा प्रबंधन योजनाओं की समय पर तैयारी, रात में फूट प्लेट निरीक्षण एवं जोनल, इंटर जोनल संरक्षा लेखा परीक्षा निरीक्षणों में सहायता करने में तत्पर हैं। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में पी. के. बेहरा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन), शुभ्रज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा), नमोनारायण मीना और अन्य शाखा अधिकारी उपस्थित थे।

## रोचक खबरें

### 'मैं कौन हूं?' शख्स ने चैट जीपीटी से पूछा सवाल, मिला ऐसा जवाब डर के मारे हाथ से छूट गया फोन!

**लंदन।** आजकल ज़माना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। ऐसे में लोग अपनी ज्यादातर समस्याओं का समाधान चैट जीपीटी से मांगने लगे हैं। बहुत बार ऐसा होता है कि लोग उससे कुछ पूछते हैं और जवाब संतोषजनक होता है। कई बार ये हमारी मेहनत को कम कर देता है, लेकिन ऐसा भी कभी हो जाता है कि चैट जीपीटी कुछ ऐसा कह दे, जो सुनने के लिए हम तैयार नहीं होते। तकनीक से हम अगर मज़े लेते हैं, तो अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वजह से वो भी हमसे मज़े ले सकती है।



कुछ ऐसा ही हुआ एक शख्स के साथ. उसने मस्ती में चैट जीपीटी से पूछ लिया कि – 'मैं कौन हूं?' इसके बाद तो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से ऐसा जवाब दिया कि आदमी का डर के मारे बुरा हाल हो गया।वो दौड़ा-दौड़ा सीधा पुलिस स्टेशन पहुंच गया।

**चैटजीपीटी, बताओ कौन हूं मैं ?**

एक रिपोर्ट के मुताबिक अर्वे हजालमार होतमेन नाम के शख्स ने एआई चैटबोट से अपने बारे में कुछ बताने को कहा।आगे से जो जवाब मिला, वो सुनकर शख्स के तोते उड़ गए। चैटबोट ने बताया – 'तुम नॉर्वे के निवासी हो, जिसे एक बुरी वजह से अटेंशन मिली। तुमने 7 और 10 साल के अपने बेटों की हत्या दिसंबर, 2020 में कर दी थी, जो तालाब के किनारे मरे हुए मिले थे।' शख्स के सुनकर चौंक गया और डर के मारे सीधा चैटबोट की शिकायत करने पुलिस स्टेशन पहुंच गया। शिकायत में शख्स ने बताया कि चैट जीपीटी एक झूठी कहानी बता रहा है। हालांकि,जगह का नाम, बच्चों की संख्या और उसके बेटों का अंतर बिल्कुल वैसा ही है, लेकिन मर्डर की कहानी झूठी है। इस तरह की जानकारी उसकी ज़िंदगी खराब कर सकती है। उसके डिजिटल राइट्स के लिए काम करने वाले ग्रुप नोयब से अपील की है कि वो इस मानहानि के लिए कार्रवाई में मदद दे और चैटबोट के क्रिएटर्स से हर्जाना दिलवाए। वहीं, क्रिएटर्स यानी ओपनएआई की ओर से कहा गया है कि वे लगातार सटीक जानकारी देने के लिए काम कर रहे हैं।

# गीजा के पिरामिडों को लेकर वैज्ञानिकों का चौंकाने वाला दावा, पूरी दुनिया में मचा तहलका

लंदन। दुनिया में कई ऐसी जगहें, जिनके भीतर रहस्य छिपे हुए हैं। उन्ही जगहों में मिस्त्र भी शामिल है और वहां के पिरामिड। मिस्त्र की सबसे रहस्यमयी कलाकृति है 'द ग्रेट पिरामिड ऑफ गीजा'। यह दुनिया के सात अजूबों में से एक है। यहां के पिरामिडों का इतिहास 4000 साल पुराना बताया जाता है, लेकिन आज भी इन पिरामिडों से कई रहस्य जुड़े है। इनके बारे में किसी के पास भी सही जानकारी नहीं। बताया जाता है कि गीजा का महान पिरामिड 2560 ईसा पूर्व में बनवाया गया था। अब इन दावा किया जा रहा है कि पिरामिडों के नीचे एक बेहद अहम खोज की गई है। इस दावे में दुनियाभर में हंगामा मचा दिया है। इटली और स्कॉटलैंड के शोधकर्ताओं ने दावा है कि गीजा के पिरामिडों के नीचे 'एक विशाल भूमिगत शहर' है।

### पिरामिडों के नीचे खोजी गईं ऐसी संरचनाएं




इस नए अध्ययन के के मुताबिक, पिरामिड के नीचे आठ वर्टिकल बेलनाकार संरचनाएं 2,100 फीट से ज्यादा गहराई तक फैली है तथा 4,000 फीट गहराई पर अज्ञात संरचनाएं मिलने का भी दावा किया गया है। कई विशेषज्ञों ने पहले ही इस चौंकाने वाले दावे को खारिद कर दिया है। यह एक ऐसे अध्ययन से खोज हुई है जिसमें संरचनाओं के नीचे जमीन में गहराई तक उच्च-रिजोल्यूशन वाली छवियां बनाने के लिए रडार पल्स का इस्तेमाल किया गया है। इसमें किसी तरह की खुदाई की आवश्यकता नहीं होती है।

### गीजा के पिरामिडों के नीचे 6500 फीट से अधिक गहराई तक फैला है शहर

**गीजा में हैं तीन पिरामिड**


गीजा परिसर में तीन पिरामिड हैं, जिनके नाम खफरे, खुफु औक मेनकौर हैं। इनका निर्माण आज से करीब 4,500 साल पहले नील नदी के पश्चिमी तट पर किया गया था। हर पिरामिड को एक फराओ के नाम पर बनाया गया था। सबसे उत्तरी और सबसे पुराना खुफू के लिए बनाया गया था। जिसे ग्रेट पिरामिड के तौर पर जाता है और सबसे बड़ा है। खफरे के लिए मध्य पिरामिड को बनाया गया था, जिसका टीम ने अध्ययन किया था।





**क्या कहते हैं दूसरे विशेषज्ञ?**

डेनवर विश्वविद्यालय में प्रोफेसर लॉरेंस कोनयेर्स ने, जो पुरातत्व पर काम करने वाले रडार विशेषज्ञ है ने एक साक्षात्कार में बताया कि किसी टेक्नोलॉजी के लिए जमीन में इतनी गहराई तक जाना संभव नहीं है। इससे भूमिगत शहर का विचार एक बहुत बड़ी अतिशयोक्ति हो जाती है।



**हो सकती हैं छोटी संरचनाएं**

प्रोफेसर कोनयेर्स का कहना है कि पिरामिडों के नीचे शाफ्ट और कक्ष जैसी छोटी संरचनाएं होने की संभावना है, जो उनके निर्माण से पहले से मौजूद थीं। उनका कहना है कि क्योंकि यह स्थल 'प्राचीन लोगों के लिए विशेष था। उन्होंने शंकाओं के बाद भी कहा कि इन खोजों को सत्य साबित करने का सिर्फ तरीका 'लक्षित उत्खनन' होगा। उनका कहना है कि शोधकर्ता मनगढ़ंत बातें नहीं बना रहे हैं और उनकी मूल पद्धति सही है। उस स्थल के बारे में चिंता करने वाले लोगों उनकी व्याख्याओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है। व्याख्याओं के बारे में बहस की जा सकती है और इसे विज्ञान कहते हैं। हालांकि, बुनियादी तरीकों का ठोस होना आवश्यक है।

### डेढ़ करोड़ साल पुरानी मछली के पेट में आज भी सुरक्षित है आखिरी बार खाया हुआ खाना

**कैनबरा।** कहते हैं इस दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है। दुनिया भर में कभी- कभी ऐसी चीजें होती हैं तो हैरान कर देती है। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स भी एक चौंकाने वाली खबर आई है जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है। यहां पर शोधकर्ताओं को 15000000 साल पहले रहने वाली मछली मिली है। शोधकर्ताओं को सबसे आश्चर्यजनक ये लगा कि आखिरी भोजन अभी भी बरकरार है।

## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** – रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खचें बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

### एयरटेल ने मप्र और छग में लॉन्च की आईपीटीवी सर्विस

**इंदौर।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल ने पूरे मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी आईपीटीवी सेवाएँ शुरू की, जो ग्राहकों को बेहतरीन बड़ी स्क्रीन पर कंटेंट देखने का अनुभव प्रदान करती है। इस सेवा के तहत ग्राहकों को सोनी लिव, नेटफ्लिक्स, एप्पल टीवी+, अमेजन प्राइम, जी5 सहित 29 प्रमुख स्ट्रीमिंग ऐप्स, 600 से अधिक लोकप्रिय टीवी चैनल और वाई फाई कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। यह सेवा 599 से शुरू होने वाले प्लान्स में मिलेगी। एक शुरुआती ऑफ़र के रूप में, सभी एयरटेल ग्राहकों को आईपीटीवी प्लान की खरीद पर 30 दिनों तक की निःशुल्क सेवा मिलेगी, जिसका लाभ एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से उठाया जा सकता है।लॉन्च के मौके पर भारती एयरटेल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीईओ रितेश अग्रवाल ने कहा, "मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति में मनोरंजन हमेशा से महत्वपूर्ण स्थान रखता आया है। आज हम मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी एडवांस्ड आईपीटीवी सेवा लॉन्च कर बेहद उत्साहित हैं। यह सेवा हमारे ग्राहकों को एक बेहद शानदार और इमर्सिव अनुभव देगी। हमें पूरा विश्वास है कि इस लॉन्च के साथ हम मनोरंजन के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित करेंगे, जो मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लोगों की उम्मीदों और इच्छाओं के अनुरूप होगा।

# क्या मौत के बाद होती है दूसरी दुनिया? जानिए रहस्यमयी परलोक की कहानी

**वॉशिंगटन।** मानव जीवन में मृत्य अटल सत्य है। यहां पर जिसका जन्म हुआ है उसकी मृत्यु निश्चित है। हालांकि, लोगों के मन अक्सर एक सवाल उठता है कि आखिर मौत के बाद क्या होता है? अगर आत्म होती है, तो कहां जाती है। मौत के बाद मनुष्य का शरीर शिथिल हो जाता है। इस पर पहले कई अध्ययन हुए हैं जो अभी भी जारी है। प्रकृति के कई अनसुलझे रहस्य हैं, जिन्हें सुलझाना अभी भी बाकी है। उन्हीं में से एक है आत्मा और मौत।

महाभारत के युद्ध में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश देते हुए बताया है कि आत्मा अमर है जो सिर्फ शरीर बदलती है। उन्होंने कहा कि आत्मा को मारा नहीं जा सकता। जिस तरह मनुष्य पुराने कपड़ों को उतारकर नए कपड़ों को धारण करता है, ठीक उसी तरह आत्मा भी एक समयावधि के बाद एक नया शरीर धारण करती है, लेकिन नए शरीर को धारण करने का मतलब हमेशा इंसान के शरीर से नहीं है।



**क्या मौत के बाद भी जीवन है?**


मृत्यु के बाद भी जीवन है या नहीं? यह अभी भी रहस्य है। ऐसे कोई साक्ष्य नहीं हैं जिससे पता किया जा सके कि मौत के बाद जीवन है। कई बार लोगों को यह कहते सुना होगा कि मौत के पहले अजीबो-गरीब सपने आते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि जो लोग मौत के करीब होते हैं, उनके शरीर में एक उत्तेजना प्रणाली सक्रिय हो जाती है।

**क्या है मौत का रहस्य?**

किसी इंसान की मौत के बाद ऊर्जा, चेतना का क्या होता है? ऐसे कई सवाल मन में खड़े होते हैं। वैज्ञानिकों ने मौत से जुड़े रहस्यों से कई बार पर्दा उठाने की कोशिशें की है, लेकिन उनको अभी तक सफलता नहीं मिली है। जीवविज्ञान के कई रहस्यों से विज्ञान ने पर्दा उठा तो दिया है, लेकिन मौत से जुड़े कई रहस्य हैं जो अभी भी अनसुलझे हैं।




छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
वर्षों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## शब्द पहेली - 5817



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरूरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

मंगल सैणचा, ग्रेटर

**शब्द पहेली- 5816 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |

## सूडोकु नवताल - 5827

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5826 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |





## पब्लिक प्लेस पर जब फील हो एलर्जी



**डॉक्टर्स सजेशन**


डॉ. आर. पी. सिंह
सीनियर फिजिशियन, एनसीआर


**मेरी उम्र 29 वर्ष है। जब भी मैं किसी भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाता हूं, मुझे लगातार छींकें आने लगती हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे बचा जाए?**

**-रितेश, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है, आपको धूल से एलर्जी है, क्योंकि आप जब घर से बाहर भीड़-भाड़ वाले स्थान पर जाते हैं तो वहां जो धूल उड़ती है, उससे आपको छींकें आना शुरू हो जाती हैं। यह समस्या तमाम लोगों में देखी जाती है। इससे बचाव के लिए बेहतर होगा कि आप जब ऐसे स्थान पर जाएं तो मास्क लाकर ही जाएं। इस उपाय को अपनाने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी गर्दन से लेकर कंधे तक अकड़न बनी रहती है, साथ ही हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-आर्यन, बिलासपुर**

यह समस्या उन लोगों को ज्यादा होती है, जिनकी लंबी सिटिंग होती हैं यानी, ऑफिस में एक ही पोश्चर में लंबे समय तक बैठे रहते हैं। इसके स्थाई समाधान के लिए आपको रेग्युलर एक्सरसाइज करना पड़ेगा। सर्वाइकल की एक्सरसाइज कौन-कौन सी होती हैं यह जानने के लिए बेहतर होगा कि आप किसी फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर लें। वे आपको बताएंगे, उसके बाद नियमित रूप से सुबह-शाम एक्सरसाइज करें। साथ ही ऑफिस में लंबे समय तक एक ही पोश्चर में ना बैठें। बीच-बीच में मूवमेंट करते रहें। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। दो-तीन महीने से बहुत स्ट्रेस फील कर रहा हूं। न अच्छी भूख लगती है, न ठीक से सो पाता हूं। कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कामेश्वर, भोपाल**

आप अपनी परेशानी का कारण खुद ही बता रहे हैं। आप यह जानने की कोशिश करें कि जब से यह समस्या शुरू हुई है, उसके आस-पास जीवन में क्या ऐसा घटित हुआ है, जिससे स्ट्रेस हो रहा है। इसकी वजह क्या है? अगर जरूरत पड़े तो आप मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। इसे तरह स्ट्रेस से मुक्ति मिलेगी और आपको नींद भी आने लगेगी।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मैं हेयर ट्रांसप्लांट करवाना चाहता हूं। क्या यह सेफ है? इसके लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए? कृपया सजेस्ट करें।**

**-विभूति, रोहतक**

आजकल हेयर ट्रांसप्लांट करने का चलन बढ़ा हुआ है, लेकिन आपके लिए कितना सेफ रहेगा, यह तो जांच करने के बाद ही पता चलेगा। आपकी स्किन कैसी है, आपको किसी चीज से एलर्जी तो नहीं है, जांच के बाद तय किया जा सकता है। बेहतर होगा कि आप किसी स्किन स्पेशलिस्ट डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे आपको जांच के बाद बताएंगे कि आपके लिए ट्रांसप्लांट करवाना कितना उचित रहेगा।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मुझे भूख बिल्कुल नहीं लगती है। पेट हमेशा भरा-भरा सा लगता है। कभी-कभी खट्टी डकारें भी आती हैं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-सखाराम, जींद**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो रही है। जिस वजह से आपको खट्टी डकार आती है और भूख कम लगती है। इसके लिए आप दोपहर के खाने में दही और सलाद जरूर शामिल करें। साथ ही तली-भुनी और ऑयली चीजें खाने से बचें। रात में हल्का खाना जैसे दलिया या खिचड़ी खाएं। साथ ही सुबह-शाम सैर जरूर करें। इससे आपको आराम मिलेगा। *


**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

स्पेशलः वर्ल्ड बाइपोलर-डे, 30 मार्च

## बाइपोलर डिसऑर्डर हेल्दी लाइफस्टाइल सही मेडिकल ट्रीटमेंट से मिलती है राहत

बाइपोलर डिसऑर्डर एक जटिल मेंटल डिजीज है। इसके होने की कई वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर इसके लक्षणों को ध्यान में रखते हुए सही लाइफस्टाइल को फॉलो किया जाए और जरूरत पड़ने पर मेडिकल ट्रीटमेंट करवाया जाए, साथ ही फैमिली सपोर्ट मिले तो इसे कंट्रोल किया जा सकता है। इस रोग के बारे में आप भी विस्तार से जानिए।







**डॉक्टर्स एडवाइस**


डॉ. गौरव गुप्ता
डायरेक्टर-तुलसी हेल्थ केयर
नई दिल्ली-गुरुग्राम


अमेरिकन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार द्विध्रुवीय विकार (बाइपोलर डिसऑर्डर) एक मनोरोग है, जिसमें पीड़ित व्यक्ति के मूड, ऊर्जा और उसकी कार्यक्षमता में बदलाव आता है। दूसरे शब्दों में कहें तो बाइपोलर डिसऑर्डर एक ऐसी मानसिक स्थिति है, जिसमें मूड में अत्यधिक उतार-चढ़ाव होते हैं। इस मनोरोग में उन्माद (मेनिया) और अवसाद (डिप्रेशन) सरीखी स्थितियां (मूड एपिसोड्स) भी शामिल हैं। ऐसे मूड एपिसोड कई दिनों से लेकर हफ्तों तक रह सकते हैं।

### क्या हैं कारण

बाइपोलर डिसऑर्डर के कई संभावित कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं।

**न्यूरोकेमिकल में असंतुलनः** मस्तिष्क रसायनों (न्यूरोकेमिकल्स) जैसे डोपामाइन और सेरोटोनिन आदि में असंतुलन बाइपोलर डिसऑर्डर की समस्या उत्पन्न कर सकते हैं।

**आनुवांशिक कारकः** अगर परिवार के किसी सदस्य को बाइपोलर डिसऑर्डर रहा है, तो परिवार के अन्य सदस्य में इसके होने का जोखिम बढ़ जाता है। एक अध्ययन के अनुसार बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित लगभग 60% मरीज ऐसे हैं, जिन्हें डिप्रेशन या बाइपोलर डिसऑर्डर की समस्या जेनेटिक कारणों से मिली है।

**तनावपूर्ण घटनाएंः** इसके अंतर्गत जीवन की गंभीर तनावपूर्ण घटनाएं जैसे किसी रिश्ते का टूटना, गंभीर बीमारी या कोई भावनात्मक समस्या आदि शामिल की जाती हैं, जो बाइपोलर डिसऑर्डर का कारण बन सकती हैं। भावनात्मक समस्या में आपसी संबंधों का बिगड़ना, पति-पत्नी के बीच तलाक होना, परिवार में किसी प्रियजन की मृत्यु होना आदि को शामिल किया जा सकता है।

**मस्तिष्क की संरचना में बदलावः** ब्रेन इमेजिंग अध्ययनों से पता चला है कि बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त लोगों के मस्तिष्क में संरचनात्मक परिवर्तन हो सकते हैं।

### बाइपोलर डिसऑर्डर के लक्षण

पीड़ित व्यक्ति कभी-कभी बहुत ज्यादा निराश, उदास और दुखी महसूस करता है। ऐसे लक्षण मनोरोग अवसाद (डिप्रेशन) से मिलते-जुलते होते हैं। कभी-कभी वह बहुत ज्यादा प्रफुल्लित और स्वयं को असाधारण रूप से ऊर्जावान महसूस करता है। ऐसे लक्षण मनोरोग उन्माद (मेनिया) सरीखे होते हैं। उन्माद और अवसाद की स्थितियों (एपिसोड्स) के बीच मूड में अचानक और तीव्र बदलाव होना। इस स्थिति को मनोचिकित्सकीय भाषा में 'मूड स्विंग्स' कहते हैं। इनके अलावा अपनी क्षमताओं के बारे में गलतफहमी रखना, तेज गति से सोचना और बोलना, गलत फैसले लेना, नींद बहुत कम आना, चिड़चिड़ापन महसूस करना, स्वयं को बहुत ज्यादा महत्व देना या फिर अपने को श्रेष्ठ समझना भी इसके लक्षणों में शामिल हो सकता है।

### ऐसे करते हैं डायग्नोसिस

बाइपोलर डिसऑर्डर का पता लगाने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर सबसे पहले मरीज से बात करते हैं, उसके बाद उसके परिजनों से भी। इसके अलावा डॉक्टर मरीज की अन्य बीमारियों का पता लगाने के लिए कंप्लीट फिजिकल टेस्ट भी करवा सकते हैं ताकि उसके लक्षणों का पता लगाया जा सके। साथ ही, मरीज की मेडिकल हिस्ट्री और फैमिली हिस्ट्री आदि के जरिए भी डॉक्टर मर्ज का पता लगाते हैं।

### ट्रीटमेंट के तरीके

यह सच है कि फिलहाल बाइपोलर डिसऑर्डर का कोई स्थाई इलाज नहीं है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सुझाई गई दवाएं लेने और उनके परामर्श पर अमल करने से बाइपोलर डिसऑर्डर का प्रबंधन और नियंत्रण जरूर किया जा सकता है, जिससे मरीज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। विशेषज्ञ डॉक्टर विशेषकर मनोचिकित्सक कुछ दवाओं के सेवन का सुझाव दे सकते हैं, जिन्हें 'मूड स्टेबलाइजर्स' के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा चिकित्सक के परामर्श से एंटीडिप्रेसेंट दवाएं भी मूड स्विंग को नियंत्रित करने में मदद कर सकती हैं।



**मनोचिकित्सा (साइकोथेरेपी):** मनोचिकित्सक मरीज की स्थिति के अनुसार साइकोथेरेपी का सहारा लेते हैं। मरीज के अलावा वे परिवार के सदस्यों की भी काउंसलिंग करते हैं। इसके अलावा कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी) बाइपोलर डिसऑर्डर के लक्षणों को प्रबंधित करने में सहायक है।

**जीवनशैली में बदलावः** यूरोपियन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के मुताबिक बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों को जहां तक संभव हो सके, स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करना चाहिए। ऐसा करने से उन्हें अपनी समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। यही नहीं, जो लोग बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त नहीं हैं, वे भी अगर स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करें तो इससे उनमें भी इस समस्या के भविष्य में होने का जोखिम काफी हद तक कम हो सकता है। स्वास्थ्यकर जीवनशैली के अंतर्गत संतुलित पौष्टिक खान-पान, नियमित रूप से व्यायाम, 6 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद लेना और तनाव का समुचित प्रबंधन आदि बातें शामिल हैं।

**नियमित व्यायाम करेंः** नियमित व्यायाम, बाइपोलर डिसऑर्डर पेशेंट्स के मूड को स्थिर करने में मदद कर सकता है। किस व्यक्ति को कितने समय तक और किस-किस प्रकार के व्यायाम करना चाहिए, इस संदर्भ में पीड़ित व्यक्ति को डॉक्टर और फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लेना चाहिए। इसके अलावा मेडिटेशन भी फायदेमंद हो सकता है।

**पर्याप्त नींद जरूरीः** बाइपोलर डिसऑर्डर किसी व्यक्ति की नींद उड़ा सकता है। ऐसा व्यक्ति बहुत कम सोता है। नींद पूरी न होने से मूड में बदलाव ज्यादा आता है। इसलिए मूड को प्रबंधित करने के लिए पर्याप्त नींद लेना आवश्यक है। इसके लिए नियमित समय पर बिस्तर पर जाने और सुबह एक निश्चित समय पर उठने की आदत डालें। सोने से पहले स्क्रीन टाइम यानी टेलीविजन देखने, स्मार्टफोन और कंप्यूटर के इस्तेमाल से दूर रहें। जिन लोगों को सोने में कठिनाई होती है, उन्हें डॉक्टर से बात करनी चाहिए। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**



### इन बातों का रखें ध्यान

- परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं और उनसे मदद लें।
- सकारात्मक सोच रखें।
- तनाव और चिंता को नियंत्रित करने के लिए योग और ध्यान का सहारा लें।
- शराब और अन्य मादक पदार्थों का सेवन न करें, क्योंकि वे आपकी समस्या को बढ़ा सकते हैं।

स्पेशलः वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे, 2 अप्रैल

ऑटिज्म एक विकास संबंधी एब्नॉर्मलिटी है, जिससे पीड़ित व्यक्ति को बातचीत करने, पढ़ने-लिखने और दूसरों से घुलने-मिलने में परेशानी होती है। ऐसे बच्चों की केयर पैरेंट्स को बहुत सावधानी से करने की जरूरत होती है। इस बारे में बहुत जरूरी सजेशंस।

## ऑटिज्म पेशेंट के लिए जरूरी सही ट्रीटमेंट-इमोशनल सपोर्ट



**अवेयरनेस**


शिखर चंद जैन




ऑटिज्म को ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर भी कहते हैं। यह एक ऐसी स्थिति है, जिससे पीड़ित व्यक्ति का दिमाग अन्य लोगों के दिमाग की तुलना में अलग तरीके से काम करता है। इस बीमारी के बारे में अभी तक बहुत ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है और न ही वर्तमान में इसका कोई परफेक्ट ट्रीटमेंट उपलब्ध है। हालांकि इस बीमारी से पीड़ित लोग नौकरी करने, परिवार और दोस्तों के साथ मेल-मिलाप करने में सक्षम होते हैं, लेकिन कई बार उन्हें दूसरों की मदद लेनी पड़ती है। फैमिली मेंबर्स, टीचर्स या दोस्तों के सहयोग से ये लोग भी नई स्किल्स सीख लेते हैं और बिना किसी सपोर्ट के अपने काम भी कर लेते हैं। सही डायग्नोसिस और इंटरवेंशन ट्रीटमेंट की मदद से ऑटिस्टिक लोगों को सामाजिक व्यवहार और नई स्किल्स सीखने में मदद मिलती है, जिससे वे अपना जीवन बेहतर तरीके से जी पाते हैं।

ऑटिज्म की वजह से बच्चे के मस्तिष्क के काम करने के तरीके में एक अंतर आ जाता है, जो यह तय करता है कि वह अपने आस-पास की दुनिया के साथ कैसे रिस्पॉन्स करता है। यह अंतर कुछ ऐसा है जिसके साथ वे पैदा होते हैं-इसका उनके पालन-पोषण के तरीके, भोजन, टीके या जन्म के बाद बच्चे के साथ हुई किसी भी अन्य एक्टिविटी से कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**क्या है ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डरः** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, एक न्यूरोलॉजिकल और डेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो लोगों के दूसरों के साथ बातचीत करने, संवाद करने, सीखने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करता है। इसके लक्षण आमतौर पर जीवन के पहले दो वर्षों यानी बचपन में दिखाई देते हैं। ऑटिज्म बच्चे के मस्तिष्क के काम करने के तरीके में एक अंतर लाता है, जो उन्हें सामाजिक रूप से घुलने-मिलने और अनोखे तरीके से व्यवहार करने के लिए प्रेरित करता है।

**प्रमुख लक्षणः** इसके प्रमुख लक्षणों में लिमिटेड आइज कॉन्टेक्ट, एब्नॉर्मल बॉडी लैंग्वेज और रिपीटेटिव बिहेवियर या बातें शामिल होते हैं। इसके अलावा अकेले रहना, दूसरे बच्चों के साथ ना खेलना, बोलने के बजाय इशारों से ज्यादा रिस्पॉन्स करना। खुद को चोट लगाना या नुकसान पहुंचाने के प्रयास करना। इस स्थिति के शुरुआती लक्षण माता-पिता या बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा बच्चे के एक वर्ष की आयु तक पहुंचने से पहले ही देखे जा सकते हैं। कुछ मामलों में, ऑटिज्म से संबंधित समस्याएं हल्की हो सकती हैं और तब तक स्पष्ट नहीं होती हैं जब तक कि बच्चा स्कूल जाना शुरू नहीं करता।

**इससे बढ़ता है रिस्कः** नई मेडिकल स्टडीज के अनुसार कई आनुवंशिक कारक ऑटिज्म के जोखिम को जटिल तरीके से बढ़ा सकते हैं। फ्रैजाइल एक्स सिंड्रोम और ट्यूबरस स्क्लेरोसिस जैसी कुछ विशिष्ट आनुवंशिक स्थितियों वाले लोगों में ऑटिज्म के निदान के लिए जोखिम अधिक होता है। ये दो स्थितियां ऑटिज्म के सैकड़ों अलग-अलग दुर्लभ आनुवंशिक कारणों के साथ मिलकर 30% से अधिक मामलों की व्याख्या करती हैं। इसके अलावा गर्भावस्था के दौरान मां द्वारा ली जाने वाली कुछ दवाइयां जैसे कि वैल्प्रोइक एसिड और थैलिडोमाइड, ऑटिज्म के हाई रिस्क से भी जुड़ी हुई हैं। गर्भावस्था के समय माता-पिता का अधिक उम्र का होना भी ऑटिज्म के अधिक जोखिम से जुड़ा हुआ है।

**इलाज के तरीकेः** ऐसे कई प्रभावी तरीके हैं, जो ऑटिस्टिक बच्चे को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद कर सकते हैं।

**अप्लाइड बिहेवियर एनालिसिसः** इसमें बच्चे की कार्यात्मक चुनौतियों का व्यवस्थित अध्ययन शामिल है, जिसका उपयोग उनके स्किल में सुधार और मिसबिहेव को कम करने के लिए एक बिहेवियरल प्लानिंग बनाने के लिए किया जाता है।

**सोशल स्किल ट्रेनिंगः** ग्रुप या पर्सनल सेटिंग में किया गया यह प्रयास ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों को सामाजिक स्थितियों में नेविगेट करने की उनकी क्षमता में सुधार करने में मदद करता है।

**वर्बल-लैंग्वेज ट्रीटमेंटः** बच्चे के बोलने के तरीके और उसकी भाषा की समझ में सुधार लाने का प्रयास किया जाता है।

**पैरेंटल मैनेजमेंट ट्रेनिंगः** इसमें पैरेंट्स को अपने ऑटिस्टिक बच्चे के एब्नॉर्मल बिहेव पर सही प्रतिक्रिया करने और अपने बच्चे में उचित व्यवहार को प्रोत्साहित करने के प्रभावी तरीके सिखाए जाते हैं। पैरेंटल हेल्प ग्रुप्स, पैरेंट्स को ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे की परवरिश के तनाव से निपटने में मदद करते हैं। *

**(मनोचिकित्सक डॉ.संजय गर्ग और मनोविज्ञानी डॉ.रूपा तालुकदार से बातचीत पर आधारित)**

### पैरेंट्स रखें ध्यान

- ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिजीज के बारे में जितना संभव हो उतना जानें।
- ऑटिज्म से पीड़ित अपने बच्चे को अच्छी और बैलेंस्ड डेली रूटीन फॉलो करने के लिए इंस्पायर करें।
- ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के अन्य पैरेंट्स और अपने समुदाय के रिर्सोसेस से जुड़ें।
- जरूरत पड़ने पर मेडिकल एक्सपर्ट से कंसल्ट करें।
- बच्चे के साथ बिताने के लिए पर्याप्त समय निकालें।
- अपने बच्चे की शिक्षा और उपचार से संबंधित अवेयरनेस को बढ़ाएं।



**डाइट**


राजकुमार 'दिनकर'


जब भी सूखे मेवे यानी ड्राय फ्रूट्स की बात आती है तो सबसे पहले बादाम का नाम लिया जाता है। वजह है इसमें मौजूद बेशुमार स्वास्थ्यवर्धक गुण। यह किस तरह से हमारे लिए फायदेमंद है, आपको जरूर जानना चाहिए।

## हेल्थ के लिए भरपूर फायदेमंद नट है बादाम

बादाम के पोषण के स्तर को देखते हुए पाक कला में सदियों से इसका इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसके सेवन का इतिहास हजारों साल पुराना है। बादाम मीठे और कड़वे दो तरह के होते हैं। कड़वे बादाम की कड़वाहट निकालने के बाद उसके तेल का इस्तेमाल खाने में किया जाता है। कड़वे बादाम के फूल सफेद होते हैं और मीठे बादाम के फूल गुलाबी होते हैं। कड़वे बादाम और मीठे बादाम की रासायनिक संरचना समान होती है। बादाम का फल जब पकता है तो यह खुद ही खुल जाता है और उससे यह नट बाहर आ जाता है। बादाम के बीज कठोर छिलकों के अंदर होते हैं।

**होते हैं कई पोषक तत्वः** पोषक तत्वों से भरपूर बादाम में विटामिन बी1, फोलेट, विटामिन बी3, नियासिन, बी कॉम्प्लेक्स और मैग्नीज भरपूर मात्रा में होता है। 28 ग्राम यानी एक औंस बादाम में 183 कैलोरी, 5.82 ग्राम प्रोटीन, 2.94 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 16.4 ग्राम फैट, 3.4 ग्राम फाइबर, 7.3 मिलीग्राम विटामिन ई पाया जाता है।

**कई तरह से लाभकारीः** बादाम हमारी मस्तिष्क और तंत्रिका प्रणाली को मजबूत बनाकर याद्दाश्त को अच्छा बनाता है। बादाम में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने का गुण होता है। यह एलडीएल और एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के बीच संतुलन बनाकर रखता है। इसमें मौजूद फॉस्फोरस हमारी हृदय गति को सामान्य बनाए रखता है। इसका ग्लासेमिक इंडेक्स कम होता है। यह हमारी रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ने से रोकता है। मैग्नीशियम और मैग्नीज से भरपूर होने के कारण यह हड्डियों और दांतों को मजबूती देता है। यह हमारे शरीर के वजन को भी नियंत्रित करके मोटापे के जोखिम को कम करता है। इसमें मौजूद आर्जीनिन एक ऐसा अमीनो एसिड है, जो रक्तप्रवाह को नियमित करता है और इससे हमारी मांसपेशियों को ऑक्सीजन और पोषक तत्व मिलते हैं। विटामिन-ई से भरपूर बादाम त्वचा की नमी को लॉक करके हमें जवां और खूबसूरत बनाता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स बालों की ग्रोथ को बढ़ाते हैं। फास्फोरस युक्त बादाम एसिडिटी को नियंत्रित करता है और शरीर में टीएच लेवल को बनाकर रखता है। आयरन से भरपूर बादाम हमारे शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं के विकास को बढ़ाता है और एनीमिया में बहुत फायदेमंद होता है।



**ऐसे करें सेवनः** बादाम दुनिया में सबसे पुराना और सबसे ज्यादा उगाया जाने वाला नट है। बादाम को साबुत भूनकर या तलकर खाया जाता है। बादाम का छिलका पचाना चूंकि मुश्किल होता है, इसलिए आयुर्वेद इन्हें उबालकर पकाने के बाद खाने की सलाह देता है। इनको अगर भिगोकर खाया जाए तो यह जल्दी पचते हैं। इन्हें बिना भिगोए कच्चा नहीं खाना चाहिए। रात भर भिगोकर, छिलका उताकर इन्हें खाना चाहिए। बादाम मिल्क शेक या बादाम को अन्य फ्रूट्स के साथ मिलाकर इनकी स्मूदी बनाई जा सकती है। अखरोट, सूरजमुखी के बीज, खजूर, मखाना, किशमिश के साथ मिलाकर अलग-अलग तरह के अनाजों के साथ खा सकते हैं। इसके अलावा बादाम का शीरा, बादाम का हलवा, बादाम की बर्फी, बादाम कतली, बादाम की चटनी, बादाम का दूध, बादाम-खजूर मिल्क शेक, बादाम केला स्मूदी का सेवन किया जा सकता है। *







# आईपीएल : हैदराबाद की आक्रामक बल्लेबाजी से सतर्क रहेगा लखनऊ

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

पहले मैच में पराजय का सामना करने वाली लखनऊ सुपर जॉइंट्स को आईपीएल के अपने अगले मैच में गुरुवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स की टीम ने इस सत्र में भी अपने आक्रामक अंदाज बरकरार रखे हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में उसकी टीम आईपीएल में अपने सर्वोच्च स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गई थी। सनराइजर्स ने यह मैच 44 रन से जीता था। पैट कमिंस की अगुवाई वाली सनराइजर्स की टीम के पास कई विस्फोटक बल्लेबाज हैं और ऐसे में ऋषभ पंत के नेतृत्व वाली टीम के लिए अपने प्रमुख गेंदबाजों की अनुपस्थिति में उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा।





### पंत ने बेटिंग और विकेटकीपिंग में किया निराश

लखनऊ को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से एक विकेट की करीबी हार का सामना करना पड़ा था। लखनऊ के कप्तान पंत पिछले मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे। यही नहीं विकेट कीपिंग में भी उन्होंने गलतियां की। दिल्ली के पास जब केवल एक विकेट बचा था और उसे अंतिम ओवर में छह रन की जरूरत थी तब पंत स्टंपिंग का आसान मौका चूक गए थे।

### आक्रामक बल्लेबाजों की भरमार

सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों की एक नहीं चलने दी थी और छह विकेट पर 286 रन बनाए थे जिसमें ईशान किशन का शतक भी शामिल है। किशन के अलावा सनराइजर्स की टीम में अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड और हेनरिक क्लासेन जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। यही नहीं नीतीश कुमार रेड्डी ने पिछले मैच में रन बना कर जतला दिया था कि उनको किसी भी तरह से कम करके आंकना गलती होगी।

### मिशेल मार्श-पूरण से प्रदर्शन की उम्मीद

लखनऊ के लिए पिछले मैच में मिशेल मार्श और निकोलस पूरण ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अर्धशतक लगाए थे तथा टीम को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। लखनऊ के मध्यक्रम के बल्लेबाजों को हालांकि बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच में स्पिनर रवि बिश्नोई को छोड़कर लखनऊ के गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। उसका तेज गेंदबाजी विभाग कुछ प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने से कमजोर पड़ गया है और ऐसे में शार्दुल ठाकुर की जिम्मेदारी बढ़ जाती है जिन्हें लखनऊ ने पहले मैच से ठीक पहले मोहसिन खान की जगह अपनी टीम से जोड़ा था।


खास खबर

## डब्लूपीएल टीमें बढ़ाने की कोई योजना नहीं



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उसका महिला प्रीमियर लीग की मौजूदा पांच टीमों की संख्या में बढ़ोतरी करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी डब्लूपीएल समिति के भी प्रमुख हैं। आईपीएल के अध्यक्ष और डब्ल्यूपीएल समिति के सदस्य अरुण धूमल ने कहा, 'अभी फिलहाल हमारा ध्यान इस टूर्नामेंट को मजबूत करने पर है। इसमें कोई अतिरिक्त टीम जोड़ने से पहले हम इसे और अधिक मजबूत करना चाहते हैं। अभी इसमें कोई नई टीम जोड़ने की कोई तात्कालिक योजना नहीं है।'

## अय्यर ने कहा था, मेरे शतक की चिंता मत करो



**अहमदाबाद।** शशांक सिंह की गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम ओवर में आक्रामक बल्लेबाजी के कारण श्रेयस अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग में अपने पहले शतक से चूक गए। लेकिन इस बल्लेबाज ने बाद में खुलासा किया कि पंजाब किंग्स के कप्तान ने ही उन्हें उनके शतक की परवाह के बिना बड़े शॉट खेलने की हिदायत दी थी। जब पंजाब की पारी का 20वां ओवर शुरू हुआ तब श्रेयस अय्यर 97 रन बनाकर नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़े थे। शशांक ने मोहम्मद सिराज के इस ओवर में पांच चौके लगाए जिससे अय्यर को बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला।

## युवाओं का बेखौफ होकर खेलना शानदार : मार्कस



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर और आईपीएल में पंजाब किंग्स की तरफ से खेल रहे मार्कस स्टोइनिस भारतीय युवा खिलाड़ियों के बेखौफ होकर खेलने से काफी प्रभावित हैं। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास लेने के बाद तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। पंजाब किंग्स के युवा बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने आईपीएल में अपने पहले मैच में ही अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया।

# टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले बल्लेबाजों में कोई भारतीय नहीं

### किरोन पोलार्ड (908)

वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर किरोन पोलार्ड इस सूची में दूसरे स्थान पर काबिज हैं। उन्होंने अपने करियर में 695 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 617 पारियों में उन्होंने 31.33 की औसत और 150.19 की स्ट्राइक रेट से 13,537 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 1 शतक और 61 अर्धशतक जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104 रन का रहा है। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 908 छक्के जड़े हैं। इसके अलावा, उन्होंने 842 चौके भी जड़े हैं।



### आंद्रे रसेल (733)

वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल इस मामले में तीसरे पायदान पर हैं। उन्होंने अपने करियर में 539 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 466 पारियों में उन्होंने 26.58 की औसत और 168.89 की स्ट्राइक रेट से 9,012 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 2 शतक और 31 अर्धशतक जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121* रन का रहा है। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 733 छक्के जड़े हैं। इसके अलावा, उन्होंने 594 चौके भी जड़े हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के चौथे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 1 विकेट से हराकर विजयी आगाज किया। इस मैच में एलएसजी के बल्लेबाज निकोलस पूरन (75) ने अहम उपलब्धि हासिल की। अपनी पारी का पहला छक्का लगाते ही उनके टी-20 क्रिकेट में 606 छक्के पूरे हो गए। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले 5 बल्लेबाजों में एक भी भारतीय बल्लेबाज का नाम नहीं है।



### क्रिस गेल (1,056)

वेस्टइंडीज के पूर्व महान बल्लेबाज क्रिस गेल इस सूची के शीर्ष पर कायम हैं। उन्होंने अपने करियर में 463 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 455 पारियों में उन्होंने 36.22 की औसत और 144.75 की स्ट्राइक रेट से 14,562 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 22 शतक और 88 अर्धशतक जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175* रन का रहा है। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 1,056 छक्के जड़े हैं। इसके अलावा, उन्होंने 1,132 चौके भी जड़े हैं।

### निकोलस पूरन (606)

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन इस मामले में चौथे पायदान पर हैं। उन्होंने अपने करियर में 385 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 359 पारियों में उन्होंने 8,717 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 3 शतक और 52 अर्धशतक जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 102* रन का रहा है। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 606 छक्के जड़े हैं। इसके अलावा, उन्होंने 580 चौके भी जड़े हैं।

### एलेक्स हेल्स (552)

इंग्लिश बल्लेबाज एलेक्स हेल्स टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के जड़ने के मामले में 5वें स्थान पर है। उन्होंने अपने करियर में 494 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 490 पारियों में उन्होंने 30.04 की औसत और 145.28 की स्ट्राइक रेट से 13,610 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 7 शतक और 85 अर्धशतक जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 119 रन का रहा है। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 552 छक्के जड़े हैं।

## सना पाकिस्तान टीम की कप्तान बरकरार



**लाहौर।** ऑलराउंडर फातिमा सना को नौ से 19 अप्रैल तक लाहौर में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफायर में हिस्सा लेने वाली पाकिस्तान टीम की कप्तान बरकरार रखा गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चयनकर्ताओं ने युवा बल्लेबाज शवाल जुल्फिकार को कंधे की चोट से उबरने के बाद टीम में वापस बुलाया है। पाकिस्तान की अनुभवी ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान निदा डार को टीम में शामिल नहीं किया गया। डार और एक अन्य अनुभवी खिलाड़ी आलिया रियाज को पिछले नवंबर में महिलाओं के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा गया था।

## निशानेबाजों का जत्था विश्व कप के लिए रवाना



**नई दिल्ली।** भारत के 22 निशानेबाजों का पहला जत्था 13 सहयोगी कर्मचारियों के साथ बुधवार को ब्यूनस आयर्स के लिए रवाना हुआ जो साल के पहले आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेंगे। यह विश्व कप तीन अप्रैल से अर्जेंटीना की राजधानी में शुरू होगा। यह संयुक्त विश्व कप होगा जिसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन निशानेबाजी के तीनों स्पर्धाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कुल 35 भारतीय निशानेबाज 15 पदक स्पर्धाओं में भाग लेंगे जिसमें 12 व्यक्तिगत और तीन मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल हैं। दो बार ओलंपिक पदक जीतने वाली मनु भाकर एकमात्र निशानेबाज हैं, जिन्होंने दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में जगह बनाई है। टीम के बाकी सदस्य 29 मार्च को रवाना होंगे क्योंकि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में उनकी प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। कुछ को छोड़कर सभी निशानेबाजों ने 14 मार्च से दिल्ली में डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया।

## सबालेंका और पाओलिनी ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

### आर्यना ने चीन की किनवेन झेंग को 6-2, 7-5 से

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका और जैस्मिन पाओलिनी ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। छठी वरीयता प्राप्त पाओलिनी ने पोलैंड की गैरवरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेट को 6-3, 6-2 से हराया। वह इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली इटली की पहली खिलाड़ी बन गई है।

सेमीफाइनल में पाओलिनी का मुकाबला सबालेंका से होगा। सबालेंका ने मंगलवार रात अपने क्वार्टर फाइनल मैच में नौवीं वरीयता प्राप्त चीन की किनवेन झेंग को 6-2, 7-5 से हराया। महिला एकल के अन्य क्वार्टर फाइनल मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसिका पेगुला का मुकाबला ब्रिटेन की एम्मा राडाकानु से जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक का सामना फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला से होगा।




### श्रेयस ने अपने खेल में किया लगातार सुधार

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड के दिग्गज क्रिकेटर केन विलियमसन का मानना है कि भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज और आईपीएल में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने अपने खेल में लगातार सुधार किया है। अय्यर ने मंगलवार को नाबाद 97 रन की मैच विजेता पारी खेली। विलियमसन ने कहा, 'श्रेयस अय्यर की सबसे खास बात यह है कि उन्होंने अपने खेल में लगातार सुधार किया है। एक समय उन्हें शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया जाता था लेकिन उन्होंने बड़ी अच्छी तरह से इससे सामंजस्य से बिठाया।'

### कीवियों ने आखिरी टी20 मैच में आठ विकेट से दर्ज की जीत

## न्यूजीलैंड ने 4-1 से जीती सीरीज, पाकिस्तान की घर में हुई किरकिरी

एजेंसी ▶▶| वेलिंग्टन

चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पाकिस्तान को एक बार फिर करारी हार का सामना करना पड़ा है। बुधवार को न्यूजीलैंड ने उन्हें आखिरी टी20 मैच में आठ विकेट से हराकर 4-1 से सीरीज अपने नाम कर ली।

वेलिंग्टन में खेले गए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 128 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 10 ओवर में दो विकेट गंवाकर 131 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।




### सेफर्ट ने दिलाई टीम को जीत

129 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत शानदार हुई थी। पहले विकेट के लिए टिम सेफर्ट और फिन एलन के बीच 93 रनों की साझेदारी हुई। सुफियान मुकीम ने दाएं हाथ के बल्लेबाज एलन को बोल्ड किया। वह 12 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, टिम सेफर्ट ने 38 गेंदों में 97 रनों की नाबाद पारी खेली और टीम को जीत दिलाई। उनके अलावा मार्क चैपमैन और डेरिल मिचेल ने क्रमशः तीन और दो* रन बनाए। पाकिस्तान के लिए सुफियान ने दो विकेट लिए जबकि बाकी गेंदबाजों के हाथ खाली रहे।



## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति कटनी कटनी (म.प्र.)

ई-मेल-apmckatni@gmail.com दूरभाष नं.-07622240063

क्रमांक/मंडी/निर्माण/2024-25/3979 | **निविदा आमंत्रण सूचना** | कटनी, दिनांक 25/03/25

सर्वसंबंधितो को सूचित किया जाता है कि अग्रलिखित विवरण अनुसार मंडी प्रांगण कटनी मे पूर्व से निर्मित केन्टीन भवन का तीन वर्ष हेतु निर्धारित शर्तो के अधीन मासिक किराये पर निर्धारित प्रिमीयम जमा हेतु केन्टीन संचालन के इच्छुक व्यक्तियो / व्यवसायियो से दिनांक 17.04.2025 सायं 5.00 बजे तक धरोहर राशि रुपए 32,000 (बत्तीस हजार रू.) की एफ. डी. आर. जो कि सचिव कृषि उपज मंडी समिति कटनी के नाम से देय हो सहित सीलबंद प्रस्ताव / निविदाये, तीन लिफाफा पद्धति मे जिसमे प्रथम लिफाफे मे निर्धारित एफ.डी.आर., द्वितीय लिफाफे मे निविदा प्रपत्र एवं तृतीय लिफाफे मे प्रथम तथा द्वितीय लिफाफा रखकर तृतीय लिफाफे के उपर "केन्टीन आबंटन हेतु निविदा" लिखकर केवल पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है । निर्धारित निविदा प्रपत्र (आवेदन) व शर्ते दिनांक 11.04.2025 तक अवकाश दिवस को छोडकर कृषि उपज मंडी समिति कटनी से राशि रुपए 2000.00 (दो हजार रुपए) नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निर्धारित दिनांक 17.04.2025 तक प्राप्त निविदाये दिनांक 21.04.2025 को समय दोपहर 12.00 बजे मंडी कार्यालय कटनी मे उपस्थित निविदाकारो के समक्ष खोली जावेगी ।विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | भवन/संरचना का नाम, जिसका आबंटन किया जाना है, एवं निर्मित स्थल | संख्या | धरोहर राशि | न्यूनतम निर्धारित प्रिमीयम राशि | निर्धारित न्यूनतम वार्षिक किराया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | केन्टीन भवन गल्ला मंडी प्रांगण कटनी | 01 | 32,000 (बत्तीस हजार रू.) | 64000/- रूपये | अधिकतम बोली (निविदा की राशि ) वार्षिक किराया होगी जो मासिक किश्तो मे देय होगी। |

**प्रमुख शर्ते:**-1. उच्चतम प्रस्ताव / निविदा बोली देने वाले व्यक्ति को मंडी समिति से लिखित सूचना प्राप्त होने के 07 दिवस के अंदर केन्टीन की प्रिमीयम राशि दिये गये प्रस्ताव (निविदा) अनुसार जमा करनी होगी, एवं शासन द्वारा निर्धारित नियमो के अनुसार इसी समयावधि के अंदर किरायेदारी का अनुबंध निष्पादित कर केन्टीन का आधिपत्य प्राप्त करना होगा अन्यथा जमा की गयी धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी ।
2 शेष अन्य नियम व शर्ते अवकाश दिवस को छोडकर दिनांक 11.04.2025 तक देखी व प्राप्त की जा सकती है।
3. मंडी समिति द्वारा निर्धारित शर्तानुसार केन्टीन भवन मे कृषको / हम्मालो / तुलावटियो हेतु संचालित 5/- रुपए थाली भोजन योजना का संचालन केन्टीन संचालन के साथ किया जाना अनिवार्य होगा ।
4. केन्टीन के मासिक किराये राशि के साथ शासन द्वारा अधिरोपित जी.एस.टी. की राशि पृथक से देय होगी।

भारसाधक अधिकारी / एस.डी.एम.
कृषि उपज मंडी समिति कटनी
जिला-कटनी

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति कटनी
जिला-कटनी

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, विदिशा

क्रमांक/2211, 2262 to 2269/PWD/2025 — विदिशा, दिनांक 21/03/2025

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | निविदा क्र. | ई-टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2211 | 2025_UAD_411697_1 | Preparation of DPR of drainage system for drainage of water in waterlogged areas Vidisha | I Call | 300000.00 | 3000.00 | 2000.00 | 03 months | 14/04/2025 |
| 2 | 2262 | 2025_UAD_411739_1 | Construction Work of RCC Drain at Ward no 38 Near Laldhau tonwar from balveer yadav house to Sonu Raikwar Vidisha | III Call | 174321.00 | 3486.00 | 1000.00 | 03 months | 14/04/2025 |
| 3 | 2263 | 2025_UAD_411744_1 | Construction Work of RCC drain at Ward no 34 from bablu ahirwar house to sultan ahirwar house vidisha | I Call | 359022.00 | 3590.00 | 2000.00 | 03 months | 14/04/2025 |
| 4 | 2264 | 2025_UAD_411756_1 | Constrution Work of chabutra at ward no 01 Near Shani Mandir vidisha. | I Call | 152366.00 | 3047.00 | 1000.00 | 03 months | 14/04/2025 |
| 5 | 2265 | 2025_UAD_411766_1 | Construction Work of Culvert located Near Ward no 08 Shyam tall Vidisha. | II Call | 7550325.00 | 56627.00 | 10000.00 | 03 months | 14/04/2025 |
| 6 | 2266 | 2025_UAD_411779_1 | Construction Work of CC Road at Ward no 11 behind jagdish dixit house iqwal khan shop and gopal khatri house vidisha. | I Call | 231552.00 | 2316.00 | 2000.00 | 03 months | 14/04/2025 |
| 7 | 2267 | 2025_UAD_411995_1 | Construction of ashphalt Work at Ward no 18 Ballavdas dharmshala to Rithaphatak road vidisha. | II Call | 882367.00 | 8824.00 | 2000.00 | 03 months | 14/04/2025 |
| 8 | 2268 | 2025_UAD_412004_1 | Construction Work of CC Renewal Coat at Ward no 30 banti nagar Neem bali gali and other streets. | I Call | 2172428.00 | 16293.00 | 5000.00 | 03 months | 28/04/2025 |
| 9 | 2269 | 2025_UAD_412008_1 | Construction Work of CC Road at Ward no 39 Teelakhedi New basti Vidisha. | I Call | 547580.00 | 5476.00 | 2000.00 | 03 months | 14/04/2025 |

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेबसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, विदिशा

वकील ने हाईकोर्ट जज से किया आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल

# कोर्ट में 4 घंटे से चल रहा तमाशा सीएम मोहन यादव से बताऊंगा



## जज ने मामला चीफ जस्टिस के पास भेजा

हरिभूमि जबलपुर।

बुधवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की मुख्यपीठ में एक वकील के न्यायपालिका की गरिमा के खिलाफ टिप्पणी करने का मामला सामने आया। वकील ने कहा कि कोर्ट में 4 घण्टे से तमाशा चल रहा है। मुख्यमंत्री को बताने की बात कही। कोर्ट ने वकील की सारी बातों को गंभीरता से लेते हुए इसे न्यायपालिका की अवमानना माना। जस्टिस अनुराधा शुक्ला की एकलपीठ ने उचित कार्रवाई के लिए मामला चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत के पास भेज दिया।

### यह है मामला

पांढर्णा में हुई एक मारपीट की घटना को लेकर हाईकोर्ट में अपील दायर की गई थी। इस केस में पूर्व में दिए गए आदेश के खिलाफ क्रिमिनल रिवीजन अपील दायर की गई थी। जिसकी सुनवाई जस्टिस अनुराधा शुक्ला की एकल पीठ के समक्ष हो रही थी। सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता के वकील ने आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया, तब कोर्ट ने गम्भीरता दर्शाई।

### यह कहा अधिवक्ता ने

सुनवाई के दौरान, अपीलकर्ताओं के अधिवक्ता पीसी पालीवाल ने कोर्ट से कहा, "इस कोर्ट में 4 घंटे से तमाशा चल रहा है, मैं बैठा देख रहा हूं। हाईकोर्ट के जज दूसरी जगह जाकर कहते हैं कि नए जज का अपॉइंटमेंट करो, लेकिन जजेस का हाल तो देखो। जो दिल्ली में हुआ, वह भी देखा जाए। यहां पेंडेंसी बढ़ रही है और हमें परेशान किया जा रहा है। मैं आज शाम को जाकर मोहन यादव को बोलता हूं।"

इसके अलावा, वकील ने यह भी कहा कि उन्होंने लगभग 20 बार संपर्क कर आग्रह किया कि यह मामला किसी अन्य पीठ को स्थानांतरित कर दिया जाए, क्योंकि वह वर्तमान पीठ के समक्ष बहस नहीं करना चाहते। इसी टिप्पणी को कोर्ट ने गम्भीरता से लिया।

### कोर्ट ने जताई तीखी प्रतिक्रिया

जस्टिस शुक्ला की बेंच ने अधिवक्ता की उक्त टिप्पणियों को न्यायपालिका की अवमानना माना । कोर्ट ने कहा कि अधिवक्ता के बयान की रोशनी में स्पष्ट है कि उन्होंने इस कोर्ट के खिलाफ शर्मनाक व अवमाननाजनक टिप्पणी की है। इसलिए, इस आदेश की प्रमाणित प्रति मुख्य न्यायाधीश को अवलोकन व आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जाए। साथ ही मामले की सुनवाई भी स्थगित कर दी गई।





फायर बिग्रेड ने जल्द पाया आग पर काबू

# सिद्ध नगर पहाड़ी पर भड़की आग

**जबलपुर।** गर्मी आते ही अग्नि दुर्घटनाएं शुरु हो गई। हर साल गर्मी में नयागांव रामपुर की पहाड़ी, डुमना के जंगल और अन्य पहाड़ी क्षेत्रों में अग्नि दुर्घटनाएं होती रही। गत रात्रि गढ़ा थाना क्षेत्र में सिद्ध नगर की पहाड़ियों में आग लगने की घटना सामने आई। घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम फायर बिग्रेड की टीम तत्काल पहुंची और आग पर काबू पाया, जिससे आग फैल नहीं पाई। नगर निगम दमकल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह इलाका पहाड़ी क्षेत्र में आता है, जहां गर्मी के मौसम में सूखी पत्तियां और घास तेजी से आग पकड़ लेती हैं। गर्मी के मौसम में जबलपुर सहित कई क्षेत्रों में जंगलों और खुले स्थानों पर आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस मौसम में शुष्क पत्तियों और तेज़ गर्मी के कारण आग तेजी से फैलती है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच सकता है। प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे सूखी पत्तियों या कचरे को खुले में न जलाएं और किसी भी आगजनी की घटना की तुरंत सूचना दें।

## कुलगुरु की नियुक्ति को चुनौती पर जवाब तलब, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विवि का मामला

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल में कुलगुरु की हाल ही में हुई नियुक्ति की वैधता को चुनौती के मामले में जवाब-तलब कर लिया है। जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई की। याचिकाकर्ता राजधानी भोपाल निवासी डा. आशुतोष मिश्रा ने माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल में कुलगुरु के रूप में विजय मनोहर तिवारी की नियुक्ति पर सवाल खड़ा किया है। उनका आरोप है कि यह नियुक्ति में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, यूजीसी के नियमों का उल्लंघन हुआ है। कुलगुरु की चयन प्रक्रिया यूजीसी के दिशा-निर्देश-2018 के अनुरूप नहीं की गई। इस तरह साफ है कि नियुक्तिकर्ताओं ने जानबूझकर अनिवार्य विहित प्रविधानों की अनदेखी की है। कुलगुरु के पद पर नियुक्त तिवारी यूजीसी के आवश्यक पात्रता मानदंडों की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। इसके बावजूद उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे दी गई। लिहाजा, अवैध नियुक्ति निरस्त करने का आदेश पारित किया जाए।

## चैत्र नवरात्रि पर मैहर स्टेशन में रेलवे ने की अनेक व्यवस्थाएं

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल में चेत्र नवरात्रि पर्व पर रेल यात्रियों की सुविधायो के लिए मंडल द्वारा विशेष प्रबंध किये गए है। इस संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ मधुर वर्मा ने बताया कि जबलपुर सहित महाकौशल क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के मैहर स्टेशन आने-जाने को देखते हुए 15 जोड़ी यात्री गाडियों का मैहर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है इसके साथ ही मैहर में अतिरिक्त टिकिट काउंटर एवं एटीवीएम के साथ ही स्वच्छता, पेय जल, खाद्य सामग्री पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । रेल प्रशासन द्वारा इस वर्ष नवरात्रि के अवसर पर 15 जोड़ी ट्रेनों को मैहर स्टेशन पर 30 मार्च से 12 अप्रैल 2025 तक 5 मिनट का अस्थाई हाल्ट प्रदान किया गया है। जिससे कि इन गाड़ियों से आने जाने वाले यात्रियों को मैहर पहुंचने में किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही मैहर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में विस्तार के साथ ही साफ सफाई, खान-पान एवं यात्रियों के आराम के लिए पेयजल शेड आदि की व्यवस्थाओं के अतिरिक्त उनके स्वास्थ्य की देखभाल के लिए रेलवे की सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड द्वारा भी कैम्प लगाकर प्राथमिक उपचार प्रतिदिन प्रदान किया जाएगा।

## पीएचडी छात्रा के साथ दुष्कर्म

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में रहकर मैकेनिकल में पीएचडी कर रही छात्रा के साथ नैनीताल में रेप हुआ। जिसकी शिकायत छात्रा ने खमरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, पुलिस ने जीरो पर कायमी कर केस डायरी लखनऊ पीजीआई कोतवाली पुलिस को भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक साल 2022 में इंस्टाग्राम में छात्रा की दोस्ती सुल्तानपुर के अभिनव श्रीवास्तव से हुई। एक बार छात्रा जब कहीं जा रही थी तो उसकी ट्रेन छूट गयी, उसने अभिनव से मदद मांगी।



अभिनव ने उसकी मदद की। इसके बाद मित्रता और प्रगाढ़ हो गयी। कुछ समय बाद अभिनव ने अपने किसी दोस्त और उसकी पत्नि के साथ नैनीताल जाने का प्लान बनाया, लेकिन छात्रा ने इंकार कर दिया। अभिनव ने बहुत जोर दिया तो छात्रा तैयार हो गयी और ट्रिप पर चली गयी। ट्रिप के लिए सभी टिकट अभिनव ने बुक कीं। छात्रा जब लखनऊ पहुंची, तब अभिनव उसे स्टेशन से पीजीआई स्थित हिमालय इन्क्लेव अपार्टमेंट ले गया। वहां उसने फ्लैट का दरवाजा बंद कर दुष्कर्म किया। जब पीड़िता रोने लगी, तो आरोपी ने शादी का वादा किया। इसके बाद चारों नैनीताल पहुंचे। वहां अभिनव ने अपने दोस्त और उसकी पत्नी के बीच झगड़े का बहाना बनाकर छात्रा को अपने होटल रूम में रुकने के लिए मजबूर किया। वहां भी उसने पीड़िता के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। बाद में शादी करने से मना कर दिया।

पारे की उछाल से गर्मी के तेवर तीखे

# हर रोज एक पायदान ऊपर चढ़ रहा पारा

**जबलपुर।** पश्चिमी हवाओं के प्रभावी होने के साथ ही गर्मी अपना प्रचण्ड रूप दिखाने लगी है। तापमान हर रोज एक-एक पायदान ऊपर चढ़ रहा है। फिलहाल दिन में धूप तेज लगने लगी है। अभी रात का तापमान औसत से नीचे चल रहा है , लिहाजा रात में हल्की ठंडक बनी हुई है। हवा में नमी घटने से मौसम शुष्क होता जा रहा है, पश्चिमी हवाएं गर्माहट दे रही हैं। दक्षिणी छत्तीसगढ़ के ऊपर ऊपरी हवाओं का चक्रवात बन गया है, जिससे बादल आ सकते हैं। लेकिन गर्मी में कोई राहत नहीं होगी। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर में मौसम शुष्क होने के कारण तापमान में वृद्धि हुई है। अगले 24 घंटों के दौरान हल्के बादल आ सकते हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, न्यूनतम तापमान 16.09 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 39 प्रतिशत और सायंकाल 44 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.06 बजे और सूर्यास्त शाम 6.24 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 40 डिग्री तापमान रतलाम एवं प्रदेश का सबसे कम 12.4 डिग्री तापमान पचमढी जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जिले में उत्तरी हवायें 4 से 5 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।



## लोन दिलाने का झांसा देकर ढाई लाख हड़पे

**जबलपुर।** गौरीघाट थानान्तर्गत पीपी कालोनी में एक जालसाज ने लोन विभाग का अधिकारी बनकर एक व्यक्ति को लोन दिलाने काझांसा देकर उससे ढाई लाख रूपए हड़प लिए पुलिस ने आरोपी जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। ग्वारीघाट पुलिस ने बताया कि पी पी कालोनी निवासी शुभम राव को किसी काम के लिए लोन की जरूरत थी शुभम ने सुमित पाण्डे से सम्पर्क किया। जिसने अपने आपको सरकारी विभाग में डीएसए बताकर लोन निकल वाने की बात कहकर शुभम से ढाई लाख रूपये की मांग की। शुभम राव ने सुमित पाण्डे के झांसे में आकर उसे ढाई लाख रूपए अलग-अलग तिथियों में बैंक के माध्यम से उसके खाते में ट्रांसफर कर दिए। शुभम ने गत 220जनवरी को सुमित के खाते में जहां 40 हजार रूपए आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर किये वहीं 24 जनवरी को दूसरे ट्रांस्जेक शन में 2 लाख 10 हजार रूपए ट्रांसफर कर दिए। इसतरह कुल ढाई लाख रूपए भारी भरकम रकम देने के बाद भी जब शुभम को लोन नहीं मिला तो उसने जालसाज सुमित पाण्डे से फोन पर सम्पर्क किया लेकिन सुमित ने उसका फोन काट दिया। इसतरह शुभम को इस बात का एहसास हुआ कि उसके साथ ढाई लाख रूपए की धोखाधड़ी हुई है। शुभम राव की शिकायत पर आरोपी सुमित पाण्डे के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# 12-12 ट्रिप चलाई जाएगी साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** यात्रियों की सुविधा हेतु समर में भीड़ को कम करने के लिए रेल प्रशासन द्वारा रीवा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-रीवा के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 12-12 फेरे चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के रीवा स्टेशन से प्रारम्भ/टर्मिनेट होकर सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर गंतव्य को जायेगी। स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे।



गाड़ी संख्या 02187 रीवा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार दिनाँक 10 अप्रैल एवं 26 जून 2025 तक रीवा स्टेशन से दोपहर 15:50 बजे प्रारम्भ होकर सतना 16:55 बजे, मैहर 17:25 बजे, कटनी 18:05 बजे, *जबलपुर 19:40 बजे, नरसिंहपुर 20:48 बजे, गाडरवारा 21:18 बजे, पिपरिया 21:53 बजे, इटारसी 23:20 बजे और अगले दिन हरदा मध्य रात्रि 00:22 बजे पहुँचकर, भुसावल भोर 04:00 बजे होते हुए और शुक्रवार दोपहर 12:20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुँचेगी ।

गाड़ी संख्या 02188 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रीवा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार दिनाँक 11 अप्रैल एवं 27 जून 2025 तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से दोपहर 13:30 बजे प्रारम्भ होकर भुसावल रात 20:20 बजे पहुँचकर अगले दिन हरदा मध्य रात्रि 00:03 बजे, इटारसी 01:15 बजे, पिपरिया 02:13 बजे, गाडरवारा 02:48 बजे, नरसिंहपुर 03:23 बजे, *जबलपुर भोर प्रातः 04:55 बजे, कटनी 06:10 बजे, मैहर 07:03 बजे, सतना 07:40 बजे और शनिवार को सुबह 09:45 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी।

### ठहराव

यह गाड़ी रास्ते में दोनों तरफ सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खण्डवा, भुसावल, मनमाड़, नासिक रोड, कल्याण एवं दादर स्टेशनों पर रुकेगी।

## अयोध्या कैंट स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि में विस्तार

रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन समर में यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली, जो वर्तमान में चल रही जबलपुर-अयोध्या कैंट-जबलपुर के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि बढाने का निर्णय लिया है। जिसके अनुसार गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर-अयोध्या कैंट स्पेशल दिनांक 25 जून 2025 तक एवं गाड़ी संख्या 01702 अयोध्या कैंट-जबलपुर स्पेशल दिनांक 26 जून 2025 तक* गन्तव्य के लिए अपने निर्धारित दिन एवं समय-सारणी के अनुसार चलती रहेगी।

गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर-अयोध्या कैंट साप्ताहिक (बुधवार) स्पेशल ट्रेन दिनांक 26.03.2025 तक चलने वाली ट्रेन को 25 जून 2025 तक बढ़ा दिया गया है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01702 अयोध्या कैंट-जबलपुर साप्ताहिक (गुरुवार) स्पेशल ट्रेन दिनांक 27.03.2025 तक चलने वाली ट्रेन को 26 जून 2025 तक बढ़ा दिया गया है। इस बढ़ी अवधि का लाभ पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर एवं सतना के स्टेशनों को भी मिलेगा। अयोध्या स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे।

### इतवारी-रीवा एक्सप्रेस निरस्त

रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मण्डल पर ब्रिजों के अनुरक्षण कार्य वर्तमान में भी प्रगति पर है जिसके चलते यहाँ से गुजरने वाली कुछ गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन निरस्त रहेगी। जिसकी विस्तृत जानकारी निम्न है। गाड़ी संख्या 11756 रीवा से नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन रीवा से दिनाँक 01 अप्रैल से 30 मई 2025 तक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 11755 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से रीवा एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से दिनाँक 02 अप्रैल से 31 मई 2025 तक निरस्त रहेगी ।

*हाईकोर्ट ने नगरीय प्रशासन विभाग को शिकायत पर चार सप्ताह में फैसला लेने को कहा*

## भोपाल नगर निगम के दैवेभो को कैसे दे रहे नियमित कर्मी का वेतन

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल नगर निगम में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी को नियमित कर्मी का वेतनमान दिए जाने के मामले पर गम्भीरता दर्शाई। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने नगरीय प्रशासन विभाग को निर्देश दिए कि इस मामले में याचिकाकर्ता की शिकायत पर 4 सप्ताह के अंदर विधि अनुसार निर्णय ले लिया जाए। फैसला लेने के एक सप्ताह के अंदर इसकी सूचना याचिकाकर्ता को दी जाए। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को स्वतंत्रता दी है कि इसके बाद भी अंसतुष्ट रहने पर उचित फोरम की शरण ली जा सकती है।



भोपाल नगर निगम की पार्षद साबिस्ता आसिफ जकी की ओर से याचिका दायर की गई। अधिवक्ता मौसूफ़ अहमद बिट्टू व सौरभ शर्मा ने कोर्ट को बताया कि 1 जुलाई 1997 में भोपाल नगर निगम में कमर साकिब की दैवेभो के रूप में नियुक्ति हुई। 19 मई 2000 को उसके नियमितीकरण आदेश जारी किए गए, लेकिन सरकार ने अपनी नीति के चलते 28 जून 2000 को यह आदेश वापस ले लिया। इसके बावजूद मिलीभगत के चलते कमर साकिब को अभी तक नियमित कर्मी का वेतनमान दिया जाता रहा है। यहां तक कि उसे नगर निगम में अतिक्रमण अधिकारी का प्रभार देकर तमाम सुविधाएं भी दी गईं। याचिकाकर्ता ने इसके खिलाफ शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नही की जा रही है। तर्क दिया गया कि इस तरह से कमर साकिब को सरकारी धन से लाखों रु अतिरिक्त वेतन का भुगतान किया जा चुका है। इसकी भी वसूली की जानी चाहिए।

सुनवाई के बाद कोर्ट ने नगरीय प्रशासन विभाग को याचिकाकर्ता के लंबित अभ्यावेदन का 4 सप्ताह में विधि अनुसार निराकरण कर उसे अवगत कराने के निर्देश दिये।

### कुत्ते की पिटाई करने वाले पर दर्ज हुई एफआईआर

**जबलपुर।** माढोताल थाना अंतर्गत धनश्री रेसीडेन्सी में पालतू कुत्ते की पिटाई करने वाले रहवासी के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक अजय कुमार वर्मा निवासी धनश्री रेसीडेन्सी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पालतू कुत्ता जिसका नाम (गब्बर) 8 वर्ष है अचानक से कराहने की आवाज से चिल्लाने लगा तो मै दौडक़र बाहर जाकर देखा तो धनश्री अपार्टमेन्ट मे फ्लैट नं 304 ए ब्लाक मे रहने वाले देवेश कुमार मेहरा लाठी से कुत्ते को बेरहमी से मार रहे थे और कहने लगा तेरे कुत्ते को मार डालूंगा इस पूरी रेसीडेन्सी मे एक भी कुत्ते को नही रहने दूंगा। यह पूरा घटनाक्रम सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गया था। पुलिस ने फुटेज के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।



# पुस्तक मेला में आकर्षण का केन्द्र बना बुक बैंक स्टॉल

हरिभूमि जबलपुर।

जिला प्रशासन द्वारा शहीद स्मारक गोल बाजार में लगाये गये पुस्तक मेले में बुक बैंक का स्टॉल विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए मददगार सिद्ध हो रहा है। बुक बैंक के इस स्टॉल में विद्यार्थी अपनी पुरानी पुस्तकें दान कर सकते हैं। शिक्षा विभाग द्वारा लगाये गये इस स्टॉल पर विद्यार्थियों को एनसीईआरटी की पहली से पांचवी तक की पुस्तकों का सेट 50 रुपए, कक्षा छठवीं से आठवीं तक की पुस्तकों का सेट 100 रूपए, कक्षा नौवीं एवं दसवीं की पुस्तकों का सेट 150 रुपए तथा कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं की पुस्तकों का सेट 200 रूपए में उपलब्ध कराया जा रहा है। विद्यार्थियों द्वारा दी जाने वाली यह राशि जिला रेडक्रॉस सोसायटी के खाते में जमा की जायेगी। बुक बैंक के व्यवस्थित संचालन के लिए सभी विद्यालयों एवं नागरिकों से पुरानी पुस्तकों का संकलन किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति या विद्यार्थी इस स्टॉल पर अपनी पिछली कक्षा या पुरानी किताबें दान कर सकता है।

### खरीदी पर मिल रहा डिस्काउंट

रियायती दरों पर किताबें, यूनिफॉर्म एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री मुहैया कराने के उद्देश्य से शिक्षण-सत्र आरंभ होने के पहले आयोजित किये गये बारह दिन के इस पुस्तक मेले में पहले दिन अभिभावकों और बच्चों का तांता लगा रहा। इस दौरान गढ़ा गंगानगर निवासी कक्षा ग्यारहवीं के छात्र शुभांश खरे ने बताया कि मेले में प्रतिस्पर्धी दरों पर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध हैं। साथ ही एक जगह पर किताबों के साथ-साथ यूनिफॉर्म एवं स्कूल बैग की उपलब्धता के बाजार में व्यर्थ होने वाले समय की बचत भी हो रही है। शुभांश ने मेले में जरूरतमंद बच्चों के लिए लगाए गए बुक बैंक के स्टॉल की भी जमकर सराहना की। पुस्तक मेला में अपने बच्चे के लिए किताबें खरीदने आए रांझी निवास साहब सिंह ने लगातार दूसरे वर्ष पुस्तक मेले का आयोजन को जिला प्रशासन की सराहनीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि पहले बाजार में चुनिंदा दुकानों से पाठ्य पुस्तकें खरीदनी पड़ती थी लेकिन यहां एक ही प्रांगण में पुस्तकों के विभिन्न स्टालों की उपलब्धता है। पुस्तक मेला में व्यापारियों के बीच परस्पर प्रतिस्पर्धा होने के कारण अभिभावकों को डिस्काउंट भी अच्छा खासा मिल रहा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240